

मूल्य : 5/-
24 फरवरी से 2 मार्च, 2025
वर्ष - 3, अंक - 45

# शौर्य न्यूज इंडिया

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक

सोच वही, ऊर्जा नई...



पेज 5
अब हिना खान का स्टेज 3 कैंसर..

www.shauryanewsindia.co.in

पेज 5
जब श्रद्धा व राहुल दिखे साथ...

बनारस, चंदौली, आजमगढ़, जौनपुर, मीरजापुर, सोनभद्र, सिंगरौली, राजगढ़, भदोही, बलिया, मऊ, प्रयागराज, देवरिया, मथुरा, अयोध्या, आगरा, महोबा, बांदा, मुरादाबाद, बहराइच और गोरखपुर से प्रसारित


## वाराणसी में ट्रक से भिड़ा क्रूजर, छह लोगों की हुई मौत

### कोहराम : कर्नाटक के रहने वाले थे दुर्घटना के शिकार, वाहन में फंसे हुए थे शव, चालक को झपकी आने का संदेह

वाराणसी। वाराणसी-प्रयागराज हाईवे पर शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। मिर्जामुराद थाना क्षेत्र में खड़े ट्रक से एक क्रूजर वाहन की टक्कर हो गई, जिसमें पति-पत्नी समेत छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। घटना के बाद हाईवे पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

क्रूजर में सवार सभी श्रद्धालु कर्नाटक से महाकुंभ में शामिल होकर लौट रहे थे। हादसा इतना भीषण था कि वाहन बेतरह क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि एक महिला सुनीता का सिर कटकर दूर



जा गिरा। हादसे की सूचना मिलते ही डीसीपी गोमती जोन समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को तुरंत अस्पताल भेजा गया, जबकि पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। यह घटना हाईवे पर खड़े वाहनों से होने वाले खतरों की ओर ध्यान खींचती है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है कि आखिर ट्रक हाईवे पर लापरवाही से क्यों खड़ा था और दुर्घटना कैसे हुई।



## कुंभ से वापसी में हादसे, दो परिवारों के 10 लोगों की मौत

आरा/पूर्णिया। कुंभ से लौटते समय दो अलग-अलग हादसों में 10 लोगों की जान चली गई। आरा में शुक्रवार सुबह आरा-मोहनिया नेशनल हाईवे पर पेट्रोल पंप के पास घटना हुई। प्रयागराज में स्नान कर आरा लौट रहे श्रद्धालुओं की कार ने खड़े ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में सभी कार सवार 6 लोगों की जान चली गई। मृतकों में 4 महिलाएं और 2 पुरुष हैं। पटना के जक्कनपुर स्थित सुदामा कालोनी निवासी संजय कुमार, करुणा देवी, लाल बाबू सिंह, प्रियम कुमारी हैं। इसके अलावा पटना के कुम्हरार निवासी आशा किरण, जूही रानी हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी मृतकों को बाहर निकाला। मारे गए लोग एक ही परिवार के थे।

परिवार पटना के जक्कनपुर का रहने वाला है। मृतकों के परिजनों ने बताया कि सभी लोग कल महाकुंभ स्नान के लिए प्रयागराज गए थे। शुक्रवार सुबह झपकी लगने से कार ट्रक से टकरा गई। रिपोर्ट के अनुसार मृतक संजय के भाई ने बताया कि कार से पति-पत्नी बेटा, भतीजी समेत 6 लोग सवार होकर प्रयागराज महाकुंभ में त्रिवेणी स्नान के लिए गए थे। प्रयागराज से लौटते समय संजय कुमार के बेटे लाल बाबू गाड़ी चला रहे थे इस दौरान शुक्रवार लाल बाबू को नींद की झपकी आ गई। इससे गाड़ी सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। मृतक के भाई ने बताया कि जाते वक्त भी लाल बाबू को नींद आई थी। पूर्णिया में सांसद पप्पू यादव की रिश्तेदार डॉ. सोनी कुमारी यादव सहित चार की लोगों की सड़क हादसे में मौत हो गई। सभी लोग कुंभ नहाकर प्रयागराज से पूर्णिया लौट रहे थे। वाराणसी-गोरखपुर फोरलेन हाईवे पर बिरनो थाना क्षेत्र के मिजार्पुर के पास इनकी बेलेनो ट्रक में घुस गई। हादस इतना भीषण था कि चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक की हालत गंभीर है।

मरने वालों डॉ. सोनी कुमारी यादव की बुआ, एक क्लिनिक सहायक, एमआर और ड्राइवर सलाउद्दीन शामिल है। एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय पुलिस द्वारा महर्षि विश्वामित्र मेडिकल कॉलेज गाजीपुर में भर्ती कराया गया है। इधर, हादसे की सूचना मिलते ही अररिया और पूर्णिया स्थित रिस्तेदारो को मिलने के बाद सभी गाजीपुर रवाना हो गए है। डॉ सोनी कुमारी यादव पूर्णिया के प्रसिद्ध डॉक्टर मुकेश यादव की पत्नी है। दोनों पति-पत्नी पूर्णिया के लाइन बाजार में दुर्गा नर्सिंग होम चलाते थे।



### विंध्याचल मंदिर में आग से अफरातफरी

मिर्जापुर। महाकुंभ के बाद अब पड़ोसी जिले मिजार्पुर के विश्व विख्यात शक्तिपीठ विंध्याचल की विंध्यवासिनी मंदिर में आग धधकी है। मां विंध्यवासिनी मंदिर के छत पर लगी रेलिंग में मनौती के लिए श्रद्धालुओं की तरफ से बांधे गए कलावा और चुनरी में शुक्रवार को अचानक आग लग गई। इससे श्रद्धालुओ में अफरातफरी मच गई। मौके पर मौजूद पुलिस और अन्य लोगों ने अग्निशमन यंत्र की मदद से फिलहाल कुछ देर में ही आग पर काबू पा लिया। इससे बड़ा हादसा टल गया है। माना जा रहा है कि वहां लगी अगरबत्ती से किसी चुनरी में आग लगी। इन दिनों विंध्याचल मंदिर में भी महाकुंभ का प्रलट प्रवाह देखने को मिल रहा है। प्रयागराज आ रहे देश दुनिया के लोग मां विंध्यवासिनी का आशीर्वाद लेने विंध्याचल भी बड़ी संख्या में आ रहे हैं। मां विन्ध्यवासिनी मंदिर की छत पर लगे लोहे की रेलिंग में श्रद्धालू मनौती के लिए कलावा और चुनरी बांधते हैं। पूरे रेलिंग में हजारों की संख्या में चुनरी व कलावा बंधा हुआ है। शुक्रवार की दोपहर अचानक इन चुनरी और कलावा में आग की लपटे उठने लगीं। यह देख श्रद्धालुओं में अफरातफरी मच गई। मौके पर शोरगुल होने लगा। पुलिस को सूचना देने के साथ ही आग को भड़कने से रोकने के लिए अगल बगल के कलेवा और चुनरियों को निकालना और आग से प्रभावित हिस्से से दूर करना शुरू कर दिया गया। कुछ लोग बाल्टी और जो कुछ भी मिला उसी में पानी लेकर डालने भी लगे। इस बीच सूचना मिलते ही मौक पर पहुंचे धाम सुरक्षा प्रभारी और मन्दिर ड्यूटी में तैनात इंस्पेक्टर अरविंद मिश्रा ने अग्निशमन यंत्र और पानी की मदद से कुछ देर में ही आग पर काबू पा लिया। धाम सुरक्षा प्रभारी राजेश मिश्रा ने बताया कि रेलिंग में श्रद्धालुओं ने मन्नत के लिए चुनरी व कलावा बांधा गया था। किसी श्रद्धालु ने अगरबत्ती जला दिया। इससे रेलिंग में आग लग गई। पहुंच कर आग पर काबू पा लिया गया।

## राहुल बोले- ...पूछें कि रोजगार कब पैदा होंगे

रायबरेली। कांग्रेस नेता एवं रायबरेली सांसद राहुल गांधी ने बीजेपी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि यूपी की सरकार विफल सरकार है। इसे हटाया जाना चाहिए। केंद्र स्कूल, कॉलेजों का निजीकरण कर रही है। यह सरकार नौकरियां देने में सक्षम नहीं है। साथ ही उन्होंने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 के लिए अभी जुट जाने के लिए कहा। गौतम अडाणी को लेकर राहुल गांधी ने कहा कि मोदी जी अमेरिका जाकर कहते हैं कि मेरा पर्सनल मैटर है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि दो हिन्दुस्तान है।

एक अडाणी, अंबानी और एक गरीबों का हिन्दुस्तान है। राहुल गांधी ने लोगों से कहा कि आपने जो शादी देखी, वो उनका नहीं आपका पैसा है। दो हिन्दुस्तान नहीं चाहिए। डरना नहीं चाहिए और आपको सवाल पूछना चाहिए। राहुल गांधी ने कहा कि रोजगार और बेरोजगारी पर सवाल पूछें। पूछें कि रोजगार कब पैदा होंगे, बेरोजगारी कब खत्म होगी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी दो दिवसीय दौरे पर रायबरेली पहुंचे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया फेसबुक पर एक पोस्ट किया और लिखा, रायबरेली की मोहब्बत और मिठास का कोई मुकाबला नहीं। राहुल गांधी ने युवा संवाद के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। रायबरेली में कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुनील कुमार गौतम ने कहा कि समुदाय का 12 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल सुबह गांधी से उनके भुएमऊ स्थित आवास पर मिला।












## सुप्रीम कोर्ट ने अब्बास अंसारी मामले में आदेश वापस लिया

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अपना आदेश वापस ले लिया, जिसमें पुलिस से गैंगस्टर एक्ट के तहत एक मामले में विधायक अब्बास अंसारी के खिलाफ जांच 10 दिनों के भीतर पूरी करने को कहा गया था। कोर्ट ने इसकी बजाय यह जानना चाहा कि क्या उनके खिलाफ कोई जांच लंबित है? जस्टिस सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 6 मार्च को तय की। आदेश वापस लेने का वाकया तब हुआ, जब अब्बास अंसारी की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि जांच पूरी हो चुकी है और यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज मामले में आरोपपत्र दाखिल किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि राज्य ने मामले में गलत हलफनामा दाखिल किया है और अब्बास अंसारी के खिलाफ कुछ भी लंबित नहीं है। यूपी सरकार की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज ने कहा कि उन्हें मामले पर और स्पष्टीकरण की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश पुलिस को गैंगस्टर अधिनियम के तहत विधायक अब्बास अंसारी के खिलाफ एक मामले में 10 दिनों के अंदर जांच पूरी करने का निर्देश दिया था। पीठ ने कहा था कि मामले की जांच पूरी होने के बाद वह अंसारी की जमानत याचिका पर विचार करेगी। दरअसल, अब्बास अंसारी ने मुठभेड़ के डर से 31 जनवरी को गैंगस्टर अधिनियम के तहत एक मामले में अधीनस्थ अदालत की कार्यवाही में डिजिटल माध्यम से पेश होने की मांग की थी।

## पूर्व विधायक पर जुर्माना लगाया

### धमकी मामले में विजय मिश्रा को सुनाई दो साल की सजा

भदोही। भदोही की ज्ञानपुर सीट से पूर्व विधायक विजय मिश्र उनके भतीजे और डीघ ब्लाक प्रमुख मनीष मिश्रा समेत छह लोगों को अदालत ने धमकी के मामले में दो साल की सजा सुनाई है। विजय मिश्रा समेत अन्य पर पूर्व सांसद गोरखनाथ पांडेय के भतीजे को जान से मारने की धमकी का आरोप है। इसी मामले में शुक्रवार को एसीजे (एमपी/एमएलए) कोर्ट भदोही ने अपना फैसला सुनाया। इन लोगों पर 10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। विजय मिश्रा पर इससे पहले रेप के मामले में भी सजा सुनाई जा चुकी है। एसपी अभिमन्यु मांगलिक के अनुसार कोइरौना थाना क्षेत्र के बेरवां पहाड़पुर गांव निवासी राम लोलारख के बेटे राम कृष्ण पांडेय ने 10 जून 2002 को ज्ञानपुर कोतवाली में तहरीर देते हुए विजय मिश्रा पर धमकी का आरोप लगाया था। विजय मिश्र के साथ भतीजों एवं रिश्तेदारों पर जान से मारने की धमकी के आरोप में केस दर्ज कराया था। पुलिस ने तहरीर के बाद संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया था। सात जुलाई 2002 को आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल किया गया था। जिस पर 12 फरवरी



2021 को कोर्ट में आरोप पत्र स्वीकृत हुआ था। लंबी सुनवाई के बाद अब शुक्रवार को एसीजे (एमपी/ एमएलए) कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है।कोर्ट ने विजय मिश्र, भतीजे मनीष मिश्र, मनोज कुमार मिश्र, गुलाब शंकर मिश्र निवासी खपटिहां, हंडिया, प्रयागराज एवं रिश्तेदारों कृष्ण मोहन तिवारी निवासी धनापुर, गोपीगंज, आद्या प्रसाद तिवारी निवासी गुदरीपुर, गोपीगंज को धारा 506 भादवि में दो वर्ष का कारावास और 10-10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। विजय मिश्रा पर यूपी में योगी सरकार बनने के बाद से लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। पड़ोसी रिश्तेदार को धमकी के मामले में केस के बाद वह फरार हुए तो पुलिस मध्यप्रदेश से उन्हें खींच लाई और तभी से जेल में हैं। जेल जाने के बाद लगातार केस दर्ज होते रहे। विजय मिश्रा के पुराने अपराध भी सामने आते रहे।

## 'यूएस फंडिंग' पर उठा सियासी तूफान, जताई चिंता

नई दिल्ली। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय चुनाव में अमेरिकी फंडिंग को लेकर बयान दिया है। इसे लेकर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमें अमेरिकी प्रशासन द्वारा कुछ यूएस गतिविधियों और फंडिंग के बारे में जानकारी दी गई। यह बेहद परेशान करने वाली है। भारत के आंतरिक मामलों में विदेशी दखल चिंताजनक है।



उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग और एजेंसियां इस मामले की जांच कर रही हैं। इस समय सार्वजनिक टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी। अधिकारी इस पर गौर कर रहे हैं और उम्मीद है कि हम बाद में इस पर अपडेट दे पाएंगे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि हमें भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 2.1 करोड़ डॉलर देने की क्या जरूरत है? मुझे लगता है कि वे (बाइडन सरकार) चाहते थे कि चुनाव में किसी और को चुना जाए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इस बारे में कि क्या एसएएआरसी पर चर्चा हुई या नहीं। जब विदेश मंत्री ने मस्कट में बांग्लादेश के विदेश सलाहकार से मुलाकात की थी, तब यह मामला बांग्लादेश की ओर से विदेश मामलों की बैठक में उठाया गया था। दक्षिण एशिया में हर कोई जानता है कि कौन सा देश और कौन सी गतिविधियां एसएएआरसी को बाधित करने के लिए जिम्मेदार हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि बांग्लादेश को आतंकवाद को सामान्य नहीं बनाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि भारत और चीन के विदेश मंत्रियों ने नवंबर में हुई पिछली बैठक के बाद से द्विपक्षीय संबंधों में हुए विकास की समीक्षा की। विशेष रूप से सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और सौहार्द के प्रबंधन, कैलाश मानसरोवर यात्रा, उड़ान संपर्क और यात्रा सुविधाओं पर चर्चा की गई। रूस-यूक्रेन संबंध को लेकर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि विदेश मंत्री ने जोहान्सबर्ग में जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान रूस के विदेश मंत्री के साथ बैठक की। उन्होंने स्वाभाविक रूप से भारत-रूस द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं पर चर्चा की और उन्होंने यूक्रेन संघर्ष से संबंधित हाल के घटनाक्रमों पर भी चर्चा की। पांचवी पीढ़ी के लड़ाकू विमान अधिग्रहण पर उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका के संयुक्त बयान में उल्लेख किया गया है कि अमेरिकी पक्ष भारत को पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान जारी करने की अपनी नीति की समीक्षा कर रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप ने भी प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एफ-35 विमान का जिक्र किया था। हमारी ओर से अभी तक पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान के लिए कोई औपचारिक अधिग्रहण प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है।ओडिशा के केआईआईटी में नेपाली छात्रा की मौत पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि नेपाली छात्रा की दुखद मौत से हम बहुत दुखी हैं। हम अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। भारत सरकार देश में सभी अंतरराष्ट्रीय छात्रों की सुरक्षा, संरक्षा और कल्याण को उच्च प्राथमिकता देती है। स्थिति के प्रकाश में आने के बाद से विदेश मंत्रालय ओडिशा सरकार और केआईआईटी अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में है। हमने नेपाली अधिकारियों के साथ भी निकट संपर्क बनाए रखा है। कश्मीर पर तुर्किये के राष्ट्रपति एर्दोगन की टिप्पणियों पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम भारत के लिए ऐसी आपत्तिजनक टिप्पणियों को खारिज करते हैं। हमने तुर्किये के राजदूत से कड़ा विरोध दर्ज कराया है। भारत की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता पर इस तरह के अनुचित बयान अस्वीकार हैं। जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है।

### मणिपुर के चार जिलों से 17 उग्रवादी गिरफ्तार

इंफाल। मणिपुर के चार जिलों से पिछले 24 घंटे में प्रतिबंधित संगठनों के 17 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिबंधित संगठन कांगलेई यावोल कन्ना लुप (केवाईकेएल) के 13 उग्रवादियों को बिष्णुपुर जिले के मोइरांग कियाम लेईकाई इलाके से गिरफ्तार किया है साथ उनके पास 27 कारतूस, तीन वॉकी-टॉकी सेट, सेना की वर्दी और अन्य सामान भी जब्त किए हैं। गिरफ्तार लोगों से पूछताछ के लिए इंफाल ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि प्रतिबंधित संगठन 'यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (पी) के एक उग्रवादी को गुरुवार को इंफाल पूर्वी जिले के नगारियान चिंग इलाके से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कहा कि गिरफ्तार किया व्यक्ति जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल था।

## बंगाल की स्थिति सुधारने पर दिया जोर

### काशी बंग समाज के सम्मेलन में राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार रहे मुख्य अतिथि

**संतोष अग्रहरि**

वाराणसी। काशी बंग समाज सम्मलेन का आयोजन सोमवार को ओंकार भवन, राजेन्द्र विहार कॉलोनी में सम्पन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री, भारत सरकार व पश्चिम बंगाल के प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष डॉ सुकान्त मजूमदार रहे, रामनगर औद्योगिक एसोसिएशन के अध्यक्ष देव भट्टाचार्य ने उनका स्वागत किया। सम्मेलन में बच्चो ने अपनी प्रतिभाओ को नृत्य व गायन के माध्यम से प्रदर्शित किया। इसी कड़ी में चंदन दास ने बताया कि वाराणसी में बंग समाज के लाखों लोग रहते है और विभिन्न विभिन्न नौकरी पेशे से जुड़े है और काशी में प्राचीन समय से वास करते है। एडवोकेट तरुण मुखर्जी ने कहा कि बंगाल के बाहर काशी में रहने वाले लोग पश्चिम बंगाल में निरंतर हो रहे सनातन विरोधी कार्यों व वक्तव्यों से बहुत दुखी है और जल्द बंगाल की स्थिति सुधारने पर जोर



दिया, इस कार्य मे काशी में रहने वाले लोगो का हमेशा सहयोग रहेगा। मंत्री सुकान्त मजूमदार ने कहा कि उनका काशी के जनता के साथ भावनात्मक लगाव है, और हर समय उनके हर दुख कष्ट में उनके साथ रहेंगेरामनगर औद्योगिक क्षेत्र के बारे में जान कर कहा की यहाँ के उधमियों के अच्छे कार्यो की चर्चा दिल्ली तक है। उन्होंने ये भी कहा कि पश्चिम बंगाल में बेरोजगारी उच्च स्तर पर है, वहाँ के लोग मात्र पाँच हजार की नौकरी के लिए परेशान रहते है। उन्होंने काशी के बंग समाज के लोगो का सहयोग मांगा जिससे 2026 के चुनाव में भाजपा की जीत हो सके, काशी के लोग जब वहाँ जाकर भाजपा के उत्तर प्रदेश की सरकार द्वारा किये जा रहे अच्छे कार्यो और विकास की बात करेंगे तो निश्चित तौर पर पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत होगी। कार्यक्रम में अजय राय, संजय लखवानी, जगनाथ घोष,शंकर बोस, अमर बनर्जी, प्रणब सामन्त, प्रणब लाहा, एनजी चैटर्जी, अमित सिकदर, ऋतुपर्णा, आदित्य, संजय बनर्जी, रजत रॉय, रिकू बनर्जी, शम्पा राय, प्रदीप बनर्जी आदि सैकड़ो की संख्या में रहे।

शौर्य न्यूज इंडिया
24 फरवरी से 2 मार्च, 2025

# शिक्षा ही बदल सकती है देश के युवाओं का भविष्यः हरिवंश

## शॉर्ट कट से जीवन में कुछ भी हासिल नहीं कर सकते, उप सभापति ने युवाओं से की स्टार्टप्स शुरू करने की अपील

बलिया। राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश ने कहा कि इक्कीसवीं सदी में युवाओं का भाग्य शिक्षा ही बदल सकती है। वह टीडी कालेज के मनोरंजन हाल में 'हरिवंश का सृजन-संसार' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं संवाद कार्यक्रम में बोल रहे थे। श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय और टाउन इंटर कालेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश ने सबसे पहले भृगु मुनि को नमन किया। कहा कि आज मैं जो कुछ भी हूं, इसमें बलिया की मिट्टी का योगदान है। इसका गौरवपूर्ण अतीत रहा है। यह ऋषियों, साधकों एवं क्रान्तिकारियों की धरती है। अपने बचपन को याद करते हुए कहा कि मैं जहां पैदा हुआ, वहां छह महीने तक बाढ़ का पानी रहता था। गरीब भाग्य से होते हैं, पर शिक्षा ने बीते तीस-चालीस सालों में लोगों का भाग्य बदला है। युवाओं से अपील करते हुए कहा कि शिक्षा ही भाग्य बदल सकती है। क्योंकि शिक्षा ने सारे पुराने गणित को पलट दिया है। उन्होंने उद्योगपति नारायण मूर्ति का उदाहरण देते हुए कहा कि किस तरह उन्होंने शिक्षा के बल पर नए प्रतिमान गढ़े। कहा कि शार्ट कट से सफलता पाना चाहते हैं तो आप जीवन में कुछ भी हासिल नहीं कर सकते। 2014 में मोदी के नेतत्व में टेक्नोलाजी में क्रान्तिकारी परिवर्तन हुए हैं। भारत दुनिया में मजबूत ताकत बन रहा है। यह पश्चिम दुनिया को सुहा नहीं रहा है। हमें सपेरे और जादूगरों का देश कहा जाता था। बावजूद इसके आज पूरी दुनिया भारत की तरफ उम्मीद की नजर से देख रही है। नए स्टार्टप्स का जिक्र करते हुए कहा कि 2014 के बाद सवा लाख से अधिक स्टार्टप्स हैं। हुनरमंद लोगों को



अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने बलिया के युवाओं से स्टार्टप्स शुरू करने की अपील की। कहा कि नई तकनीक से आने वाले दस सालों में पांच करोड़ नौकरियां मिलने वाली हैं। उन्होंने नकल को युवा के भविष्य के लिए खतरनाक बताते हुए कहा कि अभिभावकों को सचेत रहने की जरूरत है।

**मनुष्य को कृतज्ञ होना चाहिए: प्रो. कृष्ण कुमार सिंह : बलिया।** विशिष्ट अतिथि महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय वर्धा के कुलपति प्रो. कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि हरिवंश जी का सृजन संसार बहुत विशाल है। इतना अध्ययनशील राजनेता और पत्रकार वर्तमान दौर में बहुत कम रह गए हैं। हरिवंश जी की किताब 'सृष्टि का मुकुट कैलाश मानसरोवर' का जिक्र करते हुए कहा कि मानव अपने किए होने का एहसास न करे तो उसका जीना बेकार है। मनुष्य को कृतज्ञ होना चाहिए। हरिवंश जी दुनिया को आंखों से ही नहीं, बल्कि दिल से दुनिया देखते हैं। दिल से दुनिया को देखने का चलन कम हो गया है। बलिया सौभाग्यशाली है कि यहां पैदा हुआ व्यक्ति दिल से दुनिया को देखता है। इनकी चिंताओं का दायरा बहुत व्यापक है। हरिवंश जी का गद्य कविता की तरह होता है। इसमें मिट्टी की सुगंध सहज मिलती है। कहा कि आज सूचना का विस्फोट तो हुआ है, पर ज्ञान की कमी हो रही है। हरिवंश जैसे लेखक ज्ञान के दायरे को बढ़ाने में महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं।

**युवाओं को सही दिशा मिले तो लिख सकते हैं नई इबारत : बलिया।** राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश ने कहा कि बलिया में वह ताकत है कि यहां के युवाओं को सही दिशा मिले तो नई इबारत लिख सकते हैं। इसलिए बलिया बदलाव की धरती बने। उन्होंने युवाओं के सामने पूर्व राष्ट्रपति डा. कलाम का उदाहरण देते हुए कहा कि उनकी नकल करो। कलाम की किताब का जिक्र करते हुए कहा कि गरीबी की पृष्ठभूमि वाले परिवार से होने के बावजूद उन्होंने प्लेन बना लिया।

इसके लिए कभी उनके शिक्षक ने कभी हार्ड वर्क, हार्ड वर्क और हार्ड वर्क की नसीहत दी थी। हरिवंश ने इंजीनियर विश्वसरैया विश्वकर्मा को भी आदर्श बनाने की नसीहत दी। कहा कि संकल्प से साधना की ओर अग्रसर रहने की जरूरत है। नकारात्मक मानस आसान है, पर सृजन कठिन है।

**जिलाधिकारी व सीडीओ की सराहना : बलिया।** राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश ने बलिया शहर में अतिक्रमण हटाने के लिए डीएम और सीडीओ की सराहना की। कहा कि रात में सड़कों पर घूमा तो साफ-सफाई का नजारा दिखा। विद्यालयों को साफ करने के लिए सप्ताह में एक दिन सबको समय देना चाहिए। गांधी जी ने आजादी के आंदोलन में सफाई भी सिखाई थी। इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनाया है।

# स्कॉर्पियो और बस में टक्कर, 6 महिलाओं समेत 7 श्रद्धालु घायल

मऊ। घोसी कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार देर रात बड़ा सड़क हादसा हो गया। प्रयागराज महाकुंभ जा रही श्रद्धालुओं से भरी स्कार्पियो की जनरथ बस से जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसे में स्कार्पियो में सवार 06 महिलाओं समेत 07 श्रद्धालु घायल हो गए। बिहार के बैकुंठपुर से 08 श्रद्धालु स्कार्पियो में सवार होकर प्रयागराज महाकुंभ के लिए निकले थे। घोसी कोतवाली के पास पहुंचते ही तेज रफ्तार स्कार्पियो का संतुलन बिगड़ गया जिससे वह सामने से आ रही जनरथ बस से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि स्कार्पियो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। जनरथ बस मऊ से गोरखपुर जा रही थी जिसमें करीब 24 यात्री सवार थे। हादसे के बाद सड़क पर अफरा-तफरी मच गई और यातायात प्रभावित हो गया।स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सभी



घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, घोसी पहुंचाया गया। घायलों में कुलकुमानी देवी, मीना देवी, मागमणि देवी, लालती देवी, हरिकिशोर, चालक चंदन और एक अन्य श्रद्धालु शामिल हैं। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल हरिकिशोर और लालती देवी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। दुर्घटनाग्रस्त वाहन को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारु कराया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। घटना के बाद घोसी संघर्ष समिति के अध्यक्ष अरविंद कुमार पांडेय ने इंसानियत की मिसाल पेश की। कुछ घायलों को अपनी कार से अस्पताल पहुंचाया, जिससे घायलों को समय पर इलाज मिल सका।

## कार व बस की टक्कर में दो की मौत, तीन घायल

मीरजापुर। प्रयागराज मार्ग पर विन्ध्याचल थाना क्षेत्र के सेमरी गांव के पास गुरुवार की दोपहर स्कार्पियो वाहन एवं रोडवेज बस की टक्कर हो गई। जिससे दो की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि तीन का प्राथमिक इलाज कराया गया। मोटर मालिक उदयकांत मिश्रा एवं चालक मंजूर आलम बताए गए हैं। बताया गया कि वाहन सवार सहरसा बिहार से प्रयागराज संगम स्नान के लिए जा रहे थे।

इसी दौरान रोडवेज बस से टक्कर हो गयी। स्कार्पियो वाहन में कुल पांच लोग सवार थे। जिसमें सभी लोग घायल हो गये। सूचना पर पुलिस उच्चाधिकारी व थाना विन्ध्याचल पुलिस बल द्वारा मौके पर पहुंचकर घायलों को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय भेजवाया गया। वरिष्ठ पुलिस सोमेन बर्मा जिला चिकित्सालय पहुंचे। उन्होंने घायलों से वार्ता कर जानकारी ली। घायलों का उपचार पीएचसी में कराया गया। डॉ. पुनीत अग्रवाल ने घायलों का उपचार किया।

## हाईकोर्ट के आदेश पर प्रशासन ने भेजा दो करोड़ 46 लाख का नोटिस

मड़िहान। मड़िहान वन रेंज के सिकटही जंगल में हेलीकाप्टर बाबा के सैकड़ों अनुयाई जंगल में लगे खैर, कौहा समेत हजारों बेशकीमती पेड़ काटकर जेसीबी लगाकर सैकड़ों बीघा जंगल समतल कर दिए। सड़क पर आने जाने वालों को जंगल दिखता है लेकिन जैसे ही सड़क से जंगल में घुसेंगे तो अंदर का नजारा ही कुछ और है। सिकटही जंगल में हेलीकाप्टर बाबा का एस0एन0 फ्लैग्स फाउंडेशन के नाम से आश्रम बना है। कोटवा पाण्डेय निवासी रजिन्दर ने बताया कि सन 2020 में मठ पर 26 सौ बीघा जंगल काटने का आरोप लगाते हुआ हाईकोर्ट में मुकदमा दायर किए थे। जिसके बाद हाईकोर्ट के आदेश पर सन 2021 में तहसील प्रशासन ने मठ को 2 करोड़ 40 लाख रुपए का नोटिस भेजा था। नोटिस भेजने के बाद मठ द्वारा 1 करोड़ 20 लाख रुपए जामा भी किया गया था।

आरोप है कि जुर्माने के बाद टीम गठित कर महीनों पैमाइस कर मठ द्वारा जोड़ी गई पत्थर का बाउंड्रीवाल जेसीबी लगाकर गिरवा कर कार्यवाई कि खानापूर्ति की गई थी। उसके बाद मठ के लोग धीरे-धीरे जंगल में लगे बेशकीमती पेड़ काटकर 30 फिट चौड़ी सड़क का निर्माण कर रहे है। सैकड़ों बीघा जंगल साफ कर स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए पोल भी गाड़े जा रहे हैं। अगल-बगल के गांव में चर्चा है कि 1 मार्च को आश्रम पर बाबा का आगमन होने वाला है जिनकी अगुआई में दिन रात एक कर जंगल के अंदर 30 फिट चौड़ी सड़क व स्ट्रीट लाइट लगाने का काम किया जा रहा है। पटेहरा के गिरजाशंकर कोल ने बताया कि एक महीने से मठ वाले जंगल काट रहे हैं। हम गांव के लोग कटे हुए जंगल से लकड़ी चुनकर घर ले जाते हैं।

## पुलिस अधीक्षक ने 2 निरीक्षक और 34 उपनिरीक्षकों के बदले कार्यक्षेत्र

जौनपुर। एसपी डा. कौस्तुभ ने गुरुवार की रात जिला पुलिस प्रशासन को और चुस्त-दुरुस्त करने की मंशा से दो निरीक्षकों व 34 उप निरीक्षकों की विभिन्न स्थानों पर तैनाती की है। पुलिस लाइन में प्रतीक्षारत निरीक्षक संजय कुमार यादव को निरीक्षक (क्राइम) मड़ियाहूं कोतवाली, चंद्रदेव राम को निरीक्षक (क्राइम) शाहगंज कोतवाली, एसआइ ईशचंद यादव प्रभारी चौकी चौकियां थाना लाइन बाजार, शिव भंजन प्रसाद प्रभारी चौकी सीतम सराय थाना नेवढ़िया, जय प्रकाश सिंह प्रभारी चौकी तेजी बाजार, शिवानंद वर्मा प्रभारी चौकी राजा बाजार थाना महराजगंज, महंगू यादव प्रभारी चौकी गोपालापुर थाना रामपुर, तारकेशवर राय प्रभारी चौकी मेडिकल कालेज थाना सरायख्वाजा, सकलदीप सिंह प्रभारी चौकी फतेहगंज थाना बक्शा, निखिलेश कुमार तिवारी प्रभारी चौकी जंघई थाना मीरगंज, प्रशांत पांडेय प्रभारी चौकी कस्बा कोतवाली शाहगंज तैनात किए गए हैं। मुंगराबादशाहपुर थाने में तैनात एसएसआई अरविंद कुमार यादव को प्रभारी चौकी कस्बा मछलीशहर कोतवाली, शाहगंज कस्बा चौकी प्रभारी प्रद्युम्नमणि त्रिपाठी को प्रभारी चौकी पट्टी नरेंद्रपुर थाना सरपतहां व कृष्णानंद यादव को प्रभारी चौकी मछलीशहर से थाना लाइन बाजार पर तैनात किया गया है। इसी क्रम में पुलिस लाइन से अश्विनी कुमार दुबे को थाना बदलापुर, हरि शंकर यादव व लालजी यादव को खुटहन, सुरेश कुमार सिंह को सिकरारा, दिलीप कुमार सिंह को मुंगराबादशाहपुर, राज कुमार को बक्शा, राजेश कुमार यादव को पंवारा, कमलेश तिवारी को गौराबादशाहपुर, राम प्रताप को थाना जफराबाद, सच्चिदानंद यादव को सरायख्वाजा, शैलेंद्र कुमार सिंह, गुप्तेश्वर राय व राज कुमार तिवारी को मछलीशहर, राकेश प्रताप सिंह को तेजी बाजार, शिव कुमार यादव को महराजगंज, शैलेंद्र कुमार दुबे को सुजानगंज, शेषनाथ सिंह को मीरगंज, देवेंद्र कुमार पांडेय को मड़ियाहूं, अनिल कुमार राय को लाइन बाजार, यातायात पुलिस से राम भवन यादव को थाना बरसठी व प्रभारी चौकी राजा बाजार थाना महराजगंज से थाना सरायख्वाजा पर भेजा गया है।

# वाटरशेड यात्रा अभियान को हरी झंडी

## परिणामपरक कार्यों व लाभ के बारे में ग्रामीणों को दी जाएगी जानकारी

सोनभद्र। वाटरशेड विकास घटक प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का ब्यापक प्रचार-प्रसार वालराइटिंग, आडियो विडियो, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से परियोजनाओं के परिणामपरक कार्यों के वाटरशेड विकास यात्रा प्रचार वाहन को जिलाधिकारी बीएन सिंह ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर वाटरशेड विकास यात्रा को गन्तब्य स्थल के लिए रवाना किया।

प्रचार वाहन विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का ब्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से परियोजनाओं के परिणामपरक कार्यों, उसके परिणामों तथा लाभों के बारे में अधिक से अधिक ग्रामीणों तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। डीएम ने बताया कि प्रचार वाहन के माध्यम से परियोजनाओं के परिणामपरक कार्यों व लाभों को




ग्रामीणों तक पहुंचाने एवं जल की मात्रा को लेकर वाटरशेड यात्रा अभियान के अन्तर्गत भारत सरकार की वाटरशेड यात्रा प्रचार वाहन जनपद में पहुंची।

घोरावल के ग्राम तेन्दुआ एवं पेढ़ में भूमि संरक्षण अधिकारी द्वारा वाटरशेड विकास से सम्बन्धित कार्य सम्पन्न किये गये। प्रचार वाहन द्वारा योजना के सम्बन्ध में व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए गांव तेन्दुआ पहुंची, जहां पर वाटरशेड विकास घटक प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अन्तर्गत किसानों को योजना से होने वाले विकास कार्यों एवं लाभों के बारे में जानकारी दी गयी। वहीं पौधरोपण कराते हुए उसे जीवित रखने का भूमि संरक्षण अधिकारी द्वारा संकल्प दिलाया गया एवं रैली निकालकर योजना के बारे में ग्रामीणों को ब्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से जागरूक किया गया। माइक्रो वाटरशेड-पेढ़ में वाटरशेड विकास घटक अन्तर्गत चेकडैम निर्माण हेतु ब्लाक प्रमुख घोरावल दीपक सिंह पटेल ने भूमि पूजन कराया। माइक्रोवाटरशेड-पेढ़ में महिलाओं एवं स्वयं सहायता के महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। जिला कृषि अधिकारी डॉ. हरेकृष्ण मिश्रा, भूमि संरक्षण अधिकारी केके सिंह, अमित कुमार चौबे, वैज्ञानिक डा. महेन्द्र सिंह द्वारा जानकारी दी गयी। धुरकरी में निर्मित चेकडैम का ब्लाक प्रमुख ने लोकार्पण किया।

**नमकीन समझ मासूम ने निगला कीटनाशक, गंभीर : रामगढ़।** पन्नूगंज थाना क्षेत्र के बेलगाई गांव में पांच वर्षीय मासूम ने भुजिया नमकीन समझकर कीटनाशक निगल लिया। उसकी हालत बिगड़ने पर परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया गया कि बेलगाई निवासी अंश पांच पुत्र संतोष सुबह घर में खेल रहा था। खेलते उसके हाथ में कीटनाशक लग गया।

# आजमगढ़ में हादसेः तीन लोगों की हुई मौत, भाई-बहन गंभीर

## प्रयास फाइनेंस कंपनी में एरिया क्रेडिट मैनेजर था युवक, घटना के समय आया था अतरौलिया में विजिट करने के लिए

शौर्य न्यूज इंडिया

लालगंज, (आजमगढ़)। गंभीरपुर थाना क्षेत्र के मई खरगपुर गोसाई की बाजार स्थित पेट्रोल पंप के पास गुरूवार की लगभग ढाई बजे हुंडई कार की चपेट में आने से बाइक सवार संतोष कुमार सिंह 32 वर्ष पुत्र स्व. उमेश सिंह निवासी ग्राम सुरहरी थाना मुफस्सिल जिला गया बिहार की मौत हो गई। मृतक प्रयास फाइनेंस कंपनी में एरिया क्रेडिट मैनेजर के पद पर पिंडरा वाराणसी में कार्यरत था। सूचना पर पहुंची गंभीरपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

संतोष कुमार सिंह प्रयास फाइनेंस कंपनी में एरिया क्रेडिट मैनेजर के पद पर पिंडरा वाराणसी पर कार्यरत थे। अतरौलिया आजमगढ़ विजिट पर आए थे और आजमगढ़ में होटल में रुके थे। बृहस्पतिवार को वह आजमगढ़ से वाराणसी बाइक से वापस जा रहे थे। दोपहर लगभग ढाई बजे जैसे ही वह खरगपुर गोसाई की बाजार पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, कार ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची गंभीरपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। मृतक लगभग 2 महीने पहले ही प्रयास फाइनेंस कंपनी को ज्वाइन किया था।वह पांच बहन तीन भाई में दूसरे नंबर पर था। मौत की खबर मिलते ही माता कुसुम देवी, पत्नी चांदनी देवी सहित पूरे परिवार का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक एक चार वर्षीय पुत्र कृष्णा सिंह का पिता था। मृतक के भाई गौतम कुमार सिंह ने गंभीरपुर थाने में वाहन के खिलाफ तहरीर दी है।

**मार्ग दुर्घटना में दंपति की मौत, बच्चे घायल : पवई, (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मधवापुर गांव के पास शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ जिसमें पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई और उनके तीन बच्चे घायल हो गए। मोहम्मद रफीक 48 वर्ष व पत्नी हसीना 46 वर्ष स्कूटी से अपनी तीन बच्चियों के साथ अपने घर रुदौली अदाईपुर थाना मालीपुर जनपद अंबेडकर नगर से अपनी ससुराल



सिकरौर सहबरी थाना सरायमीर जा रहे थे। अभी वह पवई थाना क्षेत्र के मधवापुर गांव के पास सर्विस लेन पर पहुंचे ही थे कि सामने से आ रही चार पहिया वाहन से टक्कर हो गई जिसमें पति व पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि आयशा 10 वर्ष आरजू 12 वर्ष जैनब 5 वर्ष गंभीर रूप से घायल हैं। जिनका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पवई में चल रहा है। मृतक मोहम्मद रफीक घर पर रहकर सिलाई का काम करता था। मृतक के पास दो पुत्र व तीन पुत्रियां हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**पैसेंजर ट्रेन से कटकर अधेड़ की मौत : रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के महमूदपुर गांव के समीप शुक्रवार की सुबह पैसेंजर ट्रेन से कट कर एकव्यक्ति की मौत हो गई।पुलिस ने शव को कब्जे मेंले लिया है। रानी की सराय थाना क्षेत्र के महमूदपुर निवासी श्रीराम यादव 55वर्ष पुत्र कौशलदीप यादव के पुत्र की गुरुवार शादी थी।सभी बारात गये थे। बारात से रात में ही श्रीराम वापस लौट आया।गांव के समीप से गुजरे रेलवे ट्रैक पर शाहगंज से आजमगढ़ जा रही पैसेंजर ट्रेन से कट कर मौत हो गई।मौत की सूचना मिलते ही शादी की खुशी गम मे बदल गई।सूचना पाकर पहुची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक के पास पांच पुत्र एक पुत्री है।थाना प्रभारी निरीक्षक सुनीलकुमार सिह ने बताया कि मृतक के परिवार से कुछ कहा सुनी हुई थी, वैसे पोस्टमार्टमरिपोर्ट के बाद कारण स्पष्ट होगा।

**दो बाइकों की टक्कर में भाई-बहन घायल : पटवध, (आजमगढ़)।** मुबारकपुर थाना अंतर्गत भटौरा गांव के पुलिया रोड पर बाइक से जा रहे भाई बहन सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से जिला अस्पातल में भर्ती कराया गया। मुबारकपुर थाना क्षेत्र के हरैया गांव निवासी कुसुम देवी उम्र लगभग 30 वर्ष पत्नी अमरजीत बृहस्पतिवार की दोपहर अपने भाई पिंटू पुत्र मनीराम दौरवा जीयनपुर के साथ भाई के घर जा रही थी जैसे ही भटौरा मुबारकपुर पुलिया पर पहुंची ही थी तभी तेज रफ्तार से आ रही बाइक से जोरदार टक्कर हो गयी और भाई बहन गिरकर गम्भीर रुप से घायल हो गये। भाई बहन को घायल देख स्थानीय लोग मदद के लिए आये। उपस्थित लोगों ने एंबुलेंस बुलाकर दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजवाया जहां दोनों का इलाज चल रहा है।

## संक्षेप समाचार...

### दुल्लहपुर बाजार में खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई

दुल्लहपुर। स्थानीय बाजार में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुमंत कुमार मिश्र के नेतृत्व में टीम ने किराना व्यवसाई अजय गुप्ता की राजेश मसाला एजेंसी का निरीक्षण किया।टीम ने दुकान से 6 अलग-अलग खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। इनमें बेसन, अम्मा गोल्ड ब्रांड, राजेश मसाला, धनिया, हल्दी और सॉस शामिल हैं। इस कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज कनौजिया, गुलाबचंद गुप्ता, राजीव कुमार और अरविंद यादव भी मौजूद रहे।टीम करीब 2 घंटे तक बाजार में रही। इस दौरान बाजार में अफरा-तफरी का माहौल रहा। कई दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं और एक-दूसरे से जानकारी लेते रहे कि आखिर खाद्य सुरक्षा अधिकारी इतनी देर तक क्यों रुके हैं। टीम के जाने के बाद ही दुकानदारों ने राहत की सांस ली।

### खाताधारकों को रुपे कार्ड से आच्छादित किया जाए

गाजीपुर। तिमाही की डीसीसी/डीएलआरसी तथा विशेष जिला सलाहकार उपसमिति की बैठक जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुयी। बैठक में दिसम्बर, 2024 तक की प्रगति की समीक्षा की गयी। जिसमें, ऋण जमानुपात, वित्तीय समावेशन एवं जिले में संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने जनपद के जमानुपात में अपेक्षित वृद्धि के लिए ऋण जमानुपात बढ़ाने हेतु बैंकों को ऋण प्रवाह बढ़ाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सभी बैंकर्स को निर्देशित किया कि शासकीय योजनाओं संबन्धित आवेदनों को अतिशीघ्र निस्तारित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी जनधन खाताधारकों को रूपे कार्ड से आच्छादित किया जाये। जिले में एनपीए की अद्यतन स्थिति पर चर्चा की गयी। अग्रणी जिला प्रबन्धक ने सदन को आश्वस्त किया कि सभी बैंकर्स मिलकर विभिन्न योजनाओं हेतु निर्धारित लक्ष्य को अवश्य पूर्ण करेंगे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य, अग्रणी जिला प्रबन्धक पीयूष सिंह परमार, आर बी आई के अग्रणी जिला अधिकारी श्रवण कुमार राम, डीडीएम नाबार्ड शुशील कुमार सभी बैंक समन्वयक तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### ट्रेन में युवक जहरखुरानी का शिकार,सामान गायब

कासिमाबाद। कोतवाली थाना खजूरगांव गांव मठिया निवासी आकाश चौहान 20 वर्ष जहर खुरानी का शिकार हो गया। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य कासिमाबाद भर्ती कराया जहां स्थिति में सुधार बताया जा रहा है।कोतवाली थाना क्षेत्र के खजूरगांव मठिया गांव निवासी नागेंद्र चौहान का पुत्र आकाश चौहान उम्र 20 वर्ष अहमदाबाद अपने चाचा के पास गया हुआ था। जहां से मंगलवार को ट्रेन से घर आ रहा था कि रास्ते में जहर खुरानी का शिकार हो गया। बतौर युवक के पिता नागेंद्र चौहान ने बताया कि गाजियाबाद से एक लड़के का फोन आया कि आपका लड़का आकाश चौहान जहर खुरानी का शिकार हो गया है। इसका सभी सामान गायब है। मोबाइल अनुसार उसका नाम पता निकाल कर सूचना दिया जा रहा है। इसके बाद दोनों युवक आकाश को लेकर दूसरी ट्रेन से बनारस स्टेशन पहुंचे। बुधवार को परिजन देर शाम को बनारस स्टेशन पहुंचकर आकाश को घर ले आए तथा शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कासिमाबाद में चिकित्सक को दिखाकर भर्ती कराया। नागेंद्र चौहान ने बताया कि पहले से स्थिति में सुधार है। चिकित्सकों ने आराम करने का सलाह दिया है इस घटना से परिजनों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

### चोरियों का खुलासा करने में पुलिस नाकाम

नगसर। स्थानीय स्टेशन बाजार में बुधवार की रात को राजाराम के पान की गोमती तोड़कर हजारों के सामान चोर चुरा ले गए। जब लोग जगे तो गुमटी टूटी देखकर लोग अवाक रह गए और दुकानदार को सूचना दिया। इसकी जानकारी तत्काल थाना में दिया गया। चर्चा है कि थाना क्षेत्र में हो रही चोरी और थाना के 50 मीटर के अंदर चोरी होने से सामान्य दुकानदार और ग्रामीण किसी बड़ी अनहोनी होने के डर से भयभीत हैं। मालूम? हो कि इसके पहले भी नगसर नेवाजुराय में सोलर पैनल पम्पिगसेट का चोरी बीते साल 12 दिसंबर की रात में नुरपुर प्राथमिक विद्यालय में चोरी 17 जनवरी की रात में , गगरन में दुर्गा मंदिर में चोरी 26 जनवरी की रात में, तेतरी देवी के किराना दुकान में 2 फरवरी की रात में चोरी हो चुकी है। मगर आज तक इसका खुलासा नहीं हो सका है। प्रभारी निरीक्षक बिन्द कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में है जल्दी ही मामले का जांच कर चोरी का पदार्फाश किया जाएगा।

### ऋषिकेश राय बने हसनपुरा के प्रधान

रेवतीपुर। ब्लाक क्षेत्र के हसनपुरा ग्राम प्रधान के उपचुनाव की मतगणना शुक्रवार की दोपहर कड़ी सुरक्षा के बीच सम्पन्न हो गया। जिसमें ऋषिकेश राय ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी राम अवध को एकतरफा मुकाबलें में 221 मतों से पराजित कर प्रधान पद का उपचुनाव जीत लिया। इसके उपरांत विजेता प्रत्याशी ऋषिकेश राय को रिटर्निंग अधिकारी/जिला क्रीडा अधिकारी अरविन्द सिंह यादव ने जीत का प्रमाण-पत्र दिया। इस जीत की जानकारी मिलते ही नवनिर्वाचित प्रधान ऋषिकेश के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। लोगों ने फूलमालाओं से उनका स्वागत किया।इस मतगणना में नवनिर्वाचित प्रधान ऋषिकेश राय को 621 मत,राम अवध को 400 जबकि तीसरे प्रत्याशी को महज 21 वोट मिला। जबकि 24 मतपत्र अवैध पाए गये। इस जीत का जश्न एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मनाया। पुलिस ने कडी सुरक्षा में नवनिर्वाचित प्रधान ऋषिकेश राय को सुरक्षित उनके घर पहुंचा दिया। रिटर्निंग अधिकारी अरविन्द सिंह यादव ने बताया कि मतगणना सकुशल सम्पन्न हो गई। जिसके बाद विजयी प्रत्याशी को जीत का प्रमाण-पत्र दे दिया गया। सुरक्षा की दृष्टिगत एसडीएम लोकेश कुमार ,प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार उपाध्याय,एलआईयू उपनिरीक्षक दीपक कुमार, बीडीओ जमालुद्दीन, एसडीओ शशिप्रकाश,विनीत राय आदि मौजूद रहे।

### नीतू राय को उपचुनाव में मिली सफलता

भांवरकोल। ग्राम पंचायत कनुवान उपचुनाव का परिणाम शुक्रवार को मतों की गणना के बाद घोषित कर दिया गया। ग्राम प्रधान पद के लिए पड़े मतों की गणना भांवरकोल ब्लॉक परिसर में भारी सुरक्षा के बीच सुबह आठ बजे से शुरू हुई। विजय प्राप्त करने के बाद निर्वाचन अधिकारी ने नवनिर्वाचित प्रधान नीतू राय पत्नी स्वर्गी जितेंद्र नाथ राय को प्रमाण-पत्र दिया। ग्राम पंचायत में प्रधान पद के लिए हुए उपचुनाव में ब्लॉक मुख्यालय सभागार में मतगणना हुई। इसमें नीतू राय ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी विजय शंकर राय को 50 मतों से पराजित किया। नीतू राय को 994 मत मिले जबकि विजय शंकर राय को 944 मत प्राप्त हुए। वहीं जयराम को 15 मत प्राप्त हुए। मतगणना के दौरान अवैध पाए जाने पर 46 मतों को रद्द किया गया। गांव में कुल 1999 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। निर्वाचन अधिकारी जिला खाद्य विपणन अधिकारी अनुराग पाण्डेय, सहायक निर्वाचन अधिकारी एडीओ आइएसबी राजेंद्र कुमार की देखरेख में मतगणना शुरू हुई। मतगणना में उप जिलाधिकारी हर्षिता तिवारी सेक्टर मजिस्ट्रेट भगवान पाण्डेय सहायक विकास अधिकारी पंचायत सूर्यभानु कुमार राय तथा थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी सदल बल मौजूद रहे।

### चाकू के बल पर महिला से जेवरात छिनैती

दुल्लहपुर। थाना क्षेत्र में चोरों ने एक महिला को निशाना बनाया। थाने से महज 500 मीटर की दूरी पर स्थित जमसडा ग्राम में यह घटना हुई। पीड़िता के अनुसार रात करीब एक बजे दो अज्ञात चोर पन्नू यादव के घर भैंस चोरी करने पहुंचे। उनकी पत्नी धरमिला यादव मुख्य द्वार पर खटिया पर सो रही थीं। चोरों के आने पर वह जाग गईं।एक चोर ने धरमिला के गले पर चाकू सटा दिया। दूसरा चोर भैंस को खोलने का प्रयास करने लगा। महिला ने विरोध किया तो चोरों ने अपनी योजना बदल दी। उन्होंने महिला के गले से मंगलसूत्र, कान से सोने का झाला और पैरों से पायल छीन ली।पीड़िता ने बताया कि वह मदद के लिए आवाज लगाना चाहती थी। लेकिन गले पर चाकू लगा होने के कारण डर के मारे चुप रही। क्षेत्र में यह पहली घटना नहीं है। पिछले कुछ दिनों में कई भैंस चोरी की वारदातें हो चुकी हैं। स्थानीय किसान और दुकानदार इन घटनाओं से परेशान हैं। पुलिस अब तक किसी भी मामले का खुलासा नहीं कर पाई है। इस संबंध में दुल्लहपुर थानाध्यक्ष केपी सिंह ने बताया कि जानकारी मिली है। मामला संदेहास्पद है। जांच के बाद ही पता चल पाएगा कि मामला क्या है।

### मुबारकपुर हरतरा गांव के प्रधान बने रोहित

सादात। क्षेत्र के मुबारकपुर हरतरा गांव के उपचुनाव में रोहित यादव ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी प्रमोद यादव को 29 मतों से पराजित कर प्रधान की कुर्सी पर कब्जा किया। रोहित को कुल 328 मत मिले। जबकि प्रमोद को 299, शमीर्ला को 70, राहुल को 07 मत प्राप्त हुए। एक अन्य प्रत्याशी शालू को कोई मत नहीं मिला। यहां उपचुनाव में कुल 1062 में से 718 मत पड़े थे। रिटर्निंग ऑफिसर कपिल देव राम और एसडीएम जखनियां रविश कुमार गुप्ता ने विजेता को प्रमाण पत्र दिया। इस दौरान खंड विकास अधिकारी डा. सरजीत सिंह, बहरियाबाद एसओ शैलेन्द्र कुमार पांडेय, प्रमेश यादव आदि रहे। नव निर्वाचित ग्राम प्रधान रोहित यादव ने गांव के समग्र विकास और शासन की योजनाओं का जनता को लाभ दिलाने की बात कही।

### स्काउटिंग से जुड़कर छात्राएं जीवन कौशल सीखेंगी

गाजीपुर। राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रज्ञा रेंजर टीम का पांच दिवसीय प्रगतिशील प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के प्रचार्य डॉ राजेंद्र सिंह और प्राचार्य डॉ अनिता कुमारी ने स्काउट गाइड ध्वज को फहराया तथा प्राचार्य प्रोफेसर अनीता कुमारी ने कार्यक्रम के उद्घाटन की घोषणा किया। इस अवसर पर छात्राओं को संबोधित करते हुए डॉ राजेंद्र सिंह ने कहा कि स्काउट गाइड से जुड़कर कोई भी व्यक्ति जीवन भर स्काउट गाइड रहता है एवं जीवन भर दूसरों की सेवा के लिए सदैव तैयार रहता है।

# जोश मलीहाबादी का नारा था, इंकलाब ओ इंकलाब

जाहिद खान

उर्दू अदब में जोश मलीहाबादी वह आला नाम है, जो अपने इंकलाबी कलाम से शायर-ए-इंकलाब कहलाए। जोश का सिर्फ यह एक अकेला शे'र, 'काम है मेरा तगय्युर नाम है मेरा शबाब/मेरा नारा इंकलाब ओ इंकलाब ओ इंकि लाब।' ही उनके तआरुफ और अज्मत को बतलाने के लिए काफी है। वरना उनके अदबी खजाने में ऐसे-ऐसे कीमती हीरे-मोती हैं, जिनकी चमक कभी कम नहीं होगी। उत्तर प्रदेश में लखनऊ के नजदीक मलीहाबाद में 5 दिसम्बर, 1898 में पैदा हुए शब्बीर हसन खां, बचपन से ही शायरी के जानिब अपनी बेपनाह मुहब्बत के चलते, आगे चलकर जोश मलीहाबादी कहलाए। शायरी उनके खून में थी। उनके अब्बा, दादा सभी को शेर-ओ-शायरी से लगाव था। घर के अदबी माहौल का ही असर था कि वे भी नौ साल की उम्र से ही शायरी करने लगे थे और महज तेईस साल की छोटी उम्र में उनकी गजलों का पहला मजमूआ 'रूह–ए-अदब' शाए हो गया था। जोश मलीहाबादी की ज़िंदगानी का इब्तिदाई दौर, मुल्क की गुलामी का दौर था। जाहिर है कि इस दौर के असरात उनकी शायरी पर भी पड़े। हुब्बुलवतनी और बगावत उनके मिजाज का हिस्सा बन गई। उनकी एक नहीं, कई ऐसी कई गजलें-नज्में हैं, जो वतन–परस्ती के रंग में रंगी हुई हैं। 'मातम–ए-आजादी', 'निजाम–ए–लौ', 'इंसानियत का कोरस', 'जवाल–ए–जहां बानी' के नाम अव्वल नम्बर पर लिए जा सकते हैं। 'जूतियां तक छीन ले इंसान की जो सामराज/क्या उसे यह हक पहुंचता है कि रक्खे सर पै ताज।' इंकलाब और बगावत में डूबी हुई जोश की ये गजलें-नज्में, जंग-ए-आजादी के दौरान नौजवानों के दिलों में गहरा असर डालती थीं। वे आंदोलित हो उठते थे। यही वजह है कि जोश मलीहाबादी को अपनी इंकलाबी गजलों-नज्मों के चलते कई बार जेल भी जाना पड़ा। लेकिन उन्होंने अपना मिजाज और रहगुजर नहीं बदली।

दूसरी आलमी जंग के दौरान जोश मलीहाबादी ने 'ईस्ट इंडिया कंपनी के फरजंदों के नाम', 'वफादारान–ए-अजली का पयाम शहंशाह–ए-हिंदोस्तां के नाम' और 'शिकस्त–ए-ज़िंदां का ख्वाब' जैसी साम्राज्यवाद विरोधी नज्में लिखीं। 'क्या हिन्द का जिंदाँ काँप रहा है गूँज रही हैं तक्बीरें/उकताए हैं शायद कुछ कैदी और तोड़ रहे हैं जंजीरें/क्या उन को खबर थी होंटों पर जो कुफ़्ल लगाया करते थे/इक रोज इसी खामोशी से टपकेंगी दहकती तकरीरें/संभलों कि वो जिंदाँ गूँज उठा झपटो कि वो कैदी छूट गए/उठ्ठो कि वो बैठीं दीवारें दौड़ो कि वो टूटी जंजीरें।' जोश मलीहाबादी को लफ़्जों के इस्तेमाल पर महारत हासिल थी। अपनी शायरी में जिस तरह से उन्होंने उपमाओं और अलंकारों का शानदार इस्तेमाल किया है, उर्दू अदब में ऐसी कोई दूसरी मिसाल ढूंढ़े से नहीं मिलती। 'सरशार हूँ सरशार है दुनिया मिरे आगे/कौनैन है इक लर्जिश-ए-सहबा मिरे आगे/... 'जोश' उठती है दुश्मन की नजर जब मिरी जानिब/खुलता है मोहब्बत का दरीचा मिरे आगे।' अपनी शानदार गजलों-नज्मों-रुबाईयों से जोश मलीहाबादी देखते-देखते पूरे मुल्क में मकबूल हो गए। उर्दू अदब में मकबूलियत के लिहाज से वो इकबाल और जिगर मुरादाबादी की टक्कर के शायर हैं। यही नहीं तरक्क़ीपसंद तहरीक के वो अहम शायर थे। उन्होंने उर्दू में तरक्क़ीपसंद शायरी की दागबेल डाली। अपनी किताब 'जदीद उर्दू शायरी' में इबादत बरेलवी लिखते हैं,'जोश के साथ-साथ तरक्क़ीपसंद शायरी का दौर शुरू होता है, जिसके हाथों जदीद शायरी के समाजी और इमरानी रुजहानात एक नई दुनिया से रू–शनास होते हैं।' यही वजह है कि तरक्क़ीपसंद तहरीक में जोश मलीहाबादी की हैसियत एक रहनुमा की है। उनके कलाम में सियासी चेतना साफ दिखलाई देती है और यह सियासी चेतना मुल्क की आजादी के लिए इंकलाब का आह्वान करती है। सामंतवाद, सरमायेदारी और साम्राज्यवाद का उन्होंने पुर–जोर विरोध किया। पूंजीवाद से समाज में जो आर्थिक विषमता पैदा होती है, वह जोश ने अपने ही मुल्क में देखी थी। अंग्रेज हुकूमत में किसानों, मेहनतकशों को अपनी मेहनत की असल कीमत नहीं मिलती थी। वहीं सरमायेदार और अमीर होते जा रहे थे। 'इन पाप के महलों को गिरा दूंगा मैं एक दिन/इन नाच के रसियों को नचा दूंगा मैं एक दिन/मिट जाएंगे इंसान की सूरत के ये हैवान/भूचाल हूं भूचाल हूं तूफान हूं तूफान।' उर्दू अदब के बड़े आलोचक एहतिशाम हुसैन, अपनी किताब 'उर्दू साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास' में जोश मलीहाबादी की शायरी का मूल्यांकन करते हुए लिखते हैं,'जोश को प्राकृतिक, श्रंगार-पूर्ण और राजनीतिक कविताएं लिखने पर समान रूप में अधिकार प्राप्त है। भारत के राजनीतिक जीवन में कदाचित ही कोई ऐसी घटना हुई होगी, जिस पर उन्होंने कविता न लिखी हो। वह राष्ट्रीयता, हिंदू-मुसलिम एकता, देश-प्रेम, जनतंत्र, शांति और विचार स्वतंत्रता के उपासक हैं और इन विचारों को उन्होंने अपनी सहस्त्रों कविताओं में बड़ी रोचक और मनोरंजक शैलियों में प्रस्तुत किया है।' इस इंकलाबी शायर की अपनी ज़िंदगानी में पन्द्रह से ज्यादा किताबें प्रकाशित हुईं। उनकी कुछ अहम किताबें हैं, 'नक़्श–ओ–निगार', 'अर्श–ओ–फर्श', 'शोला-ओ-शबनम', 'फि क्र–ओ-निशात', 'हर्फ़–ओ-हिकायत', 'रामिश–ओ-रंग', 'सुंबुल–ओ-सलासिल', 'सरोद–ओ-खरोश', इल्हाम–ओ–अफ़्कार' और 'सुमूम–ओ–सबा' आदि। जोश मलीहाबादी ने मुल्क की आजादी से पहले 'कलीम' और आजादी के बाद 'आजकल' मैगजीन का संपादन किया। फि ल्मों के लिए कुछ गाने लिखे, तो एक शब्दकोश भी तैयार किया। लेकिन उनकी मुख्य पहचान एक शायर की है। जोश मलीहाबादी मजहबी कट्टरता और फि रका–परस्ती के दुश्मन थे। 'बाज आया मैं तो ऐस ताऊन से/भाईयों के हाथ तर हो भाईयों के खून से।' वो आदमियत को दीन और इंसानियत को ईमान मानते थे। 'आओ वो सूरत निकालें जिसके अंदर जान हो/आदमियत दीन हो, इंसानियत ईमान हो।'

जोश मलीहाबादी ने अपनी नज्मों में किसानों और कामगारों के मसाइल को अहमियत के साथ जगह दी। नज्म 'किसान' में उन्होंने किसान को सभ्यता के विकास की रीढ़ बतलाते हुए लिखा है,'झुटपुटे का नर्म-रौ दरिया शफक का इज्तिराब/खेतियाँ मैदान खामोशी गुरूब-ए-आफ़्ताब/ये समाँ और इक कवी इंसान या'नी काश्त-कार/इर्तिका का पेशवा तहजीब का पर्वरदिगार/जिस के माथे के पसीने से पए-इज्ज-ओ-वकार/करती है दरयूजा-ए-ताबिश कुलाह-ए-ताजदार।' वहीं 'हुस्न और मजदूरी' नज्म में वे एक जवान औरत का पत्थर तोड़ते हुए जिक्र करते हैं। इस नज्म में मुल्क की गरीबी की उन्होंने जो अक्कासी की है, वह हमारे दिल–ओ-दिमाग को जैसे झिंझोड़ देती है। 'एक दोशीजा सड़क पर धूप में है बे-करार/चूड़ियाँ बजती हैं कंकर कूटने में बार बार/चूड़ियों के साज में ये सोज है कैसा भरा/आँख में आँसू बनी जाती है जिस की हर सदा।' जोश इस नज्म में न सिर्फ. उस औरत की गरीबी और बेबसी का तफ़्सील से ज़िक्र करते हैं, बल्कि नज्म का इख़्तिताम इस तजवीज के साथ करते हैं,'दस्त-ए-नाजुक को रसन से अब छुड़ाना चाहिए/इस कलाई में तो कंगन जगमगाना चाहिए।' दीगर शायरों और एक तरक्क़ीपसंद शायर में यही एक बुनियादी फर्क है। तरक्क़ीपसंद अदीब, ना–उम्मीदी में भी उम्मीद की किरण देखता है। हालात की बेरहमी से वह मायूस नहीं होता। अवाम में अपने अदब से हौसला जगाता है।

जोश मलीहाबादी का अदबी सरमाया जितना शानदार है, उतनी ही जानदार-जोरदार उनकी ज़िंदगी थी। जोश साहब की ज़िंदगी में गर हमें दाखिल होना हो, तो सबसे बेहतर तरीका यह होगा कि हम उन्हीं के मार्फ़त उसे देखें-सुने-जाने। क्योंकि जिस दिलचस्प अंदाज में उन्होंने 'यादों की बरात' किताब में अपनी कहानी बयां की है, उस तरह का कहन बहुत कम देखने-सुनने को मिलता है। बुनियादी तौर पर उर्दू में लिखी गई इस किताब का पहला एडिशन साल 1970 में आया था। तब से इसके कई एडिशन आ चुके हैं, लेकिन पाठकों की इसके जानिब मुहब्बत और बेताबी कम नहीं हुई है। उर्दू अदब में यह किताब, क्लासिक की हैसियत रखती है। 'यादों की बरात' की मकबूलियत के मद्देनजर, इस किताब के कई जबानों में तजुर्मे हुए और हर जबान में इसे पसंद किया गया। अपने बारे में इतनी ईमानदारी और साफगोई से शायद ही किसी ने इससे पहले लिखा हो।

साल 1955 में जोश मलीहाबादी मजबूरी में पाकिस्तानी हो गए। वो पाकिस्तान जरूर चले गए, मगर इस बात का पछतावा उन्हें ता–उम्र रहा। जिस सुनहरे मुस्तकबिल के वास्ते उन्होंने हिंदुस्तान छोड़ा था, वह ख्वाब चंद दिनों में ही टूट गया। उन्होंने पाकिस्तान में जिस पर भी ऐतबार किया, उससे उन्हें धोखा मिला। पाकिस्तान जाने का फैसला चूंकि खुद जोश मलीहाबादी का था, लिहाजा वे खामोश रहे। वहां घुट-घुटके जिये, मगर शिकवा किसी से न किया। पाकिस्तान में रहकर वे हिंदुस्तान की मुहब्बत में डूबे रहते थे। वे चाहकर भी अपने पैदाइशी मुल्क को कभी नहीं भुला पाए। पाकिस्तान में उनकी बाकी जिंदगी ना–उम्मीदी और गुमनामी में बीती। जोश मलीहाबादी अपनी ज़िंदगी में कई इनाम-ओ-इकराम से नवाजे गए। साल 1954 में भारत सरकार ने उन्हें अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक 'पद्मभूषण', तो साल 2012 में पाकिस्तान हुकूमत ने उन्हें 'हिलाल-ए-इम्तियाज' पुरस्कार से नवाजा, जो पाकिस्तान का दूसरा आला सिटीजन अवार्ड है। इस तरह जोश मलीहाबादी, वह खुशकिस्मत शख़्स हैं, जिन्हें दोनों मुल्कों की हुकूमत ने अपने आला नागरिक सम्मान से सम्मानित किया।

## संपादकीय

### कस्तूरबा गांधी की शहादत

गांधी और कस्तूरबा का पति-पत्नी के रूप में साठ वर्षों का साथ था। वे राजकोट, अहमदाबाद, मुंबई, डरबन,जोहान्सबर्ग, वर्धा सेवाग्राम में साथ साथ थे। 1943 के अंत तक आते-आते कस्तूरबा का स्वास्थ्य बिगड़ने लगा था। दिसंबर में उन्हें दो बार दिल का हल्का दौरा पड़ा था। उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो रही थी और वे अब कमोबेश बिस्तर पर ही रहती थी। देवदास अपनी बीमार मां को देखने के लिए दिल्ली से पूना पहुंच गए। उन्होंने अपने ससुर राजाजी को लिखा कि 'बा ने बिस्तर पकड़ लिया है.... बापू खुद भारी निराशा में है लेकिन उनका स्वास्थ्य ठीक है। मेरी पीठ पर उनकी चपत में सामान्य से ज्यादा ताकत है।' जनवरी की शुरूआत में गांधी ने जेल अधीक्षक को लिखा कि 'उनकी पत्नी काफी क्षीण हो गई है। उन्हें अपने संबंधियों से मिलने-जुलने दिया जाए, ताकि उन्हें कुछ शांति मिल सके।' यह भी कहा कि उनके भतीजे कनु गांधी को जेल में उनके साथ रहने की इजाजत दी जाए।' सरकार ने कनु गांधी, रामदास, देवदास, हरिलाल को उनसे मिलने की इजाजत दे दी। कनु को रोज मिलने की अनुमति मिल गयी। जनवरी के आखिरी सप्ताह में कस्तूर को दिल का दौरा पड़ा तो कनु को उस पैलेस में उनके साथ 24 घंटे रहने की इजाजत मिल गई। जेल से बीमार कस्तूरबा की रिहाई की मांग को लेकर भारतीय अखबारों में कई लेख प्रकाशित हुए। एक अखबार ने व्यंग्यपूर्वक लिखा कि 'लंदन के अधिकारियों ने अपने दुश्मन नम्बर एक फासीवादी ओसवाल्ड मोजले को रिहा कर दिया लेकिन वे इस बुजुर्ग महिला को रिहा नहीं करेंगे शायद उन्हें डर है कि ऐसा करने से भारत की कानून व्यवस्था पर आफत टूट पड़ेगी।' 5 फरवरी को देवदास गांधी और गृह विभाग के वरिष्ठ सदस्य आर टोटेनहेम से दिल्ली में मिले और उनसे कस्तूरबा को जेल से रिहा करने की मांग की और उन्हें सेवाग्राम या दिल्ली लाने की इजाजत मांगी क्योंकि हवा या जलवायु का परिवर्तन उनकी सेहत के लिए फायदेमंद हो सकता था । इस मांग को खारिज कर दिया गया। कस्तूरबा की स्थिति खराब होती जा रही थी। उनके तीनों बेटे हर दिन उनसे मिलने आते थे। कनु गांधी उनकी मालिश करते थे और उन्हें भजन सुनाते थे। सुशीला नायर ने उनके स्वास्थ्य का घटेवार ब्यौरा रखना शुरू किया और उसे प्रतिदिन डायरी में दर्ज करने लगीं जैसा कि उन्होंने वर्ष 1943 में गांधी जी के उपवास के समय किया था। 19 की पूरी रात कस्तूरबा बेचैन रही। अगली सुबह अपने पति के मुंह से पसंदीदा रामधुन सुनकर कस्तूरबा को थोड़ी राहत मिली। उन्हें बगीचे में ले जाया गया जहां उन्हें अच्छा लगा लेकिन शाम होते होते उन्हें फिर से बेचैनी ने जकड़ लिया। 21 फरवरी की शाम जब देवदास उनसे मिले तो उन्हें 'अर्ध-मूर्च्छा की अवस्था' में पाया। 22 फरवरी को कस्तूरबा ने दवाई लेने से इनकार कर दिया। दोपहर 3 बजे उन्होंने देवदास को बुलाया और कहा,'मुझे किसी न किसी दिन तो जाना ही है, तो आज ही क्यों नहीं?' उन्होंने प्रार्थना में अपने हाथ जोड़ दिए और गुजराती में कुछ कहा, जिसका उनके सबसे छोटे बेटे ने कुछ यूं अनुवाद किया, 'हे ईश्वर,आपके शरण का ही आसरा है।' आपकी कृपा ही मेरी चाहत है ।' 22 फरवरी की शाम कस्तूरबा ने गांधी जी को अपने पास बुलाया। गांधी ने उन्हें अपने कंधे पर टिकाया और आराम देने की कोशिश की। उसके कुछ ही क्षण बाद कस्तूरबा की मृत्यु हो गई। 22 फरवरी 1944 के दिन का बहुत ही मार्मिक चित्रण 'गांधी' फिल्म में रिचर्ड एटनबरो ने किया है। वहां पुणे के आगा खां पैलेस में गांधी के मन की बैचैनी और निश्छल प्रेम देखा जा सकता है। गांधी के कपोल पर गिरा हुआ आंसू भी बहुत कुछ बयां करता है। जैसे ही कस्तूरबा के निधन की खबर फैली, पूरे देश में शोक-सभाएं आयोजित की गईं जिसमें भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से लेकर हिंदू महासभा तक शामिल हुए। कस्तूरबा की मृत्यु पर लिनलिथगो, डॉ. अंबेडकर,सावरकर और जिन्ना की तरफ से कोई शोक संवेदना प्रेषित नहीं की गई ऊंजबकि मुस्लिम लीग के अखबार में एक मार्मिक श्रद्धांजलि प्रकाशित की गई थी।

देश के बाहर से भी शोक संदेश आए थे। जिनमें से दो महत्वपूर्ण पत्र थे एक राजाजी का और दूसरा हेनरी पोलक का। हेनरी पोलक ने एक टेलीग्राम गांधी को किया जिसमें लिखा था 'प्यार भरी गहरी सहानुभूति। ईश्वर से कामना है कि उनकी कृपा आप पर बनी रहे।' हेनरी पोलक ने कस्तूरबा के लिए एक लंबी श्रद्धांजलि भी लिखी जिसे एक वक्तव्य के तौर पर उन्होंने प्रेस को भेज दिया। जिसमें लिखा था कि 'श्रीमती गांधी की मृत्यु हो गई-जिन्हें आमतौर पर लोग प्यार से बा कहते थे। उनकी इस उम्र में मृत्यु अनपेक्षित नहीं है। वे कई मायनों में एक समर्पित पत्नी और मां थीं और कई मामलों में एक स्वतंत्र व्यक्तित्व की स्वामिनी थीं,लेकिन वे वास्तविक शहीद थीं। एक सीमा के बाद उनके पति की सीख उनके लिए निरर्थक साबित हुई और उन्होंने उनके दृढ़ सिद्धांतों और सादगी भरे जीवन का विरोध भी किया। गांधी ने कहा भी था कि उन्होंने उन्हीं से असहयोग का पहला सबक सीखा था। वे दक्षिण अफ्रीका में पहली बार 1913 में जेल गई जब वहां भारतीय समुदाय के लोग अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे थे और उसके बाद वे कई बार बाद में भी गांधी के अहिंसक आंदोलनों के दौरान हिरासत में गईं। हो सकता है कि उनकी मृत्यु कुछ इस कारण भी कुछ पहले हो गई हो क्योंकि वे अपने पति के ढेर सारे स्वप्रेरित उपवासों से अत्यधिक चिंतित रहती थीं। उनके बहुत सारे मित्र और शुभचिंतक है जिन्हें उनकी मृत्यु से गहरा दुख है।' पोलक गांधी और कस्तूरबा के वैवाहिक जीवन को किसी भी अन्य सहयोगी की अपेक्षा अधिक जानते थे और इसलिए चाहते थे कि कस्तूर के बलिदान और महत्व को ब्रिटिश जनता के सामने भी रखा जाए। ये एक महत्वपूर्ण वक्तव्य था जो एक गैर भारतीय मूल के व्यक्ति द्वारा कस्तूरबा के लिए दिया गया था। कस्तूर से कस्तूरबा तक के सफर में वह पत्नी,मां और देश की आजादी के लिए एक समर्पित कार्यकर्ता के रूप में दिखाई देती हैं। जिसकी स्वतंत्र सोच और विचार हैं, जो निर्णय लेने में समर्थ है, वह अनुगामी न होकर सहयात्री है। उम्मीद करनी चाहिए कि सभी महिलाओं में उनके समान आत्मविश्वास और निर्णय लेने की क्षमता का संचार हो जिससे वह किसी से संचालित न होकर स्व- नियंत्रित और स्व-शासित हो।

चित्रा माली

# कौन सा देश है इनका

भगवान स्वरूप कटियार

अवैध प्रक्रिया से अमेरिका गये लगभग साढ़े तीन सौ भारतीयों की तीन खेपें हथकड़ियों-बेड़ियों में भारत आ चुकी हैं. ये भारत की वह नौजवान पीढ़ी है जिस पर गर्व करते हुए भारत के प्रधानमंत्री को आये दिन अपनी पीठ ठोकते देखा जा सकता है. यह है दुनिया का सबसे युवा लोकतंत्र जिसके लाचार नगरिकों को ट्रंप सरकार बड़ी बेरहमी से भूखे-प्यासे देश वापसी कर रही है. ये वे लाचार और बेवश युवा हैं जिनके पास अपने घर यानि अपने देश में गुजारा का कोई जरिया नहीं था. घर- द्वार, जमीन-जायदाद बेंच कर सपनों के सौदागर दलालों के जरिये तमाम खतरे और दुश्वारियां झेलते अमेरिका गए कि एक बार पहुँच जायेंगे तो घर परिवार सबकी तकदीर संभल जायेगी. इनमें अधिकांश युवा पंजाब, हरियाणा और गुजरात के हैं. मोदी सरकार के पास न इतना पैसा है और न इतना जज्बा कि ट्रंप सरकार से कहे कि खबरदार जो हमारे नागरिकों को बेइज्जत किया, हम उन्हें लाने के लिए अपने भारतीय जहाज भेज रहे हैं जैसा मैक्सिको और कोलंबिया सरकार ने किया. इन युवाओं का दर्द सुन कर दिल भर आता है. यहाँ से उजड़ कर गये और वहां पैर जमाने के पहले उजाड़ कर हथकड़ी बेड़ियों में बाँध कर वतन वापस कर दिये गये. लगता है जैसे उनका कोई देश ही न हो. देश में रोजगार, कामकाज न मिलने के कारण गरीबी भुखमरी की जलालत से निजात पाने सब कुछ दांव पर लगा कर अमेरिका में दलालों के जरिये किस्मत आजमाने विदेश गये पर अपराधी बन हथकड़ियों बेड़ियों में वापस हुए. लगता है यह दुनिया जैसे उनके लिए नहीं बनी है और इसमें उनका कोई देश नहीं है. दर्द ही उनका देश है, देश के बाहर और देश के भीतर भी.

जब विस्थापन और भुखमरी जैसी कोई परिस्थिति लोगों को अपनी जड़ों से बिछुड़ने को विवश करती है तो वैश्विक प्रतिक्रिया हमेशा उसे बचाने की होती है. लेकिन वर्तमान के हालात नियंत्रण से बाहर होते जा रहे हैं. दुनिया में जबरन यानि अवैध रूप से विस्थापितों की संख्या आठ करोड़ चालीस लाख से ज्यादा हो चुकी है. इनमें चार करोड़ अस्सी लाख लोग तो अपने-अपने देशों में ही विस्थापन का दर्द झेल रहे हैं. कुल अंतर्राष्ट्रीय प्रवासियों की संख्या सत्ताइस करोड़ बीस लाख है. इनमें नौ करोड़ पचास लाख निम्न और मध्यम आय वाले देशों में रह रहे हैं. वे विस्थापन और भूख के मोर्चे पर एक साथ जूझ रहे हैं. जलवायु, भूकम्प, हिंसक झड़पों, युद्ध, मंहगाई-बेरोजगारी, सूखा-बाढ़, राजनीतिक परिस्थितियों के चलते दुनिया में विस्थापितों की संख्या ग्यारह करोड़ से अधिक है जिनमें चालीस फीसदी बच्चे हैं वे राष्ट्रीयता, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार आवागमन के बुनियादी अधिकारों से वंचित हो चुके हैं. विस्थापन पर दिसंबर में आयी 2024 तक की रिपोर्ट में बताया गया है कि बीता वर्ष लाखों आतंरिक विस्थापकों की दृष्टि से सबसे चुनौतीपूर्ण रहा है.

यह आंकड़े विस्थापन की भयावहता की दर्दनाक तस्वीर पेश करते हैं सीरिया के विस्थापितों की चुनैतियां अब जटिल नागरिक संघर्षों में बदल गयी हैं. यूक्रेन के कुल विस्थापित एक करोड़ तेरह लाख लोगों में से पचास लाख लोग वापस हो चुके है.तिरसठ लाख लोग अब पोलैंड, रोमानियां, स्लोवाकिया, हंगरी और बेलारूस जैसे देशों में शरणार्थी हैं. यूक्रेन में एक करोड़ से अधिक लोग भूख से जूझ रहे हैं. अफगानिस्तान में विस्थापित लोग खाद्य असुरक्षा से जूझ रहे हैं. वेनुजुला में तेइस लाख लोग भूख की गंभीर समस्या से जूझ रहे है. सूडान में बाईस लाख विस्थापन से जूझ रहे हैं. म्यामार में अपनी नागरिकता से वंचित सत्रह लाख लोग विस्थापित अल्पसंख्यक हैं.

युद्ध, उत्पीड़न या पर्यावरण आपदा से सुरक्षा के लिए एक क्षण की सूचना पर लोगों को घर से भागने पर मजबूर होना पड़ता है. इन आपदाओं के शिकार लगभग नौ करोड़ लोगों से पूछो कि वह पल कितना डरावना और खतरनाक होता है. इन नौ करोड़ लोगों में ज्यादातर होते हैं शरणार्थी जिन्हें रोजगार की तलाश में अपना देश छोड़ना पड़ता है. सीमा पार विस्थापितों में दो तिहाई लोग सीरिया, वेनेजुएला, अफगानिस्तान, दक्षिण सूडान और म्यामार के हैं. इन शरणार्थियों में एक करोड़ दस लाख बच्चे हैं और पांच वर्ष से कम उम्र के लाखों बच्चे कुपोषण के शिकार होने के कारण उनमें बौनापन पनप रहा है. दुनिया इस समय सबसे ज्यादा शरणार्थी समस्या से जूझ रहा है जिसमें ढाई तीन करोड़ लोग अपने देशों से उजड़ कर विदेशों में अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहे हैं. इनमें एक करोड़ दस लाख बच्चे हैं. पिछले दस वर्षों में यह संख्या दोगुनी हो गयी है. बीते वर्ष 2024 में 15 करोड़ लोग भुखमरी से बेहाल रहे हैं. कोविड के बाद इस संख्या में 15 करोड़ का और इजाफा हुआ है. अध्ययनों से पता चला है कि 2030 तक 67 करोड़ लोगों को भुखमरी का सामना कर पड़ सकता है. जबरन विस्थापित लोगों की बुनियादी जरूरतों के लिए चिंतित स्वयं सेवी संगठनों की अपेक्षा है कि प्रवासन की आपदा के शिकार लोगों के आवाजाही पर प्रतिबन्ध हटा लेना चाहिऐ दशकों से दुनिया में विस्थापित शिविरों में रह रहे शरणार्थियों के अनुभव बताते हैंकि भोजन की कमी के कारण भिखारी बन कर हाथ फैलाने पड़ते है इतना ही नहीं, उन्हें सड़ा-गला और बीमारियां पैदा करने वाली खाद्य सामग्री खाने पर मजबूर होना पड़ता है भारत के भिखारियों की इस मायने में स्थिति उनसे बेहतर है क्योंकि सार्वजनिक भोज में इतनी खाद्य सामग्री जूठन के रूप में फेंकी जाती है जो विस्थापितों की जरूरतों से ज्यादा होती है यद्यपि जूठन खाने को भी हम इंसानी गरिमा के खिलाफ मानते हैं और भोजों में खाने की बरबादी पर सख्त कानूनी कार्रवाई की अपेक्षा करते हैं

एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2023 में भारत में करीब पांच लाख विस्थापित हुए. आंतरिक विस्थापन निगरानी केंद्र (आइडीएमसी) के सूचना के मुताबिक वर्ष 2022 के अंत तक करीब सात लाख विस्थापित हो चुके थे जिनमें अधिकांश उत्तर पूर्वी राज्यों असम, मिजोरम, मेघालय, त्रिपुरा और जम्मू कश्मीर के लोग हैं. दुनिया के कुल विस्थापित लोगों में बीस फीसदी भारत के हैं. 'डाउन टू दि अर्थ स्टेट्स ऑफ इंडिया एन्वायारिन्मेंट' की रिपोर्ट दावा करती है कि संघर्ष और हिंसा के कारण लगभग पच्चासी लाख लोग विस्थापित हुए हैं. भारत में आतंरिक विस्थापन के कारणों की प्रवृत्ति, प्रकृति और सीमा इतनी भिन्न है कि उनकी निगरानी रखना बहुत कठिन है. राज्य स्तर पर राजनीतिक कारणों से विस्थापन की सटीक प्रकृति और सीमा का डेटा जारी करने से रोका जाता है रिपोर्ट के अनुसार आंतरिक विस्थापितों की संख्या पांच लाख बतायी जाती है. जबकि दिल्ली स्थित एक सामाजिक संस्थान के अनुसार यह संख्या दो करोड़ तेरह लाख है और वैश्विक डीआइपी परियोजना के अनुसार यह संख्या बीस करोड़ नब्बे लाख है. विकास प्रेरित प्रभाव ने भारी प्रभाव डाला है. सेन्टर फॉर साइंस एंड एन्वायरमेंट की रिपोर्ट के अनुसार बाढ़, साइक्लोन और भूस्खलन के कारण बड़े पैमाने पर बार-बार विस्थापन हो रहे हैं. दुखद यह है कि देश में इन विस्थापितों और शरणार्थियों के पुनर्वास की कोई राष्ट्रीय नीति नहीं है और कोई कानूनी संस्थागत ढांचा नहीं है. राज्यों के विस्थापन परिणामों की जवाबदेही नदारद है. मुद्दों का कोई तात्कालिक समाधान नहीं है. देश के समुद्रतटीय, पहाड़ी इलाकों के अतिरिक्त छत्तीसगढ़ और झारखण्ड जैसे आदिवासी राज्यों से लगातार विस्थापन जारी है. इन विस्थापितों के हालात बताते हैं कि वे अपनी मुर्गियां, बकरियां और गाय बेंच कर पेट पलने के लिए पैसे जुटाते हैं.

आपात स्थिति में 65 फीसदी परिवार और 55 फीसदी बच्चे भूखे रह जाते हैं. ज्यादातर महिलाएं भूख के कारण अकाल मौत की शिकार हो जाती हैं. ये हालात लोगों अपराध की अंधी गुफा में भी ढकेल देते हैं और महिलाओं को जिस्मफरोशी जैसे घिनौने दुष्कृत्य और बच्चों को भीख मांगने पर बिवश होना पड़ता है. ये किसे अपना देश कहें? हथकड़ी-बेड़ियों के साथ अमेरिका से वतन वापसी करते शर्म से सर झुकाए भारत के युवा क्या सोचते होंगे।

यही न कि दर्द ही उनका देश है.जिस जनसंख्या को कार्य शक्ति में बदल चीन अमेरका को टक्कर दे रहा है, दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र ऊर्जा और सपनों से भरे युवा समाज को शर्म से सर झुकाये अस्तित्व बचाने के लिए भूख प्यास से लड़ने पर विवश कर रहा है. देश प्राकृतिक रूप से आज भी इतना समृद्ध और सम्पन्न है कि इन्हें इज्जत की जिन्दगी बख्शी जा सकती है बशर्ते देश की सरकार और नेतृत्व संवेदनशील और जिम्मेदार हो. सिर्फ चुनाव जीतना ही पर्याप्त नहीं इन युवाओं को उनकी गरिमापूर्ण जिंदगी बख्शना उससे ज्यादा जरूरी है.

**( लेखक सामाजिक, राजनीतिक चिंतक हैं, संपर्क 94155 68836)**

## शिष्टाचार को बदमान ना करो

सबका अपना–अपना नजरिया होता है। एक गिलास यदि पानी से पूरी भरी हुई नहीं है तो सकारात्मक नजरिए वाला उसे आधी भरी मानेगा वहीं नकारात्मक नजरिए वाला आधी खाली बताएगा। हमारे आचार–व्यवहार के लिए भी नजर का यही खेल काम में आता रहा है। हमारा कोई व्यवहार किसी की नजर में शिष्टाचार है और किसी अन्य की नजर में भ्रष्टाचार। दल–बदल को ही लें। राजनीति की यह प्राचीन परम्परा है किंतु नेताओं का यह आचार भ्रष्ट नहीं कहलाता, इसकी एंट्री हृदय परिवर्तन के अकाउंट में करने का प्रोविजन है। हृदय परिवर्तन के साथ नेता का स्टेटस परिवर्तित होता है। धन, सत्ता और ऐश्वर्य सुख की प्राप्ति होती है। सुखद तथ्य यह कि जनता के हृदय में हिलोरें लेती आवाज सुनकर उसके हितार्थ ही नेता का हृदय परिवर्तित होता है किंतु आश्चर्य कि जनता इतनी बहरी कि उसे अपने हृदय की आवाज सुनाई ही नहीं देती।

नेता के हृदय परिवर्तन के चमत्कार से चुनी हुई सरकारें रातों–रात परिवर्तित हो जाती हैं और जनता जो है विस्मय से दर्शक की भूमिका में देखती रह जाती है। सरकारी महकमों को भी नकारात्मक सोच वालों ने बदनाम कर रखा है। वे हमारी सुविधाओं के लिए हैं किंतु वहां सरकारी मुलाजिमों की तादाद बेहद कम है और हम करोड़ों की समस्याओं का अंबार लगा है। बेचारे किन–किन की समस्याओं का समाधान करें! पेंडेंसी रहनी ही है। वे सीनियरिटी से काम करना चाहते हैं। बरसों लगे तो लगे। किंतु हम जनता, अपना काम सीनियारिटी से नहीं, पहले कराने के लिए ' सेवा शुल्क ' रूपी विटामिन देकर उनकी ऊर्जा में इजाफा करते हैं। ऐसा हम अपने लाभ के नजरिए से करते हैं और दिलजले जो हैं वे उसे रिश्वत के नाम से बदमान करते हैं। देवी–देवताओं, पीर–पैगंबरों, अपने आराध्यों के दरबार में भी हम कोई–ना–कोई मन्नत लेकर ही पहुंचते हैं, बिना काम के नहीं। बेटी के लिए अच्छे घर–वर की, बेटे के लिए धन–संपदा से सुसंपन्न लक्ष्मी पुत्र की सुपुत्री की, कमाऊ सीट पर पदस्थापन की, लेखक हैं तो इनाम–इकराम की आदि–इत्यादि अंतहीन मन्नतें!

# भारत में उच्च शिक्षा में कैसे सुधार हो?

योगेश मोहन

किसी भी देश की शिक्षा व्यवस्था में उच्च शिक्षा एक महत्वपूर्ण स्तम्भ होती है। उस स्तम्भ का आधार, उस



देश की संस्कृति, मूल्य एवं संस्कार ही होते हैं, जिनके अनुरूप छात्रों को उच्च शिक्षा प्रदान की जानी चाहिए। भारतीय शिक्षा नीति 2020 इसी आशा के साथ लाई गई थी कि इस नीति के क्रियान्वन के पश्चात भारतीय शिक्षा में आमूलचूल परिवर्तन आयेगा और भारत पुनः विश्वगुरू बन जाएगा, परन्तु ऐसा सम्भव नहीं हो पाया। नीति आयोग ने अपनी रिपोर्ट में भारतीय महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों की शिक्षा में गुणवत्ता की आवश्यकता पर बल दिया है। सभी शिक्षाविदों ने एकमत से इस तथ्य का चिंतन करते हुए इसको स्वीकार किया। किसी भी समस्या का समाधान करने से पूर्व उसके कारणों को जानना नितान्त आवश्यक है। उच्च शिक्षा का निम्न स्तर होने के कारणों को यदि जानने का प्रयास किया जाए तो उसमें सबसे प्रमुख कारण भ्रष्टाचार ही है, इसलिए उसपर नियन्त्रण करना अतिआवश्यक है अन्यथा उच्च शिक्षा के स्तर में सुधार कर पाना एक दुःस्वप्न सदृश ही रहेगा। किसी भी क्षेत्र में भ्रष्टाचार का प्रारम्भ शीर्ष पद से निम्न पद की ओर प्रवाहित होता है। सर्वप्रथम विश्वविद्यालयों के कुलपति की नियुक्ति हेतु शिक्षाविदों एवं वैज्ञानिकों का एक वृहद आयोग का गठन करके देशव्यापी मापदंड निश्चित किया जाना चाहिए, जिसमें राजनैतिक हस्तक्षेप ना हो। वर्तमान समय में भारत की उच्च शिक्षा प्रणाली, में निरीक्षण कताओं के द्वारा किसी भी नए संस्थान का शुभारंभ कतते समय तथा समय-समय पर उसके मानकों पर खरा उतरने की प्रदर्शन मूल्यांकन रिपोर्ट ली जाती है। शासन द्वारा गठित नियामक आयोग और उसका निरीक्षण दल, शिक्षण संस्थानों का केवल उत्पीड़न करते हैं तथा अनैतिक माँग करते हैं।

पहले AICTE (अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद) के द्वारा शिक्षण संस्थानों का प्रतिवर्ष निरीक्षण किया जाता था। परन्तु प्रो0 अनिल सहस्त्रबुद्धे ने अध्यक्ष पद पर नियुक्त होने के पश्चात, प्रतिवर्ष निरीक्षण कार्य की समाप्ति की घोषणां की। उनके इस निर्णय से आज AICTE भ्रष्टाचार से मुक्त हो चुकी है। इसका श्रेय प्रोफेसर सहस्त्रबुद्धे को ही जाता है।

NAAC (राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद) के निरीक्षण मंडलो के द्वारा भी विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के निरीक्षण कार्य के अन्तराल में किए गए भ्रष्टाचार भी समय-समय पर प्रकट होते रहे हैं। उस स्तर पर भी भविष्य में निरीक्षण की आवश्यकता को समाप्त करने का श्रेय प्रोफेसर सहस्त्रबुद्धे को ही जाता है।

अभी भी राज्य सरकारें, विश्वविद्यालय तथा नियामक आयोग, यथा - NCISM, PCI, National Medical Commission, Nursing Council आदि अपनी कार्यप्रणाली में परिवर्तन लाने की इच्छुक नहीं है, जिस कारण से इनके द्वारा भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। इन मंडलों की निरीक्षण प्रणाली को शीघ्रातिशीघ्र समाप्त करना होगा, तभी उच्च शिक्षा में सुधार सम्भव हो पायेगा। केन्द्रीय एवं राज्य सरकारों का सम्पूर्ण ध्यान सरकारी विश्वविद्यालयों पर ही केन्द्रित रहता है। आज भारत में निजी विश्वविद्यालयों का योगदान, सरकारी विश्वविद्यालयों से किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है। वे समस्त मानकों को पूर्ण करते हुए शिक्षा का उच्च स्तर बनाये रखने में संलग्न हैं। इसके अन्तर्गत शिक्षा, खेल, शोध एवं नवाचार तथा नौकरी नियोजन आदि सभी क्षेत्रों में निजी विश्वविद्यालय, सरकारी विश्वविद्यालयों के समकक्ष कंधे से कंधा मिलाकर न केवल कार्य कर रहें हैं अपितु उनसे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन भी कर रहे हैं। सरकारी विश्वविद्यालयों को, सरकार के द्वारा करोड़ों रूपयों का अनुदान प्राप्त होता है और समस्त सुविधाएं भी उन्हें प्रदान की जाती हैं, जबकि निजी विश्वविद्यालयों के लिए सरकार का सहयोग नगण्य है। जिस दिन से सरकार, दोनों प्रकार के विश्वविद्यालयों को समान सहयोग देना प्रारम्भ कर देगी, उसी दिन से भारत में शिक्षा प्रणाली में सुधार होना प्रारम्भ हो जाएगा। नेताओं और अधिकारियों को यह तथ्य निर्विवाद रूप से स्वीकार करना होगा कि अतीत में भी नालन्दा, तक्षशिला तथा विक्रमशिला जैसे विश्वविद्यालयों को उस समय के राजा पूर्ण आर्थिक सहयोग प्रदान करते थे, भारत को विश्वगुरू बनाने में जिनका प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग रहा है। वर्तमान में एक निजी विश्वविद्यालय ने खेलों के लिए राष्ट्रपति पुरुस्कार प्राप्त किया, इस तथ्य की ओर नेताओं और सरकारी अधिकारियों का ध्यान केन्द्रित होना चाहिए और उनकी कर्मठता की सराहना की जानी चाहिए। यदि ऐसा होना प्रारम्भ हो जाए तो, निश्चितः भारत, पुनः शिक्षा के क्षेत्र में विश्वगुरु बन जाएगा।

**(वरिष्ठ पत्रकार और आईआईएमटी यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति)**

# फिरकीः फंसी टीम भारत 156 रन पर ऑलआउट

## स्पिनरों के आगे नाकाम भारतीय बल्लेबाज, टीम का निराशाजनक प्रदर्शन




पुणे। भारत और न्यूजीलैंड बीच तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन टीम इंडिया स्पिन लेती पिच में फंसती नजर आ रही हैं। कीवी टीम के लिए बनाई गई स्पिन पिच पर खुद ही टीम इंडिया फंस गई हैं। न्यूजीलैंड के स्पिनर मिशेल सैंटनर ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए पूरी टीम इंडिया को सस्ते में निपटा दिया।

मैच के दूसरे दिन टीम इंडिया ने निराशाजनक प्रदर्शन किया। शुक्रवार को भारतीय टीम 16/1 के स्कोर से आगे बढ़ते हुए 156 रन पर सिमट गई। यशस्वी जायसवाल (30), शुभमन गिल (30) और रविंद्र जडेजा (38) के अलावा कोई भी बल्लेबाज नहीं चला। न्यूजीलैंड के स्पिनर मिशेल सैंटनर ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 53 रन देकर 7 विकेट हासिल किए। दूसरे दिन की शुरूआत में शुभमन गिल ने 72 गेंदों में 2 चौके और 1 छक्के की मदद से 30 रन बनाए, लेकिन उन्हें सैंटनर ने एलबीडब्ल्यू कर पवेलियन भेजा। इसके बाद विराट कोहली ने भी निराशाजनक प्रदर्शन करते हुए केवल 1 रन पर आउट हो गए। यशस्वी जायसवाल से उम्मीदें थीं, लेकिन उनके आउट होने के बाद भारतीय टीम लड़खड़ाती नजर आई। सैंटनर ने जायसवाल को कैच आउट करवाने के बाद ऋषभ पंत को 18 रन पर बोल्ड किया। इसके बाद उन्होंने सरफराज खान (11), रविंद्र जडेजा (38), और रविचंद्रन अश्विन (4) को भी आउट किया। अंततः, उन्होंने आकाशदीप (6) और जसप्रीत बुमराह (0) के विकेट लेकर अपनी शानदार गेंदबाजी का समापन किया।

न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 103 रन की बढ़त बना ली है। भारत को इस टेस्ट मैच में वापसी करने के लिए अपनी बल्लेबाजी में सुधार करना होगा। टीम की अब तक की प्रदर्शन पर नजर रखते हुए, उन्हें अगले दिन बेहतर रणनीति के साथ मैदान में उतरना होगा। न्यूजीलैंड की टीम पुणे टेस्ट में मजबूत स्थिती में पहुंच गई है। शुक्रवार को दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक टीम ने 5 विकेट खोकर 198 रन बना लिए हैं। अब उसकी कुल बढ़त 301 रन की हो गई है। भारतीय टीम की पहली पारी 156 रन पर सिमट गई थी। न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 259 रन




बनाए थे। दूसरी पारी में न्यूजीलैंड के लिए टॉम लैथम 86, विल यंग 23, डेरिल मिचेल 18, डेवोन कॉन्वे 17 और रचिन रवींद्र 9 रन बनाकर आउट हुए। भारत की ओर से अब तक वॉशिंगटन सुंदर ने 4 विकेट लिए। रविचंद्रन अश्विन को 1 विकेट मिला। सुंदर ने पहली पारी में भी 7 विकेट लिए थे। टीम इंडिया ने 140 रन बनाने में आखिरी 9 विकेट गंवा दिए भारतीय टीम पहली पारी में 156 रन पर ऑलआउट हो गई है। टीम इंडिया सीरीज में 0-1 से पिछड़ रही है।

## लंच तक पाकिस्तान का स्कोर 187 रन पर 7 विकेट

रावलपिंडी। रावलपिंडी में इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन पाकिस्तान के बल्लेबाज सऊद शकील ने शतक जड़ दिया है। उनका टेस्ट में यह चौथा शतक है। वहीं पाकिस्तान ने पहली पारी में 8 विकेट खोकर 270 के पार पहुंच गया है। नोमान अली के साथ आठवें विकेट लिए 151 गेंदों पर 88 रन की पार्टनरशिप की। नोमान अली 84 गेंदों का सामना कर 45 रन बना कर आउट हो गए। शुक्रवार को पाकिस्तान ने अपने कल के स्कोर 73/3 से आगे खेलना शुरू किया। कप्तान शान मसूद को 26 रन पर शोएब बशीर ने आउट किया। अभी टीम इंग्लैंड के स्कोर से 80 रन पीछे है। इंग्लैंड की तरफ से रेहान अहमद ने 3 विकेट लिए। शोएब बशीर को 2 और गस एटकिंसन, जैक लीच को 1-1 विकेट मिला। फिलहाल, पहले सेशन का खेल जारी है। मैच के दूसरे दिन पाकिस्तान के कप्तान शान मसूद अपने कल के स्कोर पर मात्र 3 रन जोड़े सके।

# शूटआउटः जर्मनी से सीरीज हारी भारतीय हॉकी टीम




नई दिल्ली। भारतीय हॉकी टीम ने वर्ल्ड चैंपियन जर्मनी के खिलाफ 2 मैचों ही सीरीज गंवा दी है। विजेता का फैसला शूटआउट के जरिए किया गया। जिसमें भारत 1- 3 से हार गया। गुरुवार को कप्तान हरमनप्रीत सिंह और सुखजीत सिंह के 2-2 गोल की बदौलत भारत ने दूसरा मुकाबला 5-3 से जीता। टीम इंडिया की इस जीत से सीरीज 1-1 से बराबर हो गई थी, क्योंकि जर्मनी ने पहला मुकाबला 2-0 से जीता था। मेजर ध्यानचंद स्टेडियम पर दूसरे टेस्ट में जर्मनी के लिए एलियान माजकूर ( 7वें और 57वें मिनट में) ने दो और हेनरिक मर्टजेंस ने 60वें मिनट में एक गोल किया। वहीं, भारतीय टीम की ओर से दूसरे हाफ में सुखजीत सिंह ( 34वां और 48वां मिनट) , कप्तान हरमनप्रीत सिंह (42वां और 43वां ) और अभिषेक (45वां मिनट ) ने गोल दागे। भारत शूटआउट में एक गोल ही कर सका सीरीज का फैसला करने के लिए हुए शूटआउट में भारतीय खिलाड़ी 5 प्रयास में एक गोल ही कर सके, जबकि जर्मन ने 3 गोल दागे। भारत के लिए डेब्यू कर रहे आदित्य अर्जुन लालगे ने गोल दागा, जबकि हरमनप्रीत, अभिषेक, मोहम्मद राहील नाकाम रहे।

# क्रिकेट विक्टोरिया, सेंट किल्डा क्रिकेट क्लब ने दी शेन वॉर्न को श्रद्धांजलि

मेलबर्न। क्रिकेट विक्टोरिया और सेंट किल्डा क्रिकेट क्लब ने मेलबर्न के जंक्शन ओवल मैदान के हेरिटेज-सूचीबद्ध ग्रैंडस्टैंड में से एक का नाम बदलकर दिवंगत स्पिनर महान शेन वॉर्न के नाम पर रखा है। उन्होंने विक्टोरिया और सेंट किल्डा टीमों में योगदान दिया और राज्य और क्लब स्तर पर प्रतिनिधित्व किया था। क्रिकेट विक्टोरिया ने घोषणा की, स्पिन क्रिकेट के बादशाह को एक स्थायी श्रद्धांजलि विक्टोरिया और सेंट किल्डा क्रिकेट क्लब ने जंक्शन ओवल में शेन वॉर्न स्टैंड का अनावरण किया। इस मौके पर शेन की बेटियां समर और ब्रुक और उनके पिता कीथ विशेष अतिथि थे। हमेशा के लिए एक विक्टोरियन और ऑस्ट्रेलियाई खेल आइकन। स्टैंड का नाम बदलने की प्रक्रिया, जो 1925 से चल रही है, मार्च 2022 में वार्न के दुर्भाग्यपूर्ण निधन से बहुत पहले शुरू हो गई थी । स्टैंड का नाम पहले ऑस्ट्रेलियाई फुटबॉल खिलाड़ी केविन मरे के नाम पर रखा गया था जिन्होंने इस बदलाव का समर्थन किया था ।

**मोरक्को के पूर्व मिडफील्डर अब्देलअजीज बरदा का निधन : नई दिल्ली।** रॉयल मोरक्कन फुटबॉल फेडरेशन ने जानकारी दी है कि मोरक्को और मार्सिले के पूर्व मिडफील्डर अब्देलअजीज बरदा का 35 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। बरदा ने अपने करियर में 26 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले, जिनमें 2012 के लंदन ओलंपिक खेल भी शामिल हैं।

## कैलेंडर वर्ष में 1000 टेस्ट रन बनाने वाले सबसे युवा भारतीय बने जायसवाल

पुणे। भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने शुक्रवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। 22 वर्षीय जायसवाल एक कैलेंडर वर्ष में 1000 टेस्ट रन बनाने वाले सबसे युवा भारतीय बल्लेबाज बन गए। उन्होंने दिलीप वेंगसरकर का 1979 में 23 वर्ष की उम्र में बनाया गया रिकॉर्ड तोड़ा। इस वर्ष जायसवाल ने अब तक 10 टेस्ट मैचों में 59.23 की औसत से 1007 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक और छह अर्धशतक शामिल हैं।

इस समय वे 2024 में सबसे अधिक टेस्ट रन बनाने वालों की सूची में इंग्लैंड के जो रूट के बाद दूसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने 14 मैचों में 1305 रन बनाए हैं। 2024 में अभी तीन और टेस्ट मैच बचे हैं, और जायसवाल के पास भारतीय क्रिकेट के कुछ सबसे बड़े रिकॉर्ड तोड़ने का मौका है। सचिन तेंदुलकर के नाम 2010 में बनाए गए 1562 रन एक कैलेंडर वर्ष में किसी भारतीय द्वारा सबसे अधिक टेस्ट रन बनाने का रिकॉर्ड है।

## रेसिडेंशियल एकेडमी ट्रायल्स आयोजित

पटियाला। बाईचुंग भूटिया फुटबॉल स्कूल (बीबीएफएस) ने एनजोगो के सहयोग से 26 अक्टूबर 2024 को पटियाला के पोलो ग्राउंड्स में रेसिडेंशियल एकेडमी ट्रायल्स का आयोजन करने की घोषणा की है। यह ट्रायल्स विशेष रूप से यू13 से यू17 आयु वर्ग के युवा फुटबॉल खिलाड़ियों के लिए डिजाइन किए गए हैं। चयनित खिलाड़ियों को बीबीएफएस की प्रतिष्ठित रेसिडेंशियल एकेडमी से जुड़ने का मौका मिलेगा। इन ट्रायल्स में शामिल होने के लिए खिलाड़ियों का जन्म 2009 और 2016 के बीच होना चाहिए। यह पहल उन महत्वाकांक्षी फुटबॉलर्स के लिए एक आदर्श मंच प्रदान करती है, जो अपने कौशल को प्रदर्शित करके प्रोफेशनल फुटबॉल की यात्रा शुरू करने का सपना देखते हैं। बीबीएफएस रेसिडेंशियल एकेडमी के साथ चयनित खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय प्रशिक्षण सुविधाएं, अनुभवी कोचिंग, और समग्र विकास कार्यक्रमों का लाभ मिलेगा।

# इमर्जिंग एशिया कप के फाइनल में भारत और पाकिस्तान के भिड़ने की संभावना

नई दिल्ली। इमर्जिंग एशिया कप में भारत और पाकिस्तान की क्रिकेट टीमों के बीच फाइनल मुकाबले की संभावना बढ़ गई है, क्योंकि दोनों टीमों ने सेमीफाइनल में अपनी जगह बना ली है। टूनार्मेंट की शुरूआत धमाकेदार रही, जिसमें भारत ने पाकिस्तान को ग्रुप स्टेज में 7 विकेट से हराया था। इस जीत ने टीम इंडिया के आत्मविश्वास को और बढ़ा दिया।

**सेमीफाइनल की जानकारी :** भारत ए टीम, जिसका नेतृत्व तिलक वर्मा कर रहे हैं, ने टूनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीनों ग्रुप मैचों में जीत हासिल की। अब उनका सामना सेमीफाइनल में अफगानिस्तान से होगा। वहीं, पाकिस्तान ने भी अपनी स्थिति को मजबूत किया है, जिसने तीन में से दो मैच जीतकर अंतिम चार में स्थान बनाया है। पाकिस्तान का




मुकाबला श्रीलंका से होगा। दोनों सेमीफाइनल मुकाबले 25 अक्टूबर को खेले जाएंगे। पहले सेमीफाइनल में श्रीलंका और पाकिस्तान की टीमें भारतीय समयानुसार दोपहर 2:30 बजे भिड़ेंगी। भारत और अफगानिस्तान के बीच दूसरे सेमीफाइनल का मुकाबला भी इसी दिन खेला जाएगा।

**ग्रुप स्टेज का प्रदर्शन :** भारत ने ग्रुप स्टेज पर अपने सभी तीनों मैच जीतकर 6 अंकों के साथ पॉइंट टेबल में शीर्ष स्थान हासिल किया।

इस ग्रुप में पाकिस्तान भी था, जिसने 4 अंक के साथ सेमीफाइनल में स्थान बनाया। ग्रुप ए से श्रीलंका ने 3 में से दो मैच जीते, जबकि अफगानिस्तान ने भी 2 मैच जीतकर अपनी जगह बनाई। बेहतर नेट रनरेट के कारण श्रीलंका अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहा। टूर्नामेंट में कुल 8 टीमें शामिल थीं, लेकिन बांग्लादेश ए और हांगकांग को बाहर होना पड़ा। ग्रुप बी से मेजबान यूएई और ओमान की टीम भी सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गई।

**फाइनल की उम्मीदें :** यदि भारत अफगानिस्तान को हराने में सफल होता है और पाकिस्तान श्रीलंका को मात देता है, तो क्रिकेट प्रेमियों को भारत और पाकिस्तान के बीच एक रोमांचक फाइनल देखने को मिलेगा। दोनों टीमों के बीच की प्रतिद्वंद्विता हमेशा से क्रिकेट की दुनिया में चर्चा का विषय रही है। ऐसे में फाइनल मुकाबला एक बड़े आयोजन के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें क्रिकेट प्रेमी अपनी आंखें टिकाए रहेंगे।

# जब श्रद्धा व राहुल दिखे साथ



मुंबई। लंबे समय से श्रद्धा कपूर और स्क्रिप्टराइटर राहुल मोदी के रिश्ते की अफवाह सुर्खियों में है। अक्सर दोनों को कई मौकों पर एक साथ देखा गया है और एक्ट्रेस ने उनके साथ तस्वीरें भी पोस्ट की हैं। श्रद्धा ने हाल ही में अहमदाबाद में एक शादी के रिसेप्शन में राहुल के साथ तस्वीर खिंचवाकर रोमांस की अटकलों को और हवा दे दी। समारोह के दौरान उन्होंने 'अनलिमिटेड' पानी पुरी का भी आनंद लिया।

दरअसल, 22 फरवरी, 2025 को फैन पेजों पर एक वीडियो सामने आई है। इस वीडियो में, श्रद्धा कपूर, एक शानदार गोल्डन कलर की एथनिक ड्रेस पहने हुए, अहमदाबाद में एक शादी के रिसेप्शन के स्टेज की तरफ जाती नजर आ रही है। एक्ट्रेस ने दूल्हा-दुल्हन के साथ-साथ उनके परिवारों को भी बधाई दी। श्रद्धा का कथित प्रेमी राहुल मोदी भी मंच पर उनके साथ शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने ग्रे सूट पहना था। उन्होंने नवविवाहित जोड़े के साथ मिलकर पोज दिया।

इस बीच श्रद्धा कपूर ने भी इवेंट की कुछ तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट कीं। हालांकि, उनमें राहुल मोदी शामिल नहीं थे। पहली तस्वीर में श्रद्धा पानी पूरी खाती नजर आ रही हैं तो दूसरी और तीसरी तस्वीर में वह अपना लुक फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। आखिरी स्लाइड में, श्रद्धा ने कुल्हड चाय का आनंद लेते हुए कैमरे के सामने एक फनी रिएक्शन देती नजर आ रही है। श्रद्धा कपूर अक्सर अपने पोस्ट के कमेंट सेक्शन में नेटिजन्स के साथ मजेदार मजाक करती रहती हैं, और इस बार भी कुछ अलग नहीं था। एक यूजर ने उनसे पूछा, सबसे अच्छा क्या लगा खाने में? @श्रद्धा कपूर,' जिस पर उन्होंने जवाब दिया, 'पहली बार छेना दही वड़ा खाया और जिंदगी बदल गई।

एक नेटिजन ने सवाल किया, 'चौथी तस्वीर किसने ली?' और श्रद्धा ने जवाब दिया, 'और कौन', साथ में हाथ पर हाथ वाला इमोजी भी था। श्रद्धा कपूर की वर्क फ्रंट की बात करें, तो एक्ट्रेस को आखिरी बार फिल्म स्त्री 2 में देखा गया था। प्रशंसक उनकी आगामी परियोजनाओं की आधिकारिक घोषणाओं का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## समारा को आया गुस्सा नानी नीतू को दिया धक्का

मुंबई। राज कपूर और कृष्णा कपूर के पोते और रीमा कपूर और मनोज जैन के बेटे आदर जैन ने शुक्रवार को मुंबई में हिंदू रिति-रिवाजों सहित अलेखा के साथ शादी के बंधन में बंध गए। शादी में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, करीना कपूर, सैफ अली खान, करिश्मा कपूर और अन्य सहित पूरा कपूर परिवार शामिल हुआ। इस बीच, भव्य शादी समारोह का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें रिद्धिमा कपूर साहनी अपनी बेटी समारा साहनी के साथ शटरबग्स के लिए पोज देती नजर आ रही हैं। जैसे ही नीतू कपूर अपनी बेटी और पोती के साथ आती हैं, समारा गुस्से में आ जाती हैं और अपनी दादी को कुछ सेकंड के लिए दूर धकेल देती हैं। नेटिजन्स ने इस वीडियो पर कई मजेदार कमेंट्स किए है। उनमें से एक ने लिखा, नानी से दांत पड़ी है, जबकि दूसरे ने लिखा, बॉडी लैंग्वेज विशेषज्ञ नहीं हूं, लेकिन देखिए कि जैसे ही नीतू फ्रेम में आती है तो उसकी मुस्कान कैसे फीकी पड़ जाती है। निश्चित रूप से कुछ गड़बड़ है।

# अब हिना खान का स्टेज 3 कैंसर झूठा?

मुंबई। रोजलिन खान ने हिना खान पर अपने कैंसर के निदान को झूठा बताने का आरोप लगाकर सभी को चौंका दिया। उन्होंने तर्क दिया कि तीसरे चरण का कैंसर रोगी स्कूबा डाइविंग जैसी कठिन गतिविधियाँ नहीं कर सकता और उनका मानना है कि हिना कैंसर से अपनी लड़ाई का इस्तेमाल पब्लिसिटी स्टंट के रूप में कर रही हैं। उन्होंने हिना को अपने कैंसर के इलाज के विवरण के बारे में बोल्ड होने की चुनौती भी दी थी। एक साहसिक कदम उठाते हुए, उन्होंने डॉ. मंदार नादकर्णी को भी चुनौती दी, जो दोनों के लिए एक ही डॉक्टर हैं और स्थिति को स्पष्ट करने के लिए कहा। जिन्हें नहीं पता, रोजलिन खुद स्टेज 4 कैंसर से पीड़ित हैं।

हिना ने रोजलिन द्वारा किए गए किसी भी दावे पर कभी प्रतिक्रिया नहीं दी। अब, रोजलिन ने हिना खान की पीईटी स्कैन रिपोर्ट सोशल मीडिया पर साझा की है, और ये रिश्ता क्या कहलाता है की अभिनेत्री पर अपनी कैंसर रिपोर्ट का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि उन्हें हिना की पीईटी स्कैन रिपोर्ट एक विश्वसनीय स्त्रोत से मिली है।

हिना के मेडिकल रिकॉर्ड से पुष्टि हुई है कि उन्हें स्टेज 2 ब्रेस्ट कैंसर है न कि स्टेज 3। रिपोर्ट शेयर करते हुए रोजलिन ने लिखा, मेडिकल गलत सूचना अलर्ट कृपया इस रिपोर्ट को पढ़ें, मेरे पास अन्य सहायक कागजात भी हैं जो मुझे अस्पताल की आधिकारिक मुहर के साथ एक स्त्रोत द्वारा प्रदान किए गए हैं... अब यह समझने का समय आ गया है कि मशहूर हस्तियां लाइमलाइट में आने के लिए कुछ भी कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि मुझे यह कहते हुए बहुत दुख हो रहा है कि स्टेज 3 अधिक ध्यान खींचने के लिए एक अतिशयोक्तिपूर्ण बयान था, यह ठीक था अगर उसने कहा होता कि यह स्टेज 2 कैंसर है .. हमारे लिए कैंसर कैंसर है .! टैब ब्रेवरी के अनुसार कैसे दिखती? मैं सही थी कि जल्दी पता चलने से जल्दी रिकवरी होती है और व्यक्ति तेजी से काम पर वापस जा सकता है। हम सभी ने हिना खान के मामले में इसे देखा, उनकी तेजी से रिकवरी आदि क्योंकि यह आसान उपचार था ..! एक कैंसर रोगी/उत्तरजीवी से गलत सूचना वास्तव में स्टेज 3 ट्रिपल निगेटिव से पीड़ित लोगों के लिए अपमानजनक है ..! कम से कम अब तो सामने सा करके सार्वजनिक माफी मांग लो ?

## वृषांक के साथ प्राजक्ता करेंगी वेडिंग

मुंबई। प्राजक्ता कोली उर्फ, लोकप्रिय यूट्यूबर और अभिनेत्री जो अपने अनोखे सेंस ऑफ ह्यूमर और भरोसेमंद कंटेंट के लिए जानी जाती हैं, अपने लंबे समय के बॉयफ्रेंड वृषांक खनल के साथ शादी के बंधन में बंधने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। सगाई के करीब दो साल बाद, यह जोड़ा अपनी शादी के लिए तैयार हो रहा है, जो 25 फरवरी, 2025 को होने वाली है। पिंकविला के साथ एक एक्सक्लूसिव बातचीत में, मिसमैच्ड और जुगजुग जीयो में अपनी भूमिका के लिए जानी जाने वाली प्राजक्ता ने पुष्टि की कि शादी का दिन जल्द ही आ रहा है। अभिनेत्री के प्रशंसक, जो पहली बार अपने यूट्यूब चैनल मोस्टली सेन से प्रसिद्ध हुईं, शादी के विवरण का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, और ऐसा लगता है कि यह जोड़ा आखिरकार इसे आधिकारिक बनाने के लिए तैयार है। प्राजक्ता और वृषांक की प्रेम कहानी कई सालों पुरानी है। यह जोड़ा पहली बार अपनी बीसवीं की उम्र में जुड़ा, जब वृषांक ने अपने एक साझा मित्र से उसका BBM पिन (ब्लैकबेरी मैसेंजर) लेने के लिए संपर्क किया। प्राजक्ता, जो स्वीकार करती है कि उसने उसे पहले कभी नहीं देखा था, एक मित्र के घर गणपति पूजा में शामिल हुई, जहाँ वृषांक ने उसे बाहर चलने के लिए कहा। उस समय जो एक आकस्मिक संबंध लग रहा था, वह तब से एक मजबूत, स्थायी रिश्ते में बदल गया है। अपनी सगाई के बारे में खुलते हुए, प्राजक्ता ने अपनी मिनिमलिस्टिक सगाई की अंगूठी के बारे में एक प्यारी सी जानकारी साझा की। वृषांक को अंगूठी मिली।

## ऊर्जा मंत्रालय की ओर से जारी रेटिंग में एनपीसीएल को मिली कामयाबी

ग्रेटर नोएडा। नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड (एनपीसीएल) ने भारत सरकार की ओर से जारी 13वीं वार्षिक एकीकृत रेटिंग में उच्चतम रेटिंग हासिल कर एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता का लोहा मनवाया है। एनपीसीएल को वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए ऊर्जा मंत्रालय द्वारा जारी विद्युत वितरण उपयोगिताओं की 13वीं वार्षिक एकीकृत रेटिंग और रैंकिंग में उच्चतम ए+ रेटिंग और डिस्कॉम की उपभोक्ता सेवा रेटिंग में भी ए प्लस रेटिंग हासिल करने का गौरव हासिल हुआ है। एनपीसीएल ने बिजली क्षेत्र में अपने नेतृत्व को मजबूत करते हुए वितरण उपयोगिताओं की संयुक्त रैंकिंग में देशभर में तीसरा स्थान हासिल किया है। इतना ही नहीं एनपीसीएल एकीकृत रेटिंग और सीएसआरडी में प्रतिष्ठित ए+ रेटिंग हासिल करनेवाली उत्तर प्रदेश की एकमात्र डिस्कॉम है। एनपीसीएल की ये उपलब्धि कंपनी की परिचालन उत्कृष्टता और बेहतर उपभोक्ता सेवाओं के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को जाहिर करती है। भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय की ओर से जारी ये रिपोर्ट एनपीसीएल की वित्तीय मजबूती, परिचलान दक्षता और उपभोक्ता-केंद्रित दृष्टिकोण का प्रमाण है। ये लगातार चौथा साल है जब एनपीसीएल ने वार्षिक एकीकृत रेटिंग में प्रतिष्ठित ए+ रेटिंग हासिल किया है। एनपीसीएल ने अपने पिछले साल की रैंकिंग में जबरदस्त सुधार करते हुए 7वें स्थान से इस साल देशभर में तीसरा स्थान हासिल किया है। 52 राज्य और निजी डिस्कॉम की सूची में पूरे भारत में केवल 11 डिस्कॉम ने उच्चतम ए+ रेटिंग हासिल की है जिसमें एनपीसीएल भी शामिल है। एनपीसीएल की ये कामयाबी उसे देश के शीर्ष ड़िस्कॉम में स्थापित करती है। इसके अलावा एनपीसीएल ने डिस्कॉम की उपभोक्ता सेवा रेटिंग में अपनी ए+ रेटिंग को सफलतापूर्वक बनाए रखा है। एनपीसीएल की ये उपलब्धि सर्वोत्तम श्रेणी की सेवाएं प्रदान करने और उपभोक्ता संतुष्टि में नए मानक स्थापित करने के लिए कंपनी के समर्पण को रेखांकित करती है।

# रिसर्चः बढ़ते तापमान से 2030 तक 30 प्रतिशत कृषि ऋण में बढ़ सकती है चूक की संभावना

नई दिल्ली। बढ़ते तापमान और जलवायु परिवर्तन के बढ़ते खतरे के कारण अगले पांच वर्षों में कृषि और आवास ऋण खंड के 30 प्रतिशत में चूक का जोखिम बढ़ सकता है। बीसीजी द्वारा किए गए एक विश्लेषण में यह आशंका जताई गई है। रिपोर्ट के अनुसार, औसत वैश्विक तापमान पूर्व-औद्योगिक स्तर की तुलना में लगभग 1.2 डिग्री सेल्सियस बढ़ चुका है, जिसके कारण तटीय क्षेत्रों में बाढ़ आ रही है और कृषि उत्पादन में कमी आ रही है। रिपोर्ट कहती है कि इसके परिणामस्वरूप, बढ़ती चरम मौसम की घटनाओं से प्रभावित लोगों की प्रति व्यक्ति आय में गिरावट आई है।

अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों का लगभग आधा कर्ज, प्रकृति और उसके पारिस्थितिकी तंत्र पर काफी हद तक निर्भर है, इसलिए कोई भी प्राकृतिक आपदा उनके मुनाफे को प्रभावित करती है। अनुमान के मुताबिक, 2030 तक भारत के 42 प्रतिशत जिलों में तापमान में दो डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने का अनुमान है। इसलिए, अगले पांच साल में तापमान वृद्धि से 321 जिले प्रभावित हो सकते हैं।

हालांकि, जलवायु परिवर्तन बैंकों को देश की



ऊर्जा परिवर्तन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रतिवर्ष 150 अरब डॉलर का अवसर भी प्रदान करता है, क्योंकि 2070 तक शुद्ध-शून्य के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सार्वजनिक वित्तपोषण काफी कम है। बीसीजी के प्रबंध निदेशक (एमडी) और भागीदार एशिया प्रशांत और इंडिया लीडर (जोखिम व्यवहार) अभिनव बंसल ने कहा, भारत कोयले और तेल से दूर होकर नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत को यह बदलाव लाने/परिवर्तन करने के लिए सालाना 150-200 अरब डॉलर का निवेश करना होगा।

इसके विपरीत, भारत में जलवायु वित्त 40-60 अरब डॉलर के बीच है, जिससे 100-150 अरब डॉलर का अंतर पैदा हो रहा है। उन्होंने कहा, यह परिवर्तन अवसरों का परिदृश्य तैयार करेगा। हालांकि, हम लक्ष्य से बहुत दूर हैं और हम इसे 2030-40 तक घटित होते हुए देख सकते हैं, तथा यह अभी शुरू हो रहा है। उन्होंने कहा कि अग्रणी इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाएंगे, तथा बैंकिंग संदर्भ के नजरिये से हम बड़ी सफलता प्राप्त कर सकते हैं। निष्क्रियता की लागतः जलवायु जोखिम से निपटने के लिए सीईओ गाइड शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया है कि बढ़ते जलवायु जोखिम पहले से ही वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रहे हैं और सामूहिक कार्रवाई की व्यावसायिक आवश्यकता स्पष्ट है।

## चालू वित्त वर्ष में कोयले का आयात 20.13 करोड़ टन पर लगभग स्थिर

नई दिल्ली। चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह (अप्रैल-दिसंबर) में भारत का कोयला आयात 20.13 करोड़ टन पर लगभग स्थिर रहा है। ई-नीलामी क्षेत्र में अग्रणी नाम एमजंक्शन सर्विसेज द्वारा जुटाए गए आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। एक साल पहले की समान अवधि में देश का कोयला आयात 20.15 करोड़ टन रहा था। दिसंबर में कोयले का आयात पिछले वित्त वर्ष के इसी महीने के 2.33 करोड़ टन से घटकर 1.92 करोड़ टन रह गया है।

अप्रैल-दिसंबर, 2024 के दौरान, गैर-कोकिंग कोयले का आयात 12.88 करोड़ टन रहा। जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के दौरान 13.34 करोड़ टन रहा था। अप्रैल-दिसंबर के दौरान कोकिंग कोयले का आयात 4.06 करोड़ टन रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 4.28 करोड़ टन रहा था। एमजंक्शन के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनय वर्मा ने कहा, घरेलू बाजार में ऊंचे स्टॉक की स्थिति और उम्मीद से कम मांग के कारण आयात की मात्रा में गिरावट आई है। आगामी हफ्तों में मांग के परिदृश्य में बदलाव की उम्मीद नहीं है। कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने हाल ही में कहा था कि सरकार का ध्यान कोयले के आयात को कम करने और घरेलू उत्पादन को बढ़ाने पर है। कोयला क्षेत्र देश की ऊर्जा सुरक्षा की बुनियाद बना हुआ है, जो देश के औद्योगिक और आर्थिक वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वैश्विक स्तर पर पांचवें सबसे बड़े भूगर्भीय कोयला भंडार और दूसरे सबसे बड़े उपभोक्ता के रूप में कोयला एक अपरिहार्य ऊर्जा स्त्रोत बना हुआ है। राष्ट्रीय ऊर्जा मिश्रण में कोयले का योगदान 55 प्रतिशत का है।

शौर्य न्यूज इंडिया
24 फरवरी से 2 मार्च, 2025

# आगरा में बोले सीएम, अब जॉब क्रिएटर बनें युवा

## यूनिकॉर्न कॉन्क्लेव में बोले मुख्यमंत्री, यूपी में अपार संभावनाएं, कार्यक्रम में कांग्रेस पर भी बरसे

आरती यादव



आगरा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि युवा जॉब क्रिएटर बनें। यूपी में इसकी अपार संभावनाएं हैं। जल्द ही प्रदेश वन ट्रिलियन इकोनॉमी वाला प्रदेश बनेगा। कृषि के साथ सनातन, ज्ञान व परंपरा की भूमि उप्र है।

निवेश को बढ़ावा देने व निवेश के प्रस्तावों को धरातल पर उतारा जा रहा है। निवेश को बढ़ावा देने को लेकर यहां कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया है। इसमें देशभर के यूनिकॉर्न कंपनी के लोग विचारों का आदान-प्रदान कर रहे हैं। कोई भी यूनिकॉर्न कंपनी बिना निवेशकों के आगे नहीं बढ़ती है।

योगी ने कहा कि दुनिया में अपने नवाचार से डिजिटल अर्थव्यवस्था यूनिकॉर्न लोहा मनवा चुके हैं। रविवार को यूनिकॉर्न कॉन्क्लेव में उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक बसों का संचालन बढ़ाया जा रहा है। सिटी बसों से लेकर रोडवेज के बेड़े का यह हिस्सा बन चुकी हैं। यूनिकॉर्न कंपनीज की ओर से रविवार को होटल अमर विलास में कॉन्क्लेव आयोजित किया गया। इसमें देश भर के 100 से अधिक स्टार्टअप शुरू करने वाले उद्यमी शामिल हुए।

कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विचारों की परंपरा प्राचीन काल से है। रामायण की रचना से पहले उनके मन में श्लोक आ रहा था। वे नारद जी के पास गए। तब नारद जी ने भगवान श्रीराम को आधार रखने की सलाह दी। महर्षि ने ऐसा करके ही रामायण की रचना की। स्टार्टअप की संस्कृति को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नया आयाम दिया है।

पहले सिस्टम के प्रति विश्वास नहीं था, लेकिन अब विश्वास पैदा हुआ। पीएम ने स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, मेक इन इंडिया की भावना को आगे बढ़ाया। प्रदेश में 14 हजार से अधिक स्टार्टअप हैं। सात हजार ऐसे हैं, जो महिलाओं के हैं। इन्होंने जीवन के अलग-अलग फील्ड में कुछ नया करके दिखाया है। उप्र जैसे राज्य में फिजिक्स वाला यूनिकॉर्न बन गया। इलेक्ट्रिक बसें सभी शहरों चालू की जा रही हैं। गोरखपुर में पांच से 40 बसें की गईं। इलेक्ट्रिक बस बनाने वालों के लिए अनुदान देने की पॉलिसी बनाई गई है। अकेले यूपी को डेढ़ लाख बसें चाहिए। जो भी आएगा उसके सामने यूपी का इतना बड़ा मार्केट है। यहां बहुत डिमांड और नई- नई संभावनाएं हैं।

कहा कि खाद्यान्न और गन्ना उत्पादन में उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है। इसे फूड प्रोसेसिंग और निर्यात से जोड़ दें तो तीन गुना हो सकती है। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी अपार संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री ने महाकुंभ का उदाहरण देते हुए कहा कि खोया-पाया के माध्यम से हमारे युवाओं ने 28 हजार लोगों को घर वालों से मिलाया है।

कांग्रेस अध्यक्ष कहते हैं कि हजारों लोग मारे गए। उनकी दृष्टि ऐसी है। यह तकनीकी का ही परिणाम है। यदि तकनीक नहीं होती तो शायद न हो पाता। मुख्यमंत्री ने उदाहरण दिया कि एक व्यक्ति प्रयागराज में अपने घर से संगम स्नान करने निकले थे। अचानक रात में घटना घटित होती है। वे काफी दिन तक घर नहीं पहुंचे तो लोगों ने समझ लिया कि उनकी मृत्यु हो गई। तेरहवीं की व्यवस्था कर ली। उसी दिन वह ई- रिक्शा से घर पहुंच गए और बताया कि कुंभ में भंडारा में खाना खाकर रहते रहे।

## खुद को क्राइम ब्रांच का दारोगा बताकर युवक से मांगे 50 हजार रुपये

आगरा। न्यू आगरा के नगला पदी क्षेत्र में खुद को स्पेशल क्राइम ब्रांच का दारोगा बता शातिर ने युवक से पचास हजार रुपये की मांग की। पुराने मुकदमे के दोबारा खुलने का हवाला देकर क्राइम ब्रांच की दबिश का हवाला दिया। कथित रूप से एसपी के हाथ की लिखी पर्ची दी।

पीड़ित ने हरिपर्वत थाना की कमान संभाल रहे प्रशिक्षु आईपीएस अक्षय से मदद की गुहार लगाई। आईपीएस के निर्देश पर जाल बिछाकर पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से वसूले गए रुपये और एक धारदार हथियार बरामद हुआ है। जागेश्वर नगर के संदीप कुमार ने बताया कि उनके घर के पास काफी समय तक विनोद कुमार नामक व्यक्ति किराए पर रहता था। दो वर्षों से उसने अपना ठिकाना बदल लिया था। कुछ माह पूर्व वो दोबारा क्षेत्र में आने लगा। सादा कपड़ों में स्पोर्ट्स शूज पहन कमर में पिस्टल लगाकर लोगों को रौब दिखाता था।

# बदायूं में बेटी ने भाजपा नेता पर लगाए 'संगीन' इल्जाम



बदायूं। शहर के एक भाजपा नेता पर उनकी बेटी ने गंभीर आरोप लगाए हैं और सभी अधिकारियों को डाक से प्रार्थना पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है। भाजपा नेता का कहना है कि उसकी बेटी शादीशुदा है और वह दूसरे युवक के साथ चली गई है। वह घर से 15 लाख का जेवर भी ले गई है। भाजपा नेता ने बेटी के आरोपों को झूठा बताया है।

यह मामला कोतवाली क्षेत्र के एक मौहल्ले का है। यहां के भाजपा नेता ने अपनी बेटी की शादी वजीरगंज थाना क्षेत्र में की थी। बताया जा रहा है कि उसकी एक बेटी भी है। वह कुछ दिन पहले अचानक अपनी ससुराल से लापता हो गई थी। जब परिवार वालों ने पता लगाया तो वह एक युवक के साथ चली गई थी और अपने घर से नकदी समेत करीब 15 लाख का जेवर ले गई थी। भाजपा नेता ने युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी, लेकिन उनकी बेटी ने पुलिस को युवक के पक्ष में ही बयान दिया और बाद में वह उसके साथ चली गई। अब उसने पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों को डाक द्वारा प्रार्थना पत्र भेजकर अपने पिता और ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उसका कहना है कि उसके पिता ने उसके नाबालिग होने के दौरान ही शादी कर दी थी। उसका पति रोजाना मारपीट करता था। इससे वह युवक के साथ जाकर रहने लगी। जब उसके पिता को इसकी जानकारी हुई तो वह उसे घर ले आए और उसे भूखा प्यासा रखा। उसका शारीरिक शोषण किया। उसने अपने पिता और ससुराल वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# प्रेमिका ने मांगे पैसे, लगा दी सेंध



वजीरगंज/बदायूं। प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक में चोरी करने वाले बगरैन के ही दो युवक निकले। उनमें एक युवक पिछले काफी समय से बैंक की रेकी कर रहा था। वह अपने खाते से रुपये निकालने के बहाने बैंक जाता था और अंदर बैठकर योजना बनाता था।

उसे दिल्ली में अपनी प्रेमिका को दो लाख रुपये भेजने थे। इसलिए वह अपने दोस्त के साथ ताला तोड़कर बैंक में घुस गया था लेकिन नकदी चोरी नहीं कर पाया था। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से बैंक के अभिलेख और अन्य सामान बरामद हुआ है।

थाना क्षेत्र के कस्बा बगरैन में तीन फरवरी की रात चोरों ने प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक को निशाना बना लिया था। दूसरे दिन सुबह आसपास के लोग सोकर उठे तो उन्होंने बैंक के ताले टूटे पड़े देखे थे। उनकी सूचना पर थाना पुलिस और बैंक के अधिकारी मौके पर पहुंच गए थे। प्राथमिक छानबीन के दौरान पता चला था कि चोर बैंक से नकदी चोरी नहीं कर पाए थे। हालांकि उन्होंने बैंक का लाकर काटने का प्रयास जरूर किया था। उसके बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्जकर मामले की छानबीन शुरू कर दी थी। बैंक के सीसीटीवी कैमरों के अलावा आसपास लगे कैमरों को भी खंगाला गया था। बताते हैं कि उनमें बगरैन कस्बा निवासी कासिम और फिरोज दिखाई दिए थे। इसके आधार पर पुलिस ने मंगलवार सुबह दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया।

थाने लाकर जब उनसे पूछताछ की गई तो उनमें मुख्य सरगना फिरोज निकला। उसने बताया कि उसकी प्रेमिका दिल्ली में रहती है। वह उससे प्यार करता है। यहां से उसे दो लाख रुपये भिजवाने थे लेकिन उसके पास रुपये नहीं थे। इससे वह चोरी की योजना बना रहा था। वह अपने खाते से रुपये निकालने के लिए प्रथमा बैंक जाता था और रेकी करता था। इससे उसने अपने साथी कासिम को साथ ले लिया और ताला तोड़कर बैंक में चोरी की लेकिन पुलिस का हूटर सुनकर लाकर नहीं तोड़ पाए। जल्दबाजी में कैश काउंटर एक बैग, स्कैनर और कैमरे में फोटो ना आए इससे डीवीआर समझकर एक छोटी मशीन उठा ले गए। पुलिस ने उनसे सारा सामान बरामद कर लिया है। दोपहर बाद उन्हें जेल भेज दिया गया। कस्बा निवासी फिरोज 25 लाख रुपये का सोना लूटने में शामिल था। यह लूट नई दिल्ली में हुई थी। वह करीब तीन माह जेल में रहा। उसके बाद 26 जनवरी को जमानत पर बाहर आया था और घर आने के बाद बैंक में चोरी की योजना बनाने लगा था।

## ससुराल से लौटने के बाद युवक का फंदे पर लटका मिला शव

बदायूं। खुदागंज क्षेत्र के कायस्थान मुहल्ला निवासी राजेश की शादी करीब साढ़े सात वर्ष पहले निगोही क्षेत्र के कबीरपुर गांव निवासी आरती से हुई थी। उनके कोई संतान नहीं थी। शनिवार को राजेश का कमरे में साड़ी के फंदे से शव लटका मिला। उनके पिता जगदीश ने बताया कि उस समय वह सब्जी बेचने गए थे। उन्होंने बताया कि आरती एक सप्ताह पहले मायके चली गईं थी। शुक्रवार को वह विदा कराने की बात कहकर घर से निकले थे। बेटे के साथ ससुराल में अभद्र व्यवहार किया गया था। विदा करने से भी इन्कार कर दिया था। धमकी दी थी कि यदि पुलिस से शिकायत कर दी तो दो लाख रुपये हजार्ने के रूप में देने पड़ जाएंगे। जिस वजह से राजेश वहां से बिना विदा कराए ही वापस लौट आए थे। स्वजन को पूरा घटनाक्रम भी बताया था। इससे आहत होकर राजेश ने आत्महत्या कर ली।

# सीएम के आगरा दौरे पर गरमाई सियासत

## सपाध्यक्ष अखिलेश ने गिनाए 10 पॉइंट्स, होमवर्क पूरा करते जाने की बात कही



आगरा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगरा दौरे पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने इंटरनेट मीडिया में पोस्ट करते हुए 10 सूत्रीय होमवर्क को पूरा करते जाने की बात कही है। अखिलेश यादव ने पोस्ट की है कि, जब मुख्यमंत्री आगरा आ ही रहे हैं तो अपने कार्यकाल में लंबे समय से उपेक्षित पड़े आगरा के 'दस सूत्रीय होमवर्क' को भी पूरा करते जाएं-

- आगरावासियों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था का काम (केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा सही में स्वच्छ एवं पीने योग्य होने का सच्चा प्रमाण-पत्र प्राप्त पेयजल; न कि अपने लोगों से प्रमाणित पेयजल)।
- यमुना जी की सफाई का काम।
- आगरा के पर्यटन को ट्रिलियन डालर की टूरिज्म इकोनमी का हिस्सा मानते हुए वर्ल्ड क्लास सिटी की फेसिलिटी और एमिनिटीज सुनिश्चित करने का काम।
- ताजमहल के आसपास ताजगंज के विकास का काम।
- मुगल म्यूजियम का नाम बदलने के बाद भी अधूरे पड़े काम को पूरा करने का काम।
- आगरा रिंग रोड को पूरा करने का काम।
- आगरा की जनता के लिए 'ट्रैफिक फ्री' आवागमन की सुविधा का काम।
- आगरा में प्रदूषण के नियंत्रण का काम।
- आगरा में चर्म उद्योग के पुनर्वास के लिए वैकल्पिक व्यवस्था का काम।
- आगरा और आसपास के आलू किसानों को मेहनत का सही दाम दिलवाने का और आलू उत्पादों को वैश्विक मांग से जोड़ने के लिए रिसर्च एंड डेवलपमेंट का काम।
- और यूनीकार्न पर ध्यान देने के साथ ही, दूसरी तरफ 'डबल हार्न' से खेतों को बचाने और उनके जानलेवा हमलों से सड़क चलती जनता की जान बचाने का काम।

**सीएम योगी आए हैं आगरा में :** आगरा में कॉन्क्लेव के संबंध में योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह उत्तर प्रदेश में पहली बार हो रहा है, जहां एक मंच पर बैठकर विचारों को साझा किया जा रहा है। उद्यमियों के लिए निवेश के नया आईडिया विचार कहीं से भी मिल सकते हैं। यह विचार के परंपरा आज से नहीं चल रही है। याद करिए दुनिया के सभी प्रकार के की आधारशिला वाल्मीकि ने रखी वाल्मीकि रामायण यह इतनी लोकप्रिय क्यों हैं। वाल्मीकि रामायण का लोकप्रिय होने का कारण है कि बोलचाल की भाषा में होना व्याकरण के बदले व्यावहारिक संस्कृत को बढ़ावा।

इसी के चलते यह प्रसिद्ध है भारतीय भाषा का जो जानकारी हो संस्कृत के बारे में नहीं जानता हो तो वाल्मीकि रामायण को अगर एक बार पड़ेगा तो जानकारी हो जाएगी महर्षि वाल्मीकि के मन में महर्षि वाल्मीकि महाराज जी के पास गए उन्होंने कहा कि यह कुछ लोग आ रहा है लेकिन यह लिखना कैसे हैं या नहीं पता नारद जी बोले जो परम पुरुष है वह श्री राम है श्री राम को आधार बनाकर को आधार बनाकर उत्तर प्रदेश जैसे राज्य के बारे में एवं चर्चा करते हैं

## ई-केवाईसी करने वाला पोर्टल बंद

बांदा। राशनकार्ड में दर्ज परिवार के सभी सदस्यों की ई-केवाइसी न करवाने वालों के लिए बुरी खबर है। जिन राशन कार्ड धारकों ने अब तक सभी सदस्यों की ई-केवाइसी नहीं कराई है। उन्हें मार्च माह से राशन मिलना बंद हो जाएगा। इसके साथ ही इन सदस्यों के नाम राशन कार्ड से डिलीट भी कर दिए जाएंगे। ई-केवाइसी करने वाला पोर्टल बंद कर दिया गया है। जून माह से हो रही ई-केवाइसी में आठ माह से ज्यादा समय बीतने के बाद अब तक 38,78,110 सदस्यों में 28,95,735 की ई-केवाइसी पूरी हुई है। अभी 9,82,375 सदस्यों की ई-केवाइसी शेष है। यदि दोबारा पोर्टल नहीं चला तो ई-केवाइसी नहीं कराने वाले इन सदस्यों को राशन नहीं मिलेगा। मंडल के चारों जिलों में नौ लाख 75 हजार 184 राशन कार्ड धारक हैं। जिनमें बांदा में 3,52,284, चित्रकूट में 1,98,018, हमीरपुर में 2,36,378 व महोबा में 1,88,504 राशन कार्ड धारक हैं। शासन ने राशन कार्ड के जरिए गलत तरीके से सदस्यों की संख्या बढ़ा कर व सदस्य के मृत होने के बाद भी राशन लेने के फजीर्वाड़े को रोकने के लिए राशन कार्ड धारकों को ई-केवाइसी करने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद जून माह में कोटेदारों के यहां लगी ई-पाश मशीन के जरिए ई-केवाइसी शुरू हुई। कोटेदारों ने घर-घर जाकर भी सदस्यों की ई-केवाइसी की, लेकिन आठ माह से ज्यादा का समय बीतने के बाद भी लक्ष्य के अनुरूप काम नहीं हो पाया है। दो बार अंतिम तिथि बढ़ाई गई लेकिन जनवरी के अंत तक ई-केवाइसी पूरी नहीं हो सकी। अब तक 74.67 प्रतिशत सदस्यों की ही ई-केवाइसी हो सकी है। 13 फरवरी से राशन कार्ड धारकों के सदस्यों की ई-केवाइसी करने वाला पोर्टल बंद चल रहा है। फिलहाल विभाग आगे पोर्टल खुलने व ई-केवाइसी आगे न हो पाने को लेकर निर्देशों का इंतजार कर रहा है।

# मुर्दे के जरिए अफसरों ने भरी अपनी जेब

## बदायू में रणनीति बनाकर खाते से चट किए 38 हजार, बैंक में आया घेरे में




बदायूं। बिसौली कोतवाली क्षेत्र में एक मृतक का खाता प्रयोग करना बैंक अधिकारियों के लिए महंगा पड़ गया। मृतक किसान ने वर्ष 2014-15 में अपना किसान क्रेडिट कार्ड बनवाया था। साल 2015 में उसकी मृत्यु हो गई थी। इसके दो साल बाद खुद बैंक अधिकारियों ने उसका खाता शुरू कर दिया और उसके खाते से 38 हजार रुपये निकाल लिए।

किसान के परिवार पर ब्याज चढ़ा दिया गया। बाद में जबरन जमा भी कराया और खाता बंद कर दिया गया। इसमें पुलिस ने किसान के बेटे के प्रार्थना पत्र पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मुंसिया नगला निवासी गुड्डू का कहना है कि वर्ष 2014-15 में उसके पिता सोनपाल ने प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक की दबतोरी शाखा में अपना किसान क्रेडिट कार्ड बनवाया था। उसमें उनका बचत खाता भी संचालित हुआ था और उसका बीमा भी कराया गया था। 10 दिसंबर 2015 को उसके पिता सोनपाल की मृत्यु हो गई। उसके बाद बैंक में कोई लेनदेन नहीं हुआ था।

29 अगस्त 2017 को राज्य सरकार की ऋण माफी योजना के तहत उनके क्रेडिट कार्ड की धनराशि माफ कर दी गई थी। आरोप है कि इसके बावजूद बैंक अधिकारियों ने फजीर्बाड़ा करते हुए 21 सितंबर 2017 को उनका खाता शुरू करते हुए उससे 38,000 रुपये निकाल लिए। उनके बचत खाते का भी प्रयोग किया गया। बैंक अधिकारियों ने जानबूझकर केवाईसी के नियमों का उल्लंघन किया।

फिर 21 मई 2020 को उनके खाते से 498 रुपये दुर्घटना बीमा के काट लिए गए। जब उनके परिवार को इसकी जानकारी हुई तो वह हैरान रह गए। उसके बाद बैंक अधिकारियों द्वारा लगातार उसकी मां भागवती को डराया धमकाया गया। उनसे कहा गया कि अगर रुपया जमा नहीं किया तो उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवा दी जाएगी। उनकी जमीन नीलाम कर दी जाएगी।

इससे डरकर उसकी मां ने 20 अक्तूबर 2023 को सोनपाल के खाते में 18,000 रुपये जमा कर दिए। उसके बाद बैंक अधिकारियों ने उनका खाता बंद कर दिया। उनके 17800 रुपये हड़प लिए। बाद में उसकी मां के साथ गालीगलौज की गई और उनकी पासबुक फाड़ दी गई।

इस संबंध में गुड्डू ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायत की थी। उसके आधार पर पुलिस ने बैंक अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर विशाल प्रताप सिंह ने बताया कि इसमें प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। इसमें साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई होगी।

## योगी के मंत्री के भाई को धमकाया

चित्रकूट। योगी सरकार के प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष सिंह पटेल के भाई और रामनगर ब्लॉक के लौरी ग्राम प्रधान के पति अरुण पटेल उर्फ मुन्ना सिंह को फोन पर जान से मारने की धमकी मिली है। तीन दिन पहले 18 फरवरी को शाम करीब छह बजे किसी ने उनको फोन कर धमकी दी है। हालांकि, फोन करने वाले ने अपना नाम नहीं बताया है। मुन्ना सिंह ने थाना रैपुरा में मोबाइल फोन नंबर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

यह फोन मुन्ना सिंह के पास उस समय आया था जब वह गांव से चित्रकूट धाम कर्वी एक शादी समारोह में शामिल होने आ रहे थे। फोन करने वाला पश्चिम उत्तर प्रदेश की बोली बोल रहा है। करीब चार मिनट की काल में वह मुन्ना सिंह से कह रहा है कि तू बोलता है ए मंत्री वो मंत्री तेरा भइया मंत्री है तू क्या करेंगा। तू उसके नाम की जिएगा या अपने नाम की....। जिसकी पार्टी से तेरा भाई मंत्री है वह कैसे मारा था और पिटा था तुझे कुछ मालूम भी है। ऐसे ही वह एक सांस में धमकी पर धमकी दे रहा है, जबकि मुन्ना सिंह बार-बार कह रहे हैं तुम बोल कौन रहे हो...। लेकिन सामने वाला अपना नाम नहीं बताया है। सिर्फ धमकी पे धमकी दे रहा है। मुन्ना सिंह ने बताया कि उनके पास एक बिना सेफ मोबाइल नंबर से कॉल आई थी। यह कॉल लौरी प्रधान के मोबाइल नंबर 6388408226 पर आई थी। प्रतिनिधि होने के कारण उठा लिया था। रैपुरा थाना प्रभारी श्याम प्रताप पटेल ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मोबाइल नंबर किसका है जांच की जा रही है। बता दें कि मुन्ना सिंह प्रदेश सरकार के मंत्री आशीष पटेल के भाई है और केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल के जेठ है। वह अक्सर सुर्खियों में रहते हैं।

# हादसे में 2 की मौत, 28 जख्मी

## महाकुंभ से लौट रही श्रद्धालुओं से भरी पिकअप पलटी



देवरिया। महाकुंभ से स्नान कर पिकअप में सवार 32 लोग घर आ रहे थे।एकौना थाना क्षेत्र क्षेत्र के नगवा खास गांव के समीप गुरुवार की तड़के दो बजे तेज गति से आ रही पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें सवार 29 लोग घायल हो गए।

सभी को देवरिया मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए आया गया, जहां चिकित्सकों ने चालक रोहित वर्मा को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल एक युवती समेत दो लोगों को गोरखपुर मेडिकल कालेज भेज दिया। शेष लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया था। सभी बिहार के सिवान जिले के रहने वाले हैं।

बिहार प्रदेश के सिवान जनपद के रहने थाना तरवारा के उसरी के रहने वाले रोहित वर्मा पुत्र विरेंद्र प्रसाद वर्मा अपनी पिकअप से गांव और रिश्तेदारों के साथ महाकुंभ में स्नान करने के लिए प्रयागराज गया था। जहां से स्नान करने के बाद 29 लोग उसी पिकअप से वापस गांव आ रहे थे। अभी वह एकौना थाना क्षेत्र के देवरिया-असवन पार मार्ग पर नगवा खास गांव के समीप पहुंची थी मोड़ पर पिकअप अनियंत्रित हो कर गड्ढे में पलट गई। जिससे उसमें सवार रोहित वर्मा,गोल्डेन कुमार,प्रियांशु,मीरा देवी, सोनू कुमार, नितिश कुमार, रीमा देवी, सुग्गी, फूल कुमारी, नितू देवी, कमलेश प्रसाद, शिल्पी कुमारी, संगीता देवी, लिलावती देवी, कमलावती देवी, मुन्नी देवी, सोनम, सीमा कुमारी,कमलावती, काजल देवी, विराट कुमार, दीपक कुमार,रमा राय, भगमानी देवी,रिया, उषा देवी, प्रिती, ममता, फूलझारी देवी को देवरिया मेडिकल कॉलेज लाया गया। जहां पर चिकित्सों ने रोहित वर्मा को मृत घोषित कर दिया। गोल्डेन कुमार और सुग्गी की स्थिति गंभीर देख कर गोरखपुर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया।

बिहार प्रदेश के सिवान जनपद के थाना तरवारा के अलग अलग गांव के रहने वालो 32 लोग तीन दिन पूर्व प्रयागराज महाकुंभ के लिए रवाना हुए। वहां स्नान करने के बाद बुधवार को दिन में घर के लिए सभी सभी लोग पिकअप में बैठ कर रवाना हुए। पिकअप एकौना थाना क्षेत्र के देवरिया-असवन पार मार्ग पर नगवा खास गांव के समीप पहुंची थी मोड़ आने पर पिकअप अनियंत्रित हो गई और गड्ढे में पलट गई।

## हादसे में मां-बेटा समेत तीन की मौत, कोहराम

चित्रकूट। चित्रकूट में रविवार को बड़ा हादसा हो गया। सीमा से सटे मध्य प्रदेश जिला सतना में चित्रकूट स्टेट हाईवे पर बोलेरो और पिकअप में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दस लोग घायल हैं।

मिली जानकारी के अनुसार, सभी लोग प्रयागराज महाकुंभ में गंगा स्नान के लिए गए थे। वहां से चित्रकूट दर्शन कर घर लौट रहे थे। घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझगंवा व जिला अस्पताल सतना में भर्ती कराया गया है। पुलिस का कहना है कि जांच-पड़ताल की जा रही है।

थाना मझगंवा क्षेत्र बड़े हनुमान जी मंदिर के पास शनिवार की रात करीब डेढ़ बजे यह दर्दनाक हादसा हुआ। पुलिस के मुताबिक, बोलेरो में सवार सभी यात्री दमोह के निवासी हैं, जो प्रयागराज महाकुंभ से चित्रकूट होते हुए वापस लौट रहे थे। उनके बोलेरो की भिड़ंत पिकअप से हो गई। घायलों को अस्पताल भेज दिया गया।

# जाम: श्रद्धालुओं का नहीं थमा जनसैलाब




चित्रकूट। महाकुंभ प्रयागराज में श्रद्धालुओं का जनसैलाब कम नहीं हो रहा है जिसका सीधा असर तपोभूमि में है प्रतिदिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु लौटकर यहां आ रहे हैं। जिससे शाम से वाहनों की कतार लग जाती है। झांसी-मीरजापुर और कर्वी-राजापुर हाईवे पर वाहन रेंगने नजर आते हैं।

शनिवार की रात में भी करीब दो बजे तक जिला मुख्यालय में लोगों को घंटों जाम से जूझते रहे। ऐसी ही स्थित राजापुर, मऊ और पहाड़ी कस्बों की है। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह भी चित्रकूटधाम कर्वी नगर के मंदाकिनी पुल में रात में जाम में फंसे रहे। वहां से किसी तरह निकल कर धनुष चौराहा स्थित ट्रैफिक कंट्रोल रूम पहुंचे और नगर का यातायात सामान्य होने पर निगरानी करते रहे। हालांकि रविवार को अभी यातायात सामन्य है। फिर भी एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मंदाकिनी में डुबकी लगाई चुके हैं।

बता दें कि प्रयागराज महाकुंभ में जन सैलाब कम नहीं हो रहा है जिसका सीधा असर तपोभूमि में देखने को मिला। वहां से अच्छी खासी संख्या में श्रद्धालुओं की वापसी हो रही है तो जाने वाले भी कम नहीं है जिससे तपोभूमि में वाहनों की कतार झांसी-मीरजापुर हाईवे पर देखने को मिली है। मंदाकिनी पुल में लगे जाम को खुलवाने के लिए कतार में चलने की अपील करते एसपी अरुण कुमार सिंह व साथ में डीएम शिवशरणप्पा जीएन। पुलिस विभाग शुक्रवार की रात में एकदम से वाहनों की भीड़ बढ़ने से कई जगह जाम की स्थित बन गई थी। जिसको नियंत्रित करने के लिए डीएम शिवशरणप्पा जीएन व एसपी अरुण कुमार खुद हाईवे पर उतरे थे और कंट्रोल रूम में बैठक निगरानी की। डीएम ने शनिवार को स्कूलों को छुट्टी घोषित कर दी गई थी।

सतना-चित्रकूट मार्ग में पिंडरा के समीप भीषण जाम रहा। एक घंटे से ज्यादा समय से जाम पुलिस के जवान,जूझते रहे। मध्यप्रदेश पुलिस ने चित्रकूट में भारी वाहनों के प्रवेश रोक लगा दी। भरी वाहनों को पिंडरा से बरौंधा होकर बांदा की ओर निकाला जाता है। सतना से लगातार यहां पर भारी वाहन पहुंच रहे थे। जबकि श्रद्धालुओं को वाहन चित्रकूट से सतना की ओर जा रहे थे।

राष्ट्रीय राजमार्ग रीवा-प्रयागराज में वाहनों के अत्यधिक दबाव के कारण जाम था। जिससे महाकुंभ जाने वाले सभी श्रद्धालु सिरमौर, अतरैला,रामबाग के रास्ते जिले के बार्डर मड़हा होकर बरगढ़ मोड़ में झांसी-मीरजापुर हाईवे पर आ रहे हैं। वाहनों की भारी संख्या के कारण रामबाग से बरगढ़ मोड़ तक वाहन रेंगते नजर आए। रामबाग से बरगढ़ मोड़ 15 किलोमीटर तक सिंगल रोड है। स्थानीय राहगीरों को मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। पांच मिनट के लिए रेलवे गेट बंद होने से वाहनों की लंबी कतार लग जाती है।

# यूपी बजट में हर वर्ग को लुभाया

## छात्राओं को फ्री स्कूटी मिलेगी, 92 हजार नई नौकरी छुट्टा पशुओं की समस्या खत्म करने का ऐलान



लखनऊ। प्रदेश की योगी सरकार का 9वां बजट गुरुवार को वित्त मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा सदन में पेश किया गया। वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए 8 लाख करोड़ से ज्यादा का यह बजट है। इसमें 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियां दिखीं। योगी ने बजट सनातन को समर्पित बताया। विधानसभा में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा, सरकार ने आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का मानदेय बढ़ाने का ऐलान किया है। अब उन्हें 16 हजार की जगह न्यूनतम मानदेय 20 हजार रुपए दिया जाएगा। प्रदेश में इस समय करीब 9 लाख आउटसोर्सिंग कर्मचारी हैं। लखनऊ में अक यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिटी बनाई जाएगी। अल्पसंख्यक समुदाय के विकास के लिए 1,998 करोड़ का बजट रखा है। अल्पसंख्यक छात्र-छात्राओं को 365 करोड़ रुपए स्कॉलरशिप मिलेगी। हर जिले में लेबर अड्डे बनाएंगे, जहां कैंटीन, टॉयलेट की सुविधा रहेगी। जीरो पॉवर्टी की भी घोषणा हुई है।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि उज्ज्वला योजना में 2 मुफ्त सिलेंडर दिए जाएंगे। अयोध्या में सोलर सिटी बनेगी। 8 डेटा सेंटर पार्क तैयार होंगे। वहीं बजट में पिछड़ा वर्ग कल्याण के लिए पिछड़ा वर्ग पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के लिए 2825 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। पिछड़ा वर्ग के निर्धन व्यक्तियों की बेटियों की शादी अनुदान योजना के लिए 200 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है। पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक और युवतियों को कम्प्यूटर प्रशिक्षण देने के लिए 35 करोड़ रुपए की व्यवस्था की है। वहीं दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान योजनान्तर्गत 1424 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है। शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों को कृत्रिम श्रवण सहायक यंत्र आदि खरीदने के लिये आर्थिक मदद की योजना के लिए 35 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है।

निराश्रित महिला पेंशन योजनान्तर्गत पात्र लाभार्थियों को देय पेंशन के भुगतान के लिए 2980 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजनान्तर्गत 700 करोड़ रुपए की बजट व्यवस्था प्रस्तावित है। वाराणसी, मेरठ, प्रयागराज, गोरखपुर, कानपुर नगर, झाँसी और आगरा में मुख्यमंत्री श्रमजीवी महिला छात्रावासों के निर्माण की नई योजना प्रस्तावित की गई है जिसके लिए 170 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है। कोविड के दौरान जिन बच्चों ने अपने माता-पिता को खोया है उनकी देखभाल और वित्तीय सहायता के लिए संचालित मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लिये 252 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है। पुष्टाहार कार्यक्रम के अन्तर्गत समन्वित बाल विकास परियोजनाओं पर राज्य सरकार द्वारा दिए जाने वाले पोषाहार के लिये करीब 4119 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है।

आंगनबाड़ी कार्यकत्री और सहायिकाओं को अतिरिक्त मानदेय के भुगतान के लिए 971 करोड़ रुपए की व्यवस्था की है। मुख्यमंत्री सक्षम सुपोषण योजना के लिए 100 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है। वित्त मंत्री ने बजट में कृषकों को दुर्घटनावश मृत्यु / दिव्यांगता की स्थिति में आर्थिक सहायता की मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के लिए 1050 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है। प्रदेश के राजस्व कार्मिकों को ऑन लाइन कार्यों के लिए लैपटाप व स्मार्ट फोन उपलब्ध कराने के लिये 24 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है। प्रदेश में 8 मण्डलीय लेखपाल प्रशिक्षण विद्यालयों और छात्रावासों का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है। यूपी राज्य सड़क परिवहन निगम के बस स्टेशनों, डिपो कार्यशाला आदि का निर्माण और बस बेड़ों को बढ़ाने सम्बन्धी कार्यों के लिए 400 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री ग्राम जोड़ो योजना के लिए मध्यम श्रेणी की इलेक्ट्रिक बसों के क्रय के लिए 100 करोड़ रुपए और चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना के लिए 50 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है।

**अयोध्या व वाराणसी स्टेशनों पर बनेंगे स्थायी होल्डिंग एरिया : नई दिल्ली।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि रेल इंडिया तकनीकी और आर्थिक सेवा (आरआईटीईएस) को नई दिल्ली, आनंद विहार, गाजियाबाद, वाराणसी और अयोध्या में स्थायी होल्डिंग एरिया डिजाइन करने का काम सौंपा गया है। दरअसल, रेलवे मंत्री वैष्णव ने रेल इंडिया तकनीकी और आर्थिक सेवा के अध्यक्ष राहुल मित्तल के साथ बैठक की, जिसमें रेल इंडिया तकनीकी और आर्थिक सेवा टीम को स्थायी होल्डिंग एरिया डिजाइन करने का काम दिया गया है।

### बजट अगले 25 सालों के लिए रोडमैप बनाने के लिए महत्वपूर्ण

लखनऊ। प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए यूपी का बजट हमारे संविधान के लागू होने के बाद 75 सालों की शानदार यात्रा के बाद यह बजट हमारे अगले 25 सालों के लिए रोडमैप बनाने के लिए अहम है। उन्होंने कहा कि 8 लाख 8 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का यह बजट वित्त वर्ष 2024-2025 के बजट से 9.8 फीसदी ज्यादा है। बजट में पूंजीगत व्यय के लिए 2 लाख 25 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का प्रस्ताव किया है, जो बुनियादी ढांचे पर खर्च किया जाएगा।

उन्होंने दावा किया कि इससे रोजगार पैदा होगा जिससे अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। यूपी आज देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि कुल बजट का 22 फीसदी बुनियादी ढांचे के विकास के लिए आवंटित किया है। कुल बजट का 13 फीसदी शिक्षा के लिए, 11 फीसदी कृषि क्षेत्र और 6 फीसदी चिकित्सा क्षेत्र को आवंटित किया गया है। छात्रवृत्ति के लिए 4,720 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। गरीबों की बेटियों की शादी के लिए 900 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। सीएम योगी ने

उत्तर प्रदेश सरकार का बजट

कहा कि बजट 2025-26 को वंचितों की सहायता की थीम के साथ डिजाइन किया गया है। योगी ने कहा कि डबल इंजन सरकार लखनऊ में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर स्मारक और संस्कृति केंद्र की स्थापना कर रही है। हमने 2025-2026 के बजट को संविधान की मूलभूत भावनाओं के मुताबिक वंचितों की मदद की थीम के साथ डिजाइन किया है। उन्होंने कहा कि यूपी देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और बजट 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य को हासिल करने पर केंद्रित है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में चार नए एक्सप्रेसवे बनाए जाएंगे और सरकार 92 हजार युवाओं को नौकरी देगी। यह रेखांकित करते हुए कि राज्य में बेरोजगारी की दर कम हुई है, सीएम योगी ने कहा कि बजट युवाओं, उद्यमियों और महिलाओं पर केंद्रित है। राज्य में पर्यटन के विकास के बारे में उन्होंने कहा कि 65 करोड़ से ज्यादा पर्यटक पहली बार यूपी आए हैं और उनमें से 14 लाख से ज्यादा विदेशी पर्यटक थे।

### 'मोदी के रहते मुमकिन नहीं है 370 की वापसी'

नई दिल्ली। जम्मू और कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला मौका आने पर उमर अपनी बात कहने से नहीं चूकते हैं। हाल ही में एक साक्षात्कार के दौरान उन्होंने कहा कि यदि मोदी सरकार द्वारा किए गए वादे पूरे नहीं होते हैं तो उनकी सरकार केंद्र के साथ अपने संबंधों को लेकर पुनर्मूल्यांकन कर सकती है। उन्होंने कहा है कि पीएम मोदी के रहते जम्मू-कश्मीर में आर्टिकल-370 की वापसी नहीं हो सकती है। दरअसल एक इंटरव्यू के दौरान सीएम उमर अब्दुल्ला से जब यह पूछा गया कि जब तक नरेंद्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री हैं, क्या जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 के बहाल होने की कोई संभावना है? उमर अब्दुल्ला ने साफ शब्दों में कहा कि नहीं, इसकी कोई संभावना नहीं है।

# सुप्रीम कोर्ट ने लोकपाल के फैसले पर लगाई गई रोक



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालय के एक वर्तमान न्यायाधीश के खिलाफ शिकायतों पर विचार करने संबंधी लोकपाल के आदेश पर रोक लगाकर बहुत परेशान करने वाला आदेश करार दिया। न्यायमूर्ति बी आर गवई की अध्यक्षता वाली विशेष पीठ ने लोकपाल द्वारा 27 जनवरी को पारित आदेश पर स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई के संबंध में केंद्र और अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। पीठ में न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति अभय एस ओका शामिल हैं। पीठ ने शिकायतकर्ता को न्यायाधीश का नाम उजागर करने से रोक दिया है। पीठ ने शिकायतकर्ता को अपनी शिकायत गोपनीय रखने का भी निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसला सुनाकर लोकपाल के आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें लोकपाल ने खुद को हाई कोर्ट के मौजूदा जजों की जांच करने का अधिकारी बताया था। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश को बेहद परेशान करने वाला करार देकर केंद्र और लोकपाल के रजिस्ट्रार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। लोकपाल ने 27 जनवरी को आदेश जारी कर हाई कोर्ट के एक मौजूदा अतिरिक्त न्यायाधीश के खिलाफ दो शिकायतों पर कार्रवाई की थी। इन शिकायतों में आरोप था कि संबंधित जज ने निजी कंपनी के पक्ष में फैसला लेने के लिए राज्य के एक अतिरिक्त जिला न्यायाधीश और हाई कोर्ट के एक अन्य न्यायाधीश को प्रभावित किया। दिलचस्प बात यह है कि जिस कंपनी के पक्ष में फैसले को प्रभावित करने का आरोप है, वह उसी जज की मुवक्किल रह चुकी थी, जब वे वकालत करते थे।

# नियम तोड़ने वालों से हैं निराश

## गडकरी बोले- आखिर हम और कितना बढ़ा दें जुर्माना



नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने यातायात नियमों के लगातार उल्लंघन पर निराशा जाहिर की है। उन्होंने यह भी कहा दिया कि आखिर सरकार कितनी बार जुमार्ने की राशी बढ़ा सकती है। उनका कहना है लि लोगों को भी व्यवहार में बदलाव लाने की जरूरत है। खास बात है कि साल 2019 में सरकार ने मोटर व्हीकल एक्ट में संशोधन किए थे, जिसमें भारी जुमार्ने और दंड के प्रावधान थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वर्ल्ड सेफ्टी कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए गडकरी ने कहा, 'हम यातायात नियमों को लागू करने के लिए तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं। हम उल्लंघन पर जुमार्ना बढ़ा दिया, लेकिन इसके कोई नतीजे नहीं मिल रहे, क्योंकि लोग इन्हें गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। हम कितना जुमार्ना बढ़ा सकते हैं? यह एक समस्या है। इससे मानव व्यवहार में बदलाव कर सुलझाया जा सकता है।' 2019 में एक्ट में बदलाव का भी खास असर पड़ता नजर नहीं आ हा है। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, यातायात और परिवहन नियमों के उल्लंघन के मामले बढ़ रहे हैं। साथ ही साल सड़क हादसों में जान गंवाने वालों की संख्या 2019 में 1.59 लाख से बढ़कर साल 2022 में 1.68 लाख तक पहुंच गई थी। गडकरी का कहना है कि सिर्फ कानून लागू करने से हादसों और मौतों में कमी नहीं आएगा। उन्होंने कहा, 'हम बस और ट्रक चालकों को प्रशिक्षित करने की कोशिश कर रहे हैं और अगर वो सड़कों के नियम मानते हैं तो हम सड़क हादसों में कमी ला सकते हैं।' उन्होंने खासतौर से लोगों के व्यवहार में बदलाव का जिक्र किया और सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जनता को शिक्षित करने की बात कही। हेलमेट नहीं पहनने के कारण दो पहिया चालकों की हुई मौत के बढ़ते मामलों को लेकर उन्होंने कहा कि वाहन निमार्ताओं से डिस्काउंट पर हेलमेट मुहैया कराने के लिए बात की जा रही है। अखबार में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, साल 2022 में हेलमेट नहीं पहने 50 हजार 29 लोगों की मौत हो गई थी।

# अब सोनिया गांधी गंगा राम अस्पताल में भर्ती



नई दिल्ली। कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी को गुरुवार शाम गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूत्रों ने बताया कि उनकी हालत स्थिर है और शुक्रवार को उन्हें छुट्टी मिलने की संभावना है। डॉक्टरों की एक टीम उनकी निगरानी कर रही है। पिछले साल दिसंबर में सोनिया गांधी 78 साल की हो गईं। भर्ती होने का सही समय या कारण तुरंत पता नहीं चल सका, एक सूत्र के हवाले से बताया गया कि सोनिया गांधी को गुरुवार सुबह भर्ती कराया गया था। सोनिया गांधी आखिरी बार सार्वजनिक रूप से पिछले हफ्ते 13 फरवरी को संसद के बजट सत्र के दौरान राज्यसभा में दिखाई दी थीं। 10 फरवरी को, सोनिया गांधी ने सरकार से जल्द से जल्द जनगणना पूरी करने को कहा था। उन्होंने दावा किया कि देश में लगभग 14 करोड़ लोग खाद्य सुरक्षा कानून के तहत लाभ से वंचित हैं। राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान अपनी पहली बातचीत में, सोनिया गांधी ने कहा कि एनएफएसए के तहत लाभार्थियों की पहचान 2011 की जनगणना के अनुसार की जा रही है, न कि नवीनतम जनसंख्या संख्या के अनुसार।

# रेखा बनीं दिल्ली की चौथी महिला सीएम

## विजेंद्र गुप्ता विधानसभा स्पीकर और मोहन सिंह बिष्ट डिप्टी स्पीकर बनाए गए



नई दिल्ली। रामलीला मैदान में आयोजित भव्य समारोह में रेखा गुप्ता (50) ने गुरुवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह समेत बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और एनडीए के वरिष्ठ नेता एवं अनेक राज्यों के मुख्यमंत्री व उप मुख्यमंत्री मौजूद रहे।

गौरतलब है कि रेखा गुप्ता दिल्ली की 9वीं और चौथी महिला मुख्यमंत्री बनी हैं। उनसे पहले सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित और आतिशी इस पद पर रह चुकी हैं। बीजेपी ने 27 साल बाद दिल्ली की सत्ता में वापसी की है, जिससे यह पार्टी के लिए एक ऐतिहासिक अवसर बन गया।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ उनकी कैबिनेट के अन्य मंत्रियों ने भी शपथ ग्रहण की है। मंत्री पद की शपथ ग्रहण करने वालों में प्रवेश वर्मा, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंद्र इंद्राज, कपिल मिश्रा और पंकज सिंह के नाम शामिल हैं। रेखा गुप्ता ने शालीमार बाग विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी की बंदना कुमारी को 29,000 से अधिक वोटों से हराकर जीत दर्ज की थी। वहीं, प्रवेश वर्मा ने नई दिल्ली विधानसभा सीट से अरविंद केजरीवाल को हराया। इस शपथ ग्रहण समारोह के साथ बीजेपी ने दिल्ली की राजनीति में एक नई शुरुआत की है।

अब सबकी नजरें रेखा गुप्ता और उनकी सरकार के आने वाले फैसलों पर टिकी हैं। भाजपा ने दिल्ली में नई सरकार के शपथग्रहण से पूर्व ही विधानसभा के स्पीकर और डिप्टी स्पीकर के नाम का भी ऐलान किया है। दिल्ली बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता विधानसभा स्पीकर बनाए गए है। वहीं डिप्टी स्पीकर के लिए मोहन सिंह बिष्ट के नाम का ऐलान किया है।

उत्तराखंडी मूल के बिष्ट सात बार के विधायक हैं और इस बार उन्होंने मुस्तफाबाद जैसी बीजेपी के लिए कठिन मानी गई विधानसभा सीट से जीत हासिल की है।

### नहीं रहूंगी शीशमहल में बनाएंगे म्यूजियम

नई दिल्ली। बीजेपी विधायक दल की नेता रेखा गुप्ता ने सीएम पद की शपथ से पहले ही कहा कि शीशमहल को म्यूजियम बनाया जाएगा। बतौर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जिस बंगले में रहते थे उसे बीजेपी शीशमहल कहती है। आरोप है कि केजरीवाल ने इस बंगले के पुनर्निर्माण और साज-सज्जा पर करोड़ों रुपए खर्च किए थे।

## संक्षेप समाचार...

### आरोप, राहुल और कांग्रेस की जांच होनी चाहिए

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत को मतदान के लिए 21 मिलियन डॉलर भेजने के बयान पर देश में हंगामा मचा है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने निशाना साधकर राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की जांच की बात कही है। बीजेपी प्रवक्ता भंडारी ने कहा, डोनाल्ड ट्रंप ने दूसरी बार कहा है कि भारत में मतदान के लिए 21 मिलियन डॉलर खर्च किए गए हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने इसे किक बैक स्कीम (रिश्वत योजना) कहा। यह पता लगाने के लिए जांच जरूरी है कि क्या राहुल गांधी और कांग्रेस इकोसिस्टम इस किकबैक स्कीम का लाभार्थी था!इसके अलावा बीजेपी आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने भी लिखा, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने मतदान के लिए भारत को 21 मिलियन डॉलर भेजने की बात कहने के एक दिन बाद, इस आरोप को फिर से दोहराया है। यही नहीं, वह इससे बांग्लादेश को भेजे गए 29 मिलियन डॉलर से भ्रमित नहीं कर रहे हैं। ट्रंप ने अपने बयान में रिश्वत का भी उल्लेख किया है। अनिवार्य रूप से, इस पैसे का उपयोग डीप स्टेट एसेट्स को बनाए रखने के लिए भी किया जाता है जो इसतरह के खुलासों को बचाने और पलटने का काम करते हैं। हम अब भारत में भी यही पैटर्न होते हुए देख रहे हैं।

### हाईकोर्ट ने जमानत याचिका खारिज कर दी थी

पिछले साल 18 दिसंबर को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उस मामले में अंसारी की जमानत याचिका खारिज कर दी थी, जिसमें उन पर और कुछ अन्य लोगों पर वित्तीय एवं अन्य लाभ के लिए गिरोह बनाने का आरोप लगाया गया था। चित्रकूट जिले के कोतवाली कर्वी थाने में 31 अगस्त, 2024 को अंसारी, नवनीत सचान, नियाज अंसारी, फराज खान और शाहबाज आलम खान के खिलाफ उत्तर प्रदेश गैंगस्टर्स एवं असामाजिक क्रियाकलाप (रोकथाम) अधिनियम, 1986 की धारा दो, तीन के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उन पर जबरन वसूली और मारपीट का आरोप लगाया गया था।

### छह राज्यों में महिला कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति की

नई दिल्ली। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) ने संगठन में महिलाओं की भागीदारी को मजबूत करने के उद्देश्य से छह राज्यों में महिला कांग्रेस के नए प्रदेशाध्यक्षों की नियुक्ति की है। कांग्रेस द्वारा जारी महिला प्रदेशाध्यक्षों की सूची में राजस्थान में सारिका सिंह, गुजरात - गीता पटेल, गोवा - डॉ. प्रतीक्षा एन खाल्प, मिजोरम - श्रीमती जोडिंलियानी, पुदुचेरी - रहमतुन्निसा और अंडमान-निकोबार में जुबैदा बेगम का नाम शामिल है।

### स्वराज के खिलाफ मानहानि की शिकायत खारिज

नई दिल्ली। राउज एवेन्यू कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के नेता सत्येंद्र जैन की ओर से बीजेपी सांसद बांसुरी स्वराज के खिलाफ आपराधिक मानहानि की शिकायत को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि शिकायतकर्ता जैन और स्वराज अलग-अलग राजनीतिक पार्टियों के सदस्य हैं।

### एलओसी पर तनाव, चार साल बाद फ्लैग मीटिंग


श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में एलओसी पर तनाव के बीच भारत और पाकिस्तान सेनाओं के बीच शुक्रवार को फ्लैग मीटिंग हुई। यह मीटिंग पुंछ सेक्टर के चाका दा बाग में आयोजित हुई। जिसमें दोनों सेनाओं के ब्रिगेडियर रैंक के अधिकारी शामिल हुए। बैठक 75 मिनट तक चली। दोनों देशों के बीच ये पहली मीटिंग है। फ्लैग मीटिंग 2021 में हुई थी। सूत्रों ने कहा कि बैठक में दोनों पक्षों के बीच बॉर्डर पर शांति बनाए रखने और सीजफायर पर सहमति बनी। पिछले कई हफ्तों से एलओसी पर तनाव बना हुआ है। सेना ने 4 फरवरी को 7 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया था।

### वॉट्सऐप ने किए भारतीय यूजर्स के अकाउंट बैन

नई दिल्ली। वॉट्सऐप की ओर से एक महीने में 80 लाख से ज्यादा भारतीय यूजर्स के अकाउंट बैन कर दिए गए हैं। नई रिपोर्ट में सामने आया है कि यह डाटा पिछले साल 1 अगस्त से 31 अगस्त के बीच बैन किए गए अकाउंट्स का है। मेटा की ओर से शेयर की गई एक रिपोर्ट में बताया गया है कि उन अकाउंट्स को बंद किया गया है, जो स्कैम और फ्रॉड ऐक्टिविटीज में शामिल हैं। कंपनी भारतीय यूजर्स की पहचान उनके फोन नंबर में लगने वाले कंट्री कोड +91 के जरिए करती है। अगर आप भी कुछ ऐसी ऐक्टिविटीज में शामिल हैं जो आपको ऐप में नहीं करनी चाहिए, तो आपका अकाउंट भी बैन किया जा सकता है। अगर यूजर्स किसी अकाउंट को रिपोर्ट करते हैं तो उसकी जांच की जाती है। गलत व्यवहार, फ्रॉड की कोशिश या हेट स्पीच जैसी स्थिति में यूजर्स सामने वाले को रिपोर्ट कर सकते हैं और अगर जांच में मामला सही पाया जाए तो अकाउंट बैन किया जा सकता है। मेटा की ओनरशिप वाले ऐप की डेडिकिटेड टीम और टूल्स के जरिए इस तरह की ऐक्टिविटीज को ट्रैक करता है।

# उप्र उपचुनाव में कांग्रेस नहीं करेगी दावेदारी

## अखिलेश यादव और राहुल गांधी के बीच बातचीत के बाद हुआ फैसला





लखनऊ। उत्तर प्रदेश में उपचुनाव से पहले सियासी हलचल तेज हो गई है। यहां की नौ विधानसभा सीटों के लिए 13 नवंबर को मतदान कराया जाएगा। गुरुवार को सत्ताधारी भाजपा ने दो सूची जारी कर आठ उम्मीदवारों के नामों का एलान कर दिया।

उधर समाजवादी पार्टी ने बची हुई खैर और गाजियाबाद की सीट पर भी अपने उम्मीदवार उतार दिए। इससे पहले पहले बुधवार को अखिलेश यादव ने घोषणा की थी कि विपक्षी गठबंधन के सभी नौ उम्मीदवार सपा के निशान पर उतारे जाएंगे। सूत्रों के मुताबिक, अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बीच बातचीत के बाद कांग्रेस के चुनाव चिह्न पर प्रत्याशी न उतारने का निर्णय लिया गया। बता दें कि सपा ने उपचुनाव में कांग्रेस को गाजियाबाद और खैर सीट दी थी, लेकिन कांग्रेस पांच सीटें लेने पर अड़ी हुई थी। अब यह बात साफ हो गई है कि उत्तर प्रदेश में होने वाले उपचुनाव में कांग्रेस दावेदारी नहीं करेगी। राज्य में नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए 18 अक्तूबर को अधिसूचना जारी हुई।

नामांकन की आखिरी तारीख 25 अक्तूबर है। 28 अक्तूबर नामांकन पत्रों की जांच की तारीख है। उम्मीदवार 30 अक्तूबर तक अपने नाम वापस ले सकते हैं। 12 नवंबर को सभी नौ विधानसभा सीटों पर मतदान कराया जाएगा। वहीं, 23 नवंबर को महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनावों के साथ नतीजे घोषित किए जाएंगे। राज्य की जिन नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव है, उनमें अलीगढ़ जिले की खैर, अंबेडकरनगर की कटेहरी, मुजफ्फरनगर की मीरापुर, कानपुर नगर की सीसामऊ, प्रयागराज की फूलपुर, गाजियाबाद की गाजियाबाद, मिजार्पुर की मझवां, मुरादाबाद की कुंदरकी और मैनपुरी की करहल विधानसभा सीट शामिल है। इसके अलावा अयोध्या जिले की मिल्कीपुर सीट भी रिक्त है, लेकिन इसके निर्वाचन का मामला अदालत में होने के कारण यहां अभी उपचुनाव की घोषणा नहीं की गई है। राज्य की जिन नौ सीटों पर उपचुनाव है, 2022 के विधानसभा में इनमें से समाजवादी पार्टी ने सबसे अधिक चार सीटें जीती थीं। वहीं, भाजपा ने इनमें से तीन सीटें जीतीं थीं। राष्ट्रीय लोक दल और निषाद पार्टी के एक-एक उम्मीदवार इन सीटों पर विजयी हुए थे। हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में कई विधायक सांसद निर्वाचित हुए थे। इनमें से पूर्व मुख्यमंत्री और सपा प्रमुख अखिलेश यादव समेत कई अन्य विधायक शामिल हैं। सांसद बनने के बाद इन विधायकों ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। वहीं, कानपुर नगर की सीसामऊ सीट 2022 में यहां से जीते सपा के इरफान सोलंकी को अयोग्य करार दिए जाने से रिक्त है।

# अब जाकिर नाइक की याचिका पर उठे सवाल

नई दिल्ली। इस्लामिक उपदेशक जाकिर नाइक द्वारा सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका पर केंद्र सरकार ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। सरकार ने जाकिर नाइक की याचिका पर सवाल उठाया है, जिसमें 2012 में गणपति उत्सव के दौरान दिए उसके कथित आपत्तिजनक बयानों को लेकर कई राज्यों में दर्ज एफआईआर को एक साथ जोड़ने का अनुरोध किया है।

जस्टिस अभय एस ओका, जस्टिस एहसानुद्दीन अमानुल्ला और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच के सामने पेश सॉलीसिटर जनरल तुषार मेहता ने पूछा कि एक ऐसा व्यक्ति जिसे भगोड़ा घोषित किया गया है, वह याचिका कैसे दायर कर सकता है। मेहता ने कहा कि मुझे उसके वकील ने बताया कि वे मामला वापस ले रहे हैं। हमारा जवाब तैयार है। नाइक की तरफ से पेश वकील ने कहा कि उसे मामला वापस लेने के संबंध में कोई निर्देश नहीं मिला है और याचिका में कई राज्यों में दर्ज 43 एफआईआर को एक साथ जोड़ने का अनुरोध किया गया है। वकील ने कहा कि उसके मुवक्किल के खिलाफ छह एफआईआर विचाराधीन हैं और वह इन्हें रद्द करने के लिए हाईकोर्ट जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने जाकिर नाइक के वकील को हलफनामा दायर कर यह बताने का निर्देश दिया कि वह मामला जारी रखेंगे या इसे वापस लेंगे। इसके साथ ही अदालत ने मेहता से मामले में जवाब दाखिल करने को कहा। मामले की अगली सुनवाई 23 अक्टूबर को होगी। नाइक फिलहाल विदेश में है। एनआईए कथित आतंकवादी गतिविधियों में उसकी संलिप्तता की भी जांच कर रहा है।



# भारत की आर्थिक और सांस्कृतिक विरासत ही नहीं, भाषा को समृद्ध करता है संगमम

## बोले जगत प्रकाश- पीएम मोदी ने भारत को एकता के सूत्र में बांधने के लिए कई प्रयास किए

अजीत कुमार सिंह

वाराणसी। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को काशी तमिल संगमम के तीसरे संस्करण में नमो घाट पहुंचे और जमकर तारीफ की। कहा कि ऐसे आयोजन देश की आर्थिक और सांस्कृतिक विरासत ही नहीं भाषा को समृद्ध करते हैं। संगमम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम एकता के सूत्र में बांधने के लिए लेकर कई प्रयास किए गए हैं। काशी-तमिल संगमम, काशी-तेलुगु संगमम और सौराष्ट्र-तमिल संगमम प्रधानमंत्री के देश को एकता को सूत्र में बांधने के लिए किए गए प्रयास का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रयास देश की आर्थिक और सांस्कृतिक विरासत के साथ-साथ भाषाओं को भी समृद्ध करने में सहायता करती है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के नयी संसद में सेंगोल को स्थापित किया है, जो कि सेंगोल की प्रतिष्ठा को फिर से प्रतिष्ठित



करने के साथ-साथ दक्षिण भारत की परंपरा को मुख्य धारा में लाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का मानना है कि काशी-तमिल संगमम से काशी और तमिलनाडु के संबंधों के बीच उन्हें विविधता में आत्मीयता का अहसास होता है। आज यहां आकर वह स्वयं भी इस प्रकार का अहसास कर रहे हैं। उन्होंने इस दौरान सुब्रह्मण्यम भारती, आदिवीरा पांड्यन तथा अगस्त्य ऋषि को याद किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने काशी-तमिल संगमम के तहत विभिन्न मंत्रालय की तरफ से लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। जबकि केंद्रीय संस्कृति तथा पर्यटन मंत्रालय की तरफ से आयोजित काशी और तमिलनाडु की संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक संध्या में शामिल भी हुए। उन्होंने बीएचयू में सुब्रह्मण्यम भारती चेयर की स्थापना को लेकर खुशी व्यक्त किया और इसके लिए विश्वविद्यालय को बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सुब्बू सुंदरम द्वारा लिखित काशी कुंभभिषेकम पुस्तक का भी अनावरण भी किया।

**जेपी नड्डा का एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत : वाराणसी।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा शुक्रवार को अपराह्न में बाबतपुर हवाई अड्डे पर पहुंचे, जहां पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़े के बीच पुष्प वर्षा और अंगवस्त्रम ओढ़ा कर भव्य स्वागत किया। एयरपोर्ट पर राष्ट्रीय अध्यक्ष की आगवानी करने वालों में पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु, विधायक सौरभ श्रीवास्तव व डॉ. नीलकंठ तिवारी, जिलाध्यक्ष व एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, एमएलसी अश्वनी त्यागी, जगदीश पटेल, धर्मेन्द्र राय, नवीन कपूर, सुरेश सिंह, सुरेंद्र पटेल, जगदीश त्रिपाठी आदि थे।

# झपकी आने से चालक नियंत्रण खो बैठा?

## महाकुंभ में शामिल होने के लिए दूर दराज से आना भी कारण

वाराणसी। मिर्जामुराद इलाके में क्रूजर के खड़े ट्रक में टकरा जाने की घटना ने इस बात को उजागर कर दिया है कि महाकुंभ में दूरदराज से आने वाले वाहन हादसे का शिकार इसलिए हो रहेहैं कि चालकों की नींद पूरी नहीं होती है और बीच रास्ते उन्हें झपकी आ जा रही है। शुक्रवार की घटना इसका बड़ा उदाहरण है। वाहन चालकों पर खासा दबाव है और उनकी मानसिक हालत बिगड़ जा रही है। बहुतेरी घटनाएं इसकी वजह से हो रही है और ये हादसा अलग नहीं है।

घटना के बाबत 108 एंबुलेंस के प्रभारी कृष्ण देव ने बताया कि सूचना मिलने पर पांच एंबुलेंस मौके पर भेजी गई थी। क्रूजर में कर्नाटक के रहने वाले 11 लोग सवार थे। इसमें पांच लोगों की मौत हुई है। मरने वालों में संतोष कुमार, सुनीता, गणेश, शिवकुमार सहित अन्य लोग हैं। जानकारी के अनुसार, श्रद्धालुओं से भरी एक क्रूजर वाराणसी से प्रयागराज जा रही थी। रूपापुर (भेड़हरा) स्थित नेशनल हाईवे पर खड़े एक ट्रक में तेज रफ्तार क्रूजर जीप पीछे से जा भिड़ी। टक्कर इतनी तेज थी कि मौके पर ही महिला समेत चार लोगों की मौत हो गई थी। घायलों को अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते में एक और की मौत हो गई। मृतकों में कर्नाटक के संतोष कुमार (50) और उनकी पत्नी सुनीता (45), लक्ष्मी (49), नीलम उर्फ लालवती (55) समेत दो



पांच लोगों की मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे में जीप में एक महिला समेत दो लोग फंसे रहे। क्रेन के सहारे ट्रक में फंसे जीप को बाहर निकाला गया।

**कर्नाटक से आए थे श्रद्धालु :** घायलों में कर्नाटक के विदुर निवासी खुशी (10), कविता (48), शिव साईं (15), कर्नाटक के लालगिरी (विदुर) निवासी गणेश (14), सुलोचना (50), अनीता (50), कर्नाटक नमोपड़ी (विदुर) निवासी सुजाता (32) को कछवा बाजार स्थित सामुदायिक स्वस्थ केंद्र में उपचार के लिए भेजा गया। यहां हालत को देखते हुए सभी घायलों को ट्रॉमा सेंटर (वाराणसी) के लिए रेफर कर दिया गया। हृदय विदारक इस घटना से माहौल गमगीन हो गया था। वहीं, पुलिस ने क्रेन की सहायता से क्रूजर जीप को हटा कर यातायात बहाल की।

## 'तुझको क्या हो गया बनारस' का विमोचन एक मार्च को होगा

वाराणसी। स्वर्गीय प्रेम किशोर पांडेय (पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष



रामनगर) की रचनाओं का पर आधारित 'तुझको क्या हो गया बनारस' पुस्तक का लोकार्पण बीएचयू के वैदिक विज्ञान केंद्र के सभागार में आगामी एक मार्च को विद्या प्रेम संस्कृति न्यास द्वारा किया जाएगा पुस्तक की संपादक स्वर्गीय पांडे की सुपुत्री डॉक्टर कल्पना पांडेय ने बताया कि इस अवसर पर तीन विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा। प्रेम रत्न सम्मान बीएचयू हिंदी विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर वशिष्ठ द्विवेदी, आचार्य रामचंद्र शुक्ल साहित्य शोध संस्थान की अध्यक्ष डॉक्टर मुक्त को विद्या विद्या श्री सम्मान एवं सर्वश्रेष्ठ लघु कथाकार सम्मान संतोष परिहार को दिया जाएगा।

# 'अधिवक्ता संशोधन बिल हमें अस्वीकार'

## केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

वाराणसी। कांग्रेस के विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष ऐडवोकेट लोकेश सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को कचहरी में भारत सरकार द्वारा एडवोकेट एक्ट 1961 में संशोधन किए जाने के विरोध में महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित एक पत्रक जिलाधिकारी एस राजलिंगम के माध्यम से दिया गया। इस पत्रक में उन विभिन्न पहलुओं पर गंभीरता से विचार करने का आग्रह किया गया है, जो कि एडवोकेट संशोधन बिल में प्रस्तावित हैं। विधि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष एडवोकेट लोकेश सिंह ने इस अवसर पर पत्रकारों द्वारा एडवोकेट अमेंडमेंट बिल 1961 में प्रस्तावित संशोधनों के बाबत पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए कहा कि यह कितने हैरत और अफसोस की बात है कि सरकार बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा वकीलों को प्रदत्त अधिकारों



और उनके कवच को तोड़ने का षड्यंत्र रच रही है। उन्होंने कहा कि 1961 के एक्ट में जो भी सुविधाएं प्राप्त हैं वे हमारी न्यायिक प्रक्रिया का हिस्सा हैं ताकि हम बिना किसी डर भय या दबाव के न्याय कि लड़ाई लड़ें। सरकार की तरफ से जो नया ड्राफ्ट बनाया गया है वह वकीलों को अपनी मुट्ठी में रखने के लिए तैयार किया गया है। यह सुधार नहीं, बल्कि न्यायिक स्वतंत्रता पर कुठाराघात है। अगर वकील खुद स्वतंत्र नहीं रहेगा तो वह दूसरे के न्याय की लड़ाई को मजबूती से कैसे रख सकेगा। यह संशोधन बिल न्यायिक स्वतंत्रता और उसकी निष्पक्षता को खंडित करता है जो कि संविधान की मूल भावना के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि हम ऐसे किसी भी तथाकथित सुधार के खिलाफ हैं जो संविधान और न्याय की मूल भावना को आहत करती हो। पत्रक देने वालों में विधि विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक सिंह, महानगर अध्यक्ष मोहसिन खान एडवोकेट, नेहा शादाब, अशोक कुमार, शिवानंद राय, संजय कुमार सिंह, वीरेंद्र कुमार,उमेश चंद्र सिंह, नरेंद्र प्रताप चौबे, डिंपल कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, एडवोकेट रामआसरे आदि शमिल रहे।

**सहायक अध्यापक के स्कॉर्पियो पर पथराव : चौबेपुर।** क्षेत्र के गौरा कलां स्थित गांधी इंटर कालेज के सहायक अध्यापक नीरज लाल पर कतिपय लोगों ने पथराव किया। वह अपनी स्कार्पियो से कालेज से घर जा रहे थे की कुछ छात्रों ने उनकी स्कार्पियो पर कालेज गेट पर ही पथराव कर दिये। घटना की सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक जगदीश कुशवाहा मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रहे हैं।

## रेलवे-रोपवे में समन्वय बनाया जाएगा

वाराणसी। रेलवे और रोप-वे से समन्वय स्थापित कर निर्धारित लेंथ में जल्द कार्य कराया जाएगा। इसमें आ रही बाधाएं जहां दूर होगी,वही तेजी से कार्य किया जाएगा। इसको लेकर नगर आयुक्त अक्षत वर्मा शुक्रवार को अचानक कैंट इलाके में पहुंचे। जहां कैंट स्टेशन के पास मार्ग पर बन रहे आटो लेन का निरीक्षण किया और उसकी पूरी जानकारी हासिल की। उन्होंने इसका उपयोग सिर्फ आटो लेन के लिए ही प्रारंभ करने और रेलवे तथा रोपवे से समन्वय स्थापित कर निर्धारित लेंथ में कार्य कराए जाने का निर्देश दिया। नगर आयुक्त इस दौरान माल गोदाम रेलवे स्टेशन के पास पहुंचे। जहां शेल्टर होम की व्यवस्था को देखा और हाल जाना। इस दौरान नगर आयुक्त ने ठहरे हुए व्यक्तियों से नगर निगम के द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। ठहरे श्रद्धालुओं के द्वारा बताया गया कि सेंटर होम के अंतर्गत सभी सुविधा पूर्ण हैं।



## बॉडी बिल्डिंग में किया शानदार प्रदर्शन

पीडीडीयू नगर (चंदौली)। साहूपुरी रोड पर बखराँ में रविवार को चंदौली पार्टी बिल्डिंग एवं फिटनेस एसोसिएशन एवं युवा भारतीय मंच के संयुक्त तत्वावधान में बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता मिस्टर यूपी और मिस यूपी का आयोजन किया गया इस आयोजन में पूरे प्रदेश से आए प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में युवा भारतीय मंच के राष्ट्रीय संयोजक सुनील यादव देवता प्रधान एवं मुगलसराय लाल बहादुर शास्त्री पीजी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉक्टर अनिल यादव ने विजई प्रतिभागियों शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान करने के साथ ही कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों को सम्मानित किया इस कार्यक्रम में मंच पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश पत्रकार परिषद वाराणसी मंडल के अध्यक्ष एवं शौर्य न्यूज इंडिया के क्राइम रिपोर्टर संतोष अग्रहरि भी मौजूद रहे इस भव्य आयोजन में विशेष योगदान के लिए आयोजक मंडल द्वारा मंच पर समाजसेवी सुनील यादव देवता प्रधान का का साफा बांधकर नागरिक अभिनंदन किया गया है इस अवसर पर से हाजी मेराज, राजा यादव, आसिफ मेराज मोनू, प्रमोद दीवान, नंद जी सहित तमाम गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

# वित्त मंत्री ने विद्युत रेल इंजन राष्ट्र को किया समर्पित

## पर्यवेक्षक विश्राम गृह और अमृत कानन कम्युनिटी पार्क का भी किया उद्घाटन

वाराणसी। केंद्रीय वित्त और कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने बरेका में वहां निर्मित विद्युत रेल इंजन (डब्ल्यूएपी 7) को हरी झंडी दिखाकर शुक्रवार को राष्ट्र को समर्पित किया। प्रधानमंत्री के 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' के तहत लोकोमोटिव निर्माण में आत्मनिर्भरता के उद्देश्य से दिए गए मंत्र के परिणामस्वरूप वित्तीय वर्ष 2024-25 में बरेका ने अब तक 375 लोकोमोटिव बनाकर महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की है। वित्त मंत्री ने बरेका की तरफ से वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक का निर्मित 375वां लोकोमोटिव राष्ट्र को समर्पित ही नहीं किया। बल्कि स्वयं ड्राइवर कैब में बैठकर इसकी तकनीकी विशेषताओं की जानकारी ली। उन्होंने बरेका के समर्पित अधिकारियों और कर्मचारियों की कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की । इस अवसर पर महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह एवं प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर एसके श्रीवास्तव ने बरेका की उत्पादन गतिविधियों व तकनीकी विषयों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। लोकार्पित डब्ल्यूएपी 7 लोकोमोटिव एक उच्च गति के 6000 अश्व शक्ति का विद्युत लोकोमोटिव है, जो विशेष रूप



से सभी प्रकार की यात्री, मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों को खींचने के लिए डिजाइन किया गया है। इसकी स्पीड 140 किमी प्रति घंटा है और यह 24 रेक खींचने में सक्षम है। इस लोकोमोटिव में वास्तविक समय सूचना प्रणाली, गर्मियों के लिए वातानुकूलित ड्राइवर कैब, सर्दियों के लिए गर्म हवा की सुविधा, हेड ऑन जेनरेशन (ट्रेन लाइटिंग के लिए) और रिजेनरेटिव ब्रेक सिस्टम जैसी प्रमुख विशेषताएं हैं जो ब्रेक लगाने पर गतिज ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित कर ग्रिड में वापस भेजता है, जिससे ऊर्जा दक्षता बढ़ती है। इसमें होटल लोड प्रणाली भी है, जो यात्री डिब्बों में रोशनी, पंखे, मोबाइल और लैपटॉप चार्जर, वातानुकूलन और पेंट्री जैसे आरामदायक सुविधाओं को संचालित करती है। इंजन में होटल लोड प्रणाली का प्रयोग करने से ट्रेनों में एक अतिरिक्त डिब्बा लग जाता है। इसमें सीसीवी (कम्-?ρ?यूटर नियंत्रित ब्रेकिंग) सिस्टम है, जिसमें ब्रेकिंग अधिक सुरक्षित एवं प्रभावी होती है।

इससे पूर्व वित्त मंत्री के लोको फ्रेम शॉप पहुंचने पर महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने आगवानी की एवं बरेका परिवार की ओर से उनका हार्दिक अभिनंदन किया। वित्त मंत्री ने लोको असेम्बली शॉप, ट्रेक्शन असेम्बली शॉप और लोको टेस्ट शॉप का सूक्ष्म एवं गहन निरीक्षण किया। साथ ही, लोको निर्माण प्रक्रियाओं का गहनता से अवलोकन भी किया। भ्रमण के दौरान कारखाना परिसर की साफ-सफाई, तकनीकी विशेषताओं की उन्होंने उनमुक्त कंठ से सराहना की। इसके पूर्व वित्त मंत्री ने नवनिर्मित पर्यवेक्षक विश्राम गृह एवं अमृत कानन सामुदायिक पार्क का भी उद्घाटन किया। यह विश्राम गृह आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है, जिसमें ब्रांडेड फर्नीचर, आरामदायक बेड और उत्कृष्ट शौचालय की व्यवस्था की गई है।

## बिजली चोरी कर टोटो चार्ज करवाने के कारखाना का भंडाफोड़

रामनगर (वाराणसी)। हाईवे एनएच टू के निकट भीटी पुलिस चौकी के पीछे मात्र 200 मीटर की दूरी पर विंध्यवासिनी ढाबा के बगल में बिजली चोरी कर टोटो चार्ज करने का मामला प्रकाश में आया है। शौर्य न्यूज इंडिया के क्राइम रिपोर्टर संतोष अग्रहरि जब मामले की पड़ताल करने मौके पर पहुंचे तो इस बात में सच्चाई मिली



वहां टोटो चार्ज करने के लिए बकायदे दर्जनों प्लक लगाए गए हैं और यही नहीं टोटो चार्ज करने के लिए अलग से बिजली देने के लिए तार भी बिछाया गया है जिसका मीटर से कोई कनेक्शन नहीं है सूत्रों की माने तो यहां दिन और रात टोटो चार्ज करा कर लगभग बारह हजार रुपए प्रतिदिन की कमाई की जाती है यह कारस्तानी करने वाले इतने दबंग हैं कि वहां के स्थानीय लोगों ने शौर्य न्यूज इंडिया से इस शर्त पर इस बड़े पैमाने पर बिजली चोरी की जानकारी दी की जानकारी देने वाले का नाम किसी हाल में पता ना चले नहीं तो यह अवैध काम करने वाले उनके जान के भी दुश्मन हो सकते हैं खबर चलने के बाद पूरे क्षेत्र में बिजली चोरी कर टोटो चार्ज करवाने का यह खबर जंगल में आज की तरफ फैल गया इसके बाद शनिवार को सुबह विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर जब आकस्मिक निरीक्षण किया बिजली के मीटर के तार से छेड़छाड़ व कई खामियां नजर आई हाला की रात में ही कारखाना संचालकों द्वारा बिजली मीटर से बाईपास कर जो चोरी किया जाता था उसे तार को हटा बढ़ा दिया गया।




## आत्महत्या मामले में मुकदमा दर्ज

लोहता। हैबतपुर गांव के अतुल ऊर्फ गोविन्द यादव 22वर्ष ने छेड़खानी और बलात्कार के मामले में धमकी देने पर गुरुवार को सारनाथ के फरीदपुर में ट्रेन से कटकर आत्महत्या के मामले में लोहता पुलिस ने शुक्रवार को विवाहिता युवती ऊषा पुत्री शीतला ऊर्फ ठल्लू के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। पोस्टमार्टम के बाद परिजन और ग्रामीण कोटवां पुलिस चौकी का घेराव करके विवाहिता युवती के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग किए थे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं **प्रधान संपादक अजीत कुमार सिंह,** कुतुलूपुर रामनगर वाराणसी से प्रकाशित व मीडियाटेक्स्ट प्राइवेट लिमिटेड आराजी संख्या 68, मौजा गोविंदपुर, जीटी रोड रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित। **आरएनआई नम्बर** : UPBIL05106 । इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बंधित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
**सम्पर्क** : 9473893322
7309842122 (विज्ञापन)

## इन्फो डेल्टासिस सॉफ्टवेयर सॉल्युशंस वाराणसी शाखा प्रारंभ

वाराणसी। InfoDeltaSys Software Solutions एक कंसल्टेंसी सर्विस है



जिसका प्रारंभ जनवरी 2018 में पुणे महाराष्ट्र में हुआ एवं दूसरी शाखा मार्च 2021 को लखनऊ उत्तर प्रदेश में हुआ, जिसमे साफ्टवेयर डेवलपमेंट एवं नवोदित शिक्षार्थियों के लिए एक मार्गदर्शक और ट्रेनिंग जो कि एक रोजगार परक और साफ्टवेयर इन्डस्ट्री के कार्यशैली के अनुरूप बनाया गया है। हमारी नवनिर्मित वाराणसी शाखा जो की 15 फरवरी 2025 से प्रारंभ हुई है, जहाँ हमने वाराणसी के उद्योगों को ध्यान में रखकर E-Commerce एवं वेबसाइट के जरिए ऑनलाईन लाना ताकि विश्व में कहीं से भी उनके व्यापार को वैश्विक स्तर पर दिखाया जाये ताकि कोई भी कही से भी उनको व्यापार दे सके।

## फ्री इलाज की घोषणा का स्वागत

वाराणसी। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष शशिकांत श्रीवास्तव ने प्रदेश के बजट में संविदाकर्मियों का मानदेय बढ़ाने और फ्री इलाज की घोषणा का स्वागत किया है। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री योगी ने संविदा और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को हर महीने न्यूनतम 16000 से 18000 रुपये का मानदेय दिए जाने की घोषणा स्वागत योग्य कदम है। उन्होंने रिक्त पदो पर पारदर्शी भर्ती किये जाने के लिए आउटसोर्सिंग भर्ती निगम बनाये जाने पर असंतोष जाहिर करते हुए कहा कि सर्वप्रथम जो संविदा और आउटसोर्सिंग कर्मचारी विभिन्न विभागो में कार्य कर रहे हैं, उनको नियमित किया जाय।

# इकसठ श्रद्धालुओं से भरी बस हादसे का शिकार होने से बची

## राजघाट पुल की ढलान पर बस बैरिकेडिंग से टकराई

रामनगर। थाना क्षेत्र के राजघाट पुल पर शुक्रवार की भोर लगभग तीन बजे उस समय अफरातफरी का माहौल उत्पन्न हो गया, जब आदमपुर की तरफ से उड़ीसा के श्रद्धालुओं से भरी बस मालवीय पुल से होते हुए पड़ाव की तरफ आ गई। पुल पर भारी वाहनों के पूर्णतः प्रतिबंध के बावजूद आई बस बड़े वाहनों को रोकने के लिए ढलान पर लगे लोहे की बैरिकेडिंग से टकराने से दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसें में लगभग चार श्रद्धालु को अंदरूनी चोट आई, जबकि छह यात्री को हल्की खरोंच आई। घटना के बाद बस का चालक भाग गया। पुलिस ने बताया कि बस में कुल 61 लोग सवार थे। घायल तीर्थ यात्रियों में जवान बूढ़े बच्चे शामिल हैं। मौके



पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस से नगर स्थित लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सालय में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी श्रद्धालु चले गए। चर्चा थी कि नमो घाट की ओर से बस को पुल पर आने से रोका गया होता तो यह घटना नहीं हुई होती। पुलिस बूथ भी पुल के पहले लगाया गया था, लेकिन उसकी हरकत नदारद रही। ये जांच का विषय है कि बस राजघाट पुल पर कैसे पहुंची जबकि बड़ी बसों का जाना प्रतिबंधित है।

**चोलापुर में अज्ञात युवती का शव मिला : चोलापुर।** थाना क्षेत्र के उदयपुर तारापुर गांव में अखाड़ा के पास एक अज्ञात 24 वर्षीया युवती का शव पुलिस ने बरामद किया। वहीं चोलापुर पुलिस और एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की जांच के अलावा मौके से साक्ष्य को इकट्ठा किया। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दी। इसके साथ ही शव की पहचान में जुट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवती की कहीं हत्या कर शव को यहां फेंका गया है।

